10. *Ep. Ind.*, Vol. V, p. 209.

    Bhojadeva I ascended the throne with a son young enough to be hisheir-apparent, and when he died after a long reign of more than half a century, this crown prince named Nāgabhaṭa (III) either predeceased him or was himself too old to rule. That is why the genealogical lists in the records of the later Pratīhāras ignore him completely, Cf. B.N. Puri, *The History of the Gurjara Pratīhāras*. Delhi : Munshiram Manoharlal, 2nd rev. edn; 1986, p. 97.
11. B.N. Puri, *op cit.*, p. 165.
12. *Ep. Ind.*, Vol. XIX, p. 58.
13. P.Bhatia, *The paramāras*, Delhi : Munshiram Manohar Lal,.1970, p. 213.
14. सम्भलग्राममुख्यस्य ब्राह्मणस्य महात्मनः /
    भवने विष्णुयशसः कल्किः प्रादुर्भविष्यति// *Bhāgavata Purāṇa*, XI. 12.18.
15. *Āin-i-Akbarī*, Vol. II, tr. H.S. Jarrett, New Delhi : Atlantic publishers and Distributors, 1989, repr., p. 285.
16. *ibid.*, p. 295.
17. H.R. Nevill, *District Gazetteer of the United Provinces of Agra and Oudh : Moradabad*, Allahabad : Govt. Press, 1911, p. 92.
18. *Āin-Akbarī*, Vol. II, p. 295.
19. H.R. Nevill, *District Gazetteer of the U.P. of Agra and Oudh : Badaun*, Allahabad : Govt. Press, 1907 p. 205.

20. K.D. Bajpai, *Ahicchatrā*, Mathura, 1956, pp. 10-16.
21. *ibid.*, p. 11.
22. *Ep. Ind.*, Vol. IV, p. 211, line 7.
23. *Journal of the U.P. Historical Society* (New Series), Vol. II, pt. 2, 1954, pp. 77-78.
24. B.N. Puri, *Op. cit.*, p. 162.
25. Expressed by a Symbol
26 It is *(a) no* meaning (bullock) carts, but has been wrongly read as *nau* (boats/ships) in other Pratīhāra records.
27. Read *Parama*

□ □ □

परिवर्तनाङ्कित वाक्यसाधक व्याकरण और संस्कृत भाषा

प्रो० वामन केशव लेले

पुणे

The written or literary language, though similar to spoken language is not the same completely. In order to analyse the former, certain linguists of west have propounded a new branch of grammar called Transformational Grammar. The author in this paper has attempted to analyse the extent up to which this transformational grammar can prove helpful in the study and analysis of the Sanskrit language.

१. साहित्यिक भाषा की असाधारणता

मानव स्वनिर्मित भाषा की सहायता से विचार करना, बोलना, सुनना, लिखना एवं पढ़ना पाँच कार्य करता है। इनमें से विचार करना अन्य चारों कार्यों के मूल में होता है। बोलना एवं सुनना मनुष्य की भाषा के प्रधान कार्य होकर लिखना एवं पढ़ना सापेक्षतया गौण कार्य हैं। मनुष्य अपने नानाविध मनोगतों के प्रकटन के लिए अनेक बार भाषा के 'लिखित' रूप का- प्रयोग करता है। साहित्य की भाषा दैनिक व्यावहारिक भाषा के समान होने पर भी पूर्ण रूप से तत्समान नहीं होती। ऐसी भाषा की मीमांसा करने हेतु पश्चिमी भाषाविदों ने परिवर्तनाङ्कित वाक्यसाधक व्याकरण को सिद्ध किया है। संस्कृत भाषा के विश्लेषण एवं अध्ययन में उस व्याकरण की सहायता कहाँ तक हो पाती है, यह देखना प्रस्तुत निबन्ध का उद्देश्य है।

२. परिवर्तनाङ्कित वाक्योत्पादक व्याकरण की मान्यताएँ

उपर्युक्त व्याकरण को **डर्बीशायर** प्रभृति भाषाविद् transformational grammar[१] कहते हैं, तो **हण्ट** प्रभृति अन्य भाषाविद् generative transformational grammar[२] कहते हैं। इस व्याकरण की सर्वप्रथम बुनियादी मान्यता यह है कि, मनुष्य को अपने अभिप्राय की यथावत् एवं परिपूर्ण अभिव्यक्ति के लिए शब्द (संस्कृत परिभाषानुसार 'पद') मात्र पर्याप्त नहीं

---

१. ए. ई. डर्बीशायर, *ए ग्रामर ऑफ स्टाइल (जी. एस.)*, लन्दन, आन्द्रे डॉयच, १९७१, पृ. ६७।

२. के. डब्ल्यू. हन्ट, 'हाउ लिटिल सेन्टेन्सेज ग्रो इन्टू बिग वन्स', *ऐन इन्ट्रोडक्शन टु ट्रान्सफार्मेशनल ग्रामर्स (आई. टी. जी.)* सम्पा. ई. बाख, १९६४, पृ. १७१।

होते; वह अभिव्यक्ति शब्दसाधित वाक्य द्वारा होती है और इसलिए वाक्य ही भाषा का मूलभूत एकक है। इस मान्यता का प्रतिपादन डर्बीशायर ने यों किया है :

(i) "Two points deserve to be noticed. The first is that in analysing sentences we discover that our traditional notion of what is meant by the word **word** is not very helpful. The simple truth is that there are not enough words in the language to enable us to say all that we want. Consequently we have to make structures of words inside sentences, and these structures, though comparatively loose in one sense, behave as if they were stabilized elements like those entities we traditionally call words. They behave, that is, as if they were the sorts of things we could go and look up in a dictionary"[३]

प्रस्तुत उद्धरण में प्रयुक्त 'structures of words' शब्दों का स्पष्टीकरण कर्तव्य है, शेष विचार स्वयं स्पष्ट हैं। यदि हम 'दशरथ के पुत्र, भरत के बड़े भाई एवं सीता के पति राम वन में गये' अभिप्राय को व्यक्त करना चाहते हैं तो हमें 'दशरथपुत्रः भरताग्रजः सीतापतिः' शब्दबंध 'रामः वनं जगाम' के पूर्व रखने पड़ते हैं।

इस प्रकार के कितने शब्दबंध संभव हैं इसका बोध परंपरागत व्याकरण से नहीं हो पाता; वह बोध उक्त परिवर्तनांकित व्याकरण से हो पाता है; इस व्याकरण द्वारा किसी एक बुनियादी शब्दबंध को विविध नियम लागू करने पर उसके कितने रूपान्तरण या परिवर्तन हो सकते हैं, यह स्पष्ट होता है; पारंपरिक व्याकरण में जिन तथ्यों का प्रतिपादन कुछ सन्दिग्ध सा प्रतीत होता है, प्रस्तुत व्याकरण उन्हें सुतरां विशद कर देता है; इसलिए विशेषरूपेण साहित्यिक भाषा के विश्लेषणात्मक अध्ययन में इस व्याकरण की सहायता एवं उपयुक्तता बहुत है, यह भाषाविदों की एतद्विषयक दूसरी बुनियादी मान्यता है, जिसका निरूपण डर्बीशायर ने निम्नोद्धृत शब्दों में किया है :

(ii) ".... The kinds of things that we want to say are the kinds of things that our society demands, positively, negatively or with assumed neutrality, that we should say. Therefore, our society has made for us institutionalized and semi-institutionalized ways of saying whatever we think should be said. We also have to acknowledge a need to embellish the basic forms with modification which helps us to define and clarify,

३. *जी. एस पृ. ८४*

to particularize and to make specific. We need also the management of a great deal of adverbial qualification, for not only do we have to say or be told that things exist and happen, but we also want to say or be told when, where, how and why."[४]

मानवनिर्मित प्रत्येक भाषा व्यक्ति-विशेष की न होकर संबंधित मानवसमाज या मानवसमूह की होती है। मनुष्य को आवश्यकतानुसार सकारात्मक, नकारात्मक या तटस्थ विधान करने पड़ते हैं। इस दृष्टि से भाषा एक मानवीय संस्था है। मनुष्य को अपने मनोगत भावों/विचारों को सूक्ष्मतया सुस्पष्ट करने या उनका विवरण देने की समयानुसार आवश्यकता पड़ती है। क्योंकि उसे अपने अभिप्राय में 'कब', 'कहाँ', 'कैसे', 'क्यों', आदि रंगविशेष उतारने पड़ते हैं। तभी उसके अभिप्राय की अभिव्यक्ति प्रभावशाली एवं सजीव बनती है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए मूलभूत शब्दबंध के विविध एवं वैचित्र्यपूर्ण रूपान्तरणों/परिवर्तनों की सहायता लेनी पड़ती है। इस कार्य का बोध प्रस्तुत निबंध में विवेच्य नया व्याकरण कराता है।

३. प्रस्तुत व्याकरण की विशेषताएँ

साहित्यिक भाषा के शैलीय अध्ययन के सन्दर्भ में प्रस्तुत नये व्याकरण की तीन विशेषताएँ भाषाविदों द्वारा बतलायी गयी हैं। उनमें से प्रथम विशेषता का वर्णन ओहमन ने निम्नलिखित शब्दों में किया है।

(i) "In the first place, a large number of transformations are optional."[५]

एक उदाहरण लेकर इसे स्पष्ट करते हैं। 'उद्यमात् विभवः प्रभवति।' वाक्य का आशय विविध शब्दबंधों द्वारा, बिना किसी हानि के, यों भी व्यक्त किया जा सकता है :

"उद्यमाद्विभव उत्पद्यते-सञ्जायते।; उद्यम विभवाय कल्पते-भवति-जायते।; उद्यमो विभवस्य कारणं-हेतुः।; उद्यमप्रभवो विभवः।; उद्यमेन नरो विभवं याति-विभवयुतो भवति।; उद्यमी नरो विभवसंपन्नो भवति।; उद्यममवलम्ब्य नरो विभवं याति।; उद्यमपरेण नरेण (प्रायः) विभवयुतेन भाव्यम्।_उद्यमबीजाद् विभवाङ्कुरः प्ररोहति।"[६]

---

४. *वही*, पृ. ८६।

५. आर ओहमन, 'जेनेरेटिव ग्रामर्स एण्ड दि कान्सेप्ट ऑफ लिटरेरी स्टाइल' *रीडिंग्स इन एप्लाइड ट्रान्सफार्मेशनल ग्रामर* (ए टी. जी.) सम्पा. एम लेस्टर, न्यूयार्क, १९७०, पृ. १२५।

६. वी. एस. आप्टे, *दि स्टूडेन्ट्स गाइड टु संस्कृत कम्पोजीशन* (जी. एस. सी.), पूना, १९वाँ संस्करण, १९४७, पृ. २७४।

इनमें से किसी भी एक परिवर्तन का प्रयोग करने की स्वतन्त्रता है, किसी विशिष्ट परिवर्तन का प्रयोग करने का प्रतिबन्ध नहीं। अर्थात् उक्त परिवर्तन वैकल्पिक हैं यह **ओहमन** का कथन है।

इस सन्दर्भ में सभी मानवीय भाषाओं में दृग्गोचर होने वाली एक विशेषता यह है कि, हर एक वाक्य में प्रकट एवं अप्रकट दो संघटनाएँ रहती हैं, जैसा कि **जेकब्ज** एवं **रोझेनबॉम** कहते हैं:

(ii) "Perhaps the most important fact about the sentences of human languages is that **all sentences have both a deep structure and a surface structure**"[७]

उदाहरणार्थ, 'इदं अभिनवं पुस्तकं पठनीयम् अस्ति।' वाक्य में 'इदं अभिनवं पुस्तकम्' प्रकट शब्दबंध के गर्भ में 'इदं पुस्तकं अभिनवं वर्तते' संपूर्ण वाक्य है। किन्तु वह अप्रकट या प्रच्छन्न है, इसे ही deep structure कहते हैं, और उक्त प्रकट शब्दबंध ('इदं अभिनवं पुस्तकम्') को Surface structure कहते हैं। यहाँ संपूर्ण वाक्य का शब्दबन्ध में रूपान्तरण हुआ है, यही परिवर्तन का प्रकार्य या लक्षण है, जिसकी व्याख्या उक्त लेखकद्वय ने इन शब्दों में की है :

"Transformations have been defined as those processes which convert deep structures into intermediate and/or surface structures."[८]

लेकिन इस परिवर्तन की खूबी यह है कि, प्रकट शब्दबंध से प्रच्छन्न शब्दबंध की पुनःप्राप्ति हो सकती है। जैसे, उपर्युक्त उदाहरणं में 'इदं अभिनवं पुस्तकं' प्रकट शब्दबंध से 'इदं पुस्तकं अभिनवं वर्तते' प्रच्छन्न शब्दबंध पुनः पाया जा सकता है। अर्थात्, प्रच्छन्न शब्दबंध पुनःप्राप्य है और उसका अर्थ प्रकट शब्दबंध में बरकरार रहता है। इन्हीं तथ्यों को उक्त लेखक-द्वय ने यों स्पष्ट किया है:

(iii) "Transformations are, you should remember, meaning preserving. This implies that the deep structure is not lost, that it is still traceable, or as it is sometimes worded that the deep structure is **recoverable**"[९]

---

७. आर ए जेकोब्स एण्ड पी. एस. रोझेनबॉम, *इंग्लिश ट्रान्सफार्मेशनल ग्रामर* ई. टी. जी. वाल्थम, ब्लाएसडेल पब्लिशिंग कम्पनी, १९६८, पृ. १७।

८. *वही*, पृ. २३।

९. *वही*, पृ. ७४।

परिवर्तन की प्रक्रियाएँ

उपरिवर्णित परिवर्तनों की कतिपय प्रक्रियाएँ हैं, या यों कहिये कि, उक्त परिवर्तनों के समय कुछ प्रक्रियायें (operations) होती हैं, जिनकी संख्या के विषय में शैलीविमर्शकों में मतभिन्नता पायी जाती है। जैसे, **जेकब्ज** और **रोझेनबॉम** तीन ही प्रक्रियाएँ मानकर उनके विषय में निम्न शब्दों में विवेचन करते हैं :

(i) "There seem to be at least three different kinds of elementary transformations which can be used in the formulation of a particular transformation :

1. Adjunction. 2. Substitution. 3. Deletion.

Within these transformation types there are probably subtypes"[१०]

अर्थात्, किसी भी प्रच्छन्न शब्दबंध के रूपान्तरण में संपृक्तीकरण, अन्य समावेशन एवं वर्जन तीन प्रक्रियाएँ संभव हैं। इन तीन प्रमुख प्रक्रियाओं के उपप्रकार हो सकते हैं।

ओहमन की दृष्टि से निम्नलिखित चार प्रक्रियाएँ होती हैं :

(ii) "There are four possibilities : addition, deletion, reordering, and combination."[११]

अर्थात्, वर्द्धन, वर्जन, क्रमपरिवर्तन एवं मिश्रण चार प्रक्रियाएँ हो सकती हैं। इस प्रकार **ओहमन** ने **जेकब्ज-रोझेनबॉम** की प्रक्रिया-संख्या में वृद्धि करने के अलावा नये स्वरूप की प्रक्रियाओं की भी कल्पना की है।

बाख़् का इस सन्दर्भ में विवेचन इस प्रकार है :

(iii) "A rule of grammar may perform any of the following operations.

deletion	:	a+b→b (or a→null)
replacement	:	a→b
expansion	:	a→b+c
reduction	:	a+b→c
addition	:	a→a+b
permutation	:	a+b→b+a"[१२]

---

१०. *वही, पृ. २६।*

११. *ए टी. जी., पृ. १३५।*

१२. *आई टी. जी., पृ. ७०।*

बाख़् (Bach) ने वर्जन, समानार्थक शब्दयोजन, विस्तार, संक्षेप, वर्द्धन एवं रचनान्तरण छः प्रक्रियाओं का पुरस्कार किया है।

उक्त तीन सूचियों में कुछ प्रक्रिया संज्ञाएँ सर्वसमान (common) हैं, उन्हें पृथक् करने के पश्चात् निम्नलिखित दस प्रक्रियाएँ बचती हैं :

Addition, Adjunction, Combination, Deletion, Expansion, Permutation, Reduction, Reordering, Replacement और Substitution.

ये प्रक्रियाएँ हर किसी भाषा में संभव हैं, अर्थात् संस्कृत भाषा में भी संभव हैं। इसलिए अब संस्कृत में ये किस स्वरूप में दृष्टिगोचर होती हैं, इसे उदाहरणों के साथ देखें। उक्त क्रम से ही इनका परामर्श करेंगे।

५. वर्द्धन Addition :

पश्चिमी भाषाविदों ने इस प्रक्रिया के ध्वनिविचलित रूप, क्रियाओं के कालदर्शक रूप, एक से अधिक कर्तृवाचक पंद, आवृत्तियुक्त शब्दबंध, विशेषणों एवं क्रियाविशेषणों का संख्याधिक्य आदि स्वरूपों का वर्णन किया है। इस पृष्ठभूमि पर अब संस्कृत भाषागत रूपों का विचार करेंगे।

(i) संज्ञाओं का संख्याधिक्य : गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः। यथा काष्ठं च काष्ठं च। वृक्षं वृक्षं सिञ्चति। शैले शैले न माणिक्यं मौक्तिकं न गजे गजे। चन्दनं न वने वने। सम्भवामि युगे युगे। वसुधायाः कणे कणे घटिकायाः क्षणे क्षणे मधुधारा वर्षति।

(ii) सर्वनामों का संख्याधिक्य : अन्यः करोति अन्यो भुङ्क्ते। मनसि अन्यद् वचसि अन्यत्। कार्यं अन्यद् दुरात्मनाम्। अन्यद् वेदेभ्यः सम्भूतम्, अन्यद् अग्नेर् उद्भूतम्, अन्यत् पवनात् प्रसूतम्, अन्यद् अमृताद् उन्मथ्य मानाद् उत्थितम्, अन्यज् जलाज् जातम्, अन्यद् अर्ककिरणेभ्यो निर्गतम्, अन्यत् सौदामिनीतः प्रवृत्तम्। तेषु तेषु स्थानेषु। क्रियते यद् यद् एषा कथयति। यो यः शस्त्रं बिभर्ति क्रोधान्धस्तस्य तस्य...। यं यं पश्यसि तस्य तस्य पुरतो मा ब्रूहि दीनं वचः।

(iii) विशेषणों का संख्याधिक्य : भरताग्रजः कौसल्यानन्दवर्द्धनः अखिलजनप्रियः दशरथपुत्रः ससीतालक्ष्मणः रामः वनं जगाम। अहं सौख्यनिकेतनं नगरभूषणं च अनेकरक्षिपरिवृतं मगधाधिपस्य विशालं प्रासादं अपश्यम्। तं यथा कृपयाविष्टं अश्रुपूर्णाकुलेक्षणं विषीदन्तं...।

(iv) वचनों का संख्याधिक्य : अभिप्राय एकवचन का होकर भी दाराः, आपः, वर्षाः, सिकताः, असवः, प्राणाः, आदि शब्द नित्य बहुवचन में प्रयुक्त होते हैं। इति शंकराचार्याः, इति श्रीपादमहोदयाः आदि में बहुवचन प्रतिष्ठाद्योतक होता है। 'वयं सखीगतं पृच्छामः' में

प्रयुक्त बहुवचन वक्ता का उन्नत स्थान दर्शाता है। कलिंगाः, लाटाः आदि देशवाचक शब्द तथा रघूणां अन्वयः, गुणाः पूजास्थानं, आर्यमिश्राः प्रमाणम् आदि प्रयोग भी बहुवचनान्त हैं।

(v) **क्रियापदों में वर्द्धन** : यात यातेति याथ। अधीष्व अधीष्व इति अधीते। याहि याहीति याति। क्रोधं प्रभो संहर संहरेति। 'विरम विरम वह्ने। पौनः पुन्यार्थक धातुओं के जाज्वल्यते, तेतीर्यते, दन्दह्यते, दादाति, पापाति, यायजीति, लोलुभीति, शोशुभीति आदि रूपों में तथा पौनः पुन्यार्थक धातुसाधित देदीप्यमान, जाज्वल्यमान आदि विशेषणरूपों में भी वर्द्धन प्रतीत होता है।

(vi) **अव्ययों का संख्याधिक्य** : स कथं कथमपि मुक्तः। हा हन्त हन्त नलिनीं गज उज्जहार। न खलु न खलु बाणः संनिपात्योऽयमस्मिन्। न खलु न खलु मुग्धे साहसं कार्यमेतत्। स्वप्नो नु माया नु मतिभ्रमो नु। स्वपाठान् पुनः पुनर्वाचय। यत्र यत्र धूमः तत्र तत्र वह्निः।

(vii) **णमुल् जैसे विशिष्ट रूपों में वर्द्धन** : स्मारं स्मारं नमति शिवम्। श्रावं श्रावं चण्डवर्मा युद्धाय उद्यतो बभूव। स पायं पायं दुग्धं तुतोष। सा दर्शं दर्शं चित्रं आनन्दम् अन्वभवत्।

(viii) **प्रास्ताविक स्वरूप में शब्दाधिक्य** : 'अथ शक्तोऽसि भोक्तुम् ?' में 'अथ' शब्द अधिक है।

उक्त प्रकार के और असंख्य उदाहरण दिये जा सकते हैं। किन्तु उक्त उदाहरणों से प्रक्रिया का स्वरूप स्पष्ट होगा।

६. संपृक्तीकरण Adjunction

इस प्रक्रिया में स्वरों तथा व्यंजनों को एक दूसरे के निकट लाकर एकत्रित (सम्मिलित) किया जाता है, तथा एक ही शब्द में दो या दो से अधिक अर्थों का विलय किया जाता है। अब इसके उदाहरणों को देखें।

(i) **संधि** : दिव्य + आश्रमः = दिव्याश्रमः, अथ + एकदा = अथैकदा, तृणानि + अत्ति = तृणान्यत्ति, इति + एके = इत्येके, मुनेर् + आश्रमः = मुनेराश्रमः, वनम् + इयाय = वनमियाय आदि सभी स्वर-व्यंजन-संधियों का विचार इस प्रक्रिया के अन्तर्गत होता है।

(ii) **श्लेष** :

'छायावन्तो गतव्यालाः स्वारोहाः फलदायिनः।
मार्गद्रुमा महान्तश्च परेषामेव भूतये॥' (भामहालंकार ३/१८)

इस पद्य में छायावन्तः = छाँह देनेवाले और द्युतिमान्; गतव्यालाः = सर्पों से रहित और दुष्टों के सम्पर्क से रहित; स्वारोहाः = सुखपूर्वक चढ़ने योग्य और सुप्राप्य; फलदायिनः

= फल देनेवाले और आश्रितों के उपकारी, इस प्रकार से अर्थ हैं। प्रत्येक श्लिष्ट शब्द में दो अर्थ एक दूसरे में मानों विलीन हो गये हैं। 'श्लेष' के सभी उदाहरण प्रस्तुत प्रक्रिया के निदर्शक हैं।

७. मिश्रण Combination

इस प्रक्रिया में नामधातु, समास, 'च' कार एवं तदर्थक से एकाधिक शब्दों एवं वाक्यों को जोड़ना, 'च' कार का प्रयोग वर्जित कर वाक्यों को जोड़ना आदि विधाएँ सम्मिलित हैं। इसके उदाहरणों का अब अवलोकन करें।

(i) नामधातु : गुण–गुणायते (गुणः भवति), गरुड–गरुडायते (गरुडः भवति), विष–विषायते (विषं भवति), कलह–कलहायते (कलहं करोति), पितृ–पितरति (पिता इव आचरति), पुत्र–पुत्रीयति (आत्मनः पुत्रं इच्छति), मन्द–मन्दायते (मन्दः भवति), धवल–धवलयति (धवलं करोति), अप्सरायते, कण्डूयते, करुणायते, चिरयति, द्रढयति, वैरायते इत्यादि रूप इस प्रक्रिया में विचारणीय हैं।

(ii) समास : यह संस्कृत भाषा की सर्वोपरि विशेषता है। समास संस्कृत भाषा का मानों प्राण है। शायद ही ऐसा कोई वाक्य हो, जिसमें समास का प्रयोग न किया गया हो। संक्षेप में, समास संस्कृत भाषा की सर्वप्रसिद्ध एवं सर्वपरिचित प्रवृत्ति है। इसलिए चक्रपाणि, राजकार्य, त्रिभुवन, अपुत्र, कमलाक्षः, लक्ष्मीकान्त, इन्द्रशत्रु आदि सामासिक शब्दों की गिनती करना व्यर्थ है।

(iii) चकारादि से शब्दों एवं वाक्यों को जोड़ना : विद्वत्वं च नृपत्वं च नैव तुल्यं कदाचन। आयुः कर्म च वित्तं च विद्या निधनमेव च। समाहारे द्वन्द्वेऽपि भवति आनन्दोऽपि भवति। पापः खलु सन्तापस्य विलापस्य अपलापस्य च हेतुर्भवति। वर्ष वा गर्ज वा शक्र मुञ्च वा शतशोऽशनिम्। किं धर्मोपदेशाङ्गं इदं उत मोक्षप्राप्तिः इयं आहोस्विद् अन्यः कश्चिन्नियमप्रकारः। ऋषीणां पुनराद्यानां वाचमर्थोऽनुधावति। योगो भोगो वा उद्योगेनैव सिद्ध्यति।

(iv) चकारादि का प्रयोग वर्जित कर शब्दों या वाक्यों को जोड़ना : मुद्रां परिपालयन् उद्घाट्य दर्शय। विधवानां पुनरुद्वाहः शास्त्रप्रतिषिद्धः इत्येके शास्त्रविहितः इत्यपरे। विदुषाम् अहङ्कारः विद्यार्थिनां शृङ्गारः मुनीनां विकारः अशोभनीयो भवति। दुर्जनाः सत्कारस्य कृतघ्नाः उपकारस्य मूल्यं न जानन्ति।

यौवनं धनसम्पत्तिः प्रभुत्वमविवेकिता।
एकैकमप्यनर्थाय किमु यत्र चतुष्टयम्॥

जाड्यं धियो हरति सिञ्चति वाचि सत्यम्। मानोन्नतिं दिशति पापमपाकरोति।
चेतः प्रसादयति दिक्षु तनोति कीर्तिम्। सत्सङ्गतिः कथय किं न करोति पुंसाम्॥

इस प्रक्रिया के असंख्य उदाहरण प्राप्य हैं। विस्तार करना अनावश्यक है। इस लिए क्रमागत प्रक्रिया की ओर मुड़ेंगे।

८. वर्जन Deletion

इस प्रक्रिया में सामान्यार्थक तथा आज्ञार्थक वाक्यों में शब्दवर्जन, प्रश्नोत्तरों में संपूर्ण वाक्य का वर्जन, आदि का परामर्श किया जाता है। संस्कृत भाषा में इस प्रक्रिया के सूक्ष्म एवं विविध स्वरूप दिखायी देते हैं, जैसे :

(i) **प्रत्ययवर्जन** : मा एवं मास्म अव्ययशब्दों के बाद प्रयुक्त होने वाले तृतीय भूतकाल के रूपान्तर्गत आगम 'अ' का वर्जन होता है। उदाहरण के लिए, 'वयस्य, मा कातरो भूः।' वाक्य में वस्तुतः क्रियारूप 'अभूः' है, किन्तु उसमें से 'अ' का वर्जन हुआ है। इसी प्रकार से 'भर्तुर्विप्रकृतापि रोषणतया मास्म प्रतीपं गमः, में गमः पूर्व 'अ' का वर्जन है।

(ii) **विसर्गवर्जन** : सः सविनयम् अवदत्–स सविनयम् अवदत्। गोविन्दः इत्येको–गोविन्द इत्येको। मन्दादरः आसीत्–मन्दादर आसीत् इत्यादि।

(iii) **शब्दवर्जन** : उद्धतेषु अनुनयः वृथा (भवति)। (भवान्) अपनयतु नः कुतूहलम्। विद्वान् (नरः) सर्वत्र पूज्यते। अविवेकः परमापदां पदम (अस्ति)। मातले, कतमस्मिन् प्रदेशे मारीचाश्रमः (विद्यते)। अतिपरिचयाद् अवज्ञा (भवति)। गोपाः कृष्णं उभयतः (सन्ति)। प्रद्युम्नः कृष्णात् प्रति (वर्तते)। वारीणां निधिः उदधिः (कथ्यते)। (द्वयोः) वीरयोः युद्धं जातम्। कामः जृम्भितगुणः नवयौवनं (जृम्भितगुणं) च, इत्यादि।

(iv) **आज्ञार्थक वाक्य** : इनमें कर्तृवाचक शब्दों का वर्जन होता है। उदाहरण के लिए, शृणुत रे पौराः (यूयम्)। परित्रायध्वम् (यूयम्)। हा प्रियसखि, (त्वं) क्वासि, देहि मे प्रतिवचनम्। (त्वं) भज क्षमाम्। (त्वं) परमार्थेव ग्रह। (त्वं) जहि मदम्, इत्यादि।

(v) **प्रश्नोत्तरों में** सम्पूर्ण वाक्य का वर्जन होता है। जैसे,

प्रश्न : कुतो भवान् ?
उत्तर : पाटलिपुत्रात् (आगतोऽस्मि)।

प्रश्न : चेट, प्रवहणं आगतम् ?
उत्तर : अथ किम् ? (प्रवहणं आगतमेव।)

प्र. किं नाम दण्डका इयम् ?
उ. (सर्वतो विलोक्य) आम्।

प्र. कं भोजयसि ?
उ. दीनम् (भोजयामि)।

राजा : एनं तत्रभवतः सकाशं प्रापय।
प्रतिहारी-तथा।

९. विस्तार Expansion

पश्चिमी विचारकों के अनुसार 'विस्तार' में उद्देश्यविस्तार, विधेयविस्तार, अलग-अलग वाक्यों की योजना, उपमा का प्रयोग आदि का अन्तर्भाव होता है। उदाहरणार्थ,

(i) **उद्देश्यविस्तार :** कर्तृवाचक का सविशेषण वर्णन करना, जैसे पुण्यवर्मा नाम राजा आसीत्–भोजवंशभूषणं, सम्भावयिता बुधान् पुण्यवर्मा...।

वसन्तसमयः समाजगाम–रसिकमनांसि समुल्लासयन् वसन्तसमयः समाजगाम।

(ii) **विधेयविस्तार :** त्वं अधुना यासि–त्वं अधुना सत्वरं कुत्र यासि। राजा अमात्यं प्रोवाच–राजा शास्त्राध्ययनकठोरधियं अनुरंजितसकलप्रजाजनं सुरगुरोः प्रत्यादेशं स्वममात्यं प्रोवाच।

त्वं ह्यः कुत्र अगच्छः ?–त्वं ह्यः स्ववेश्मनः निष्क्रम्य किङ्करेण सार्धं अतिचटुलया गत्या कुत्र खलु अगच्छः ?

पान्थः भुजङ्गं ददर्श–असौ कृष्णवर्णः दण्डपाणिः शुभ्रवस्त्रावृतः पान्थः ग्रामान्तरं गच्छन् अध्वश्रमार्तः कथमपि पदानि न्यस्यन् अनाक्रान्ते एव अर्धपथे कंचिद् बृहत्कायं प्रसारितफणं श्यामदेहं भुजङ्गं यदृच्छया तरुतले ददर्श। इस वाक्य में उद्देश्य तथा विधेय दोनों का विस्तार दिखायी देता है।

प्रस्तुत विधेयविस्तार काल-स्थल-रीति-कार्यकारणभाव-दर्शक शब्दों या शब्दबंधों द्वारा साध्य है।

(iii) **सूचित अर्थ की साक्षात् शब्दोक्ति :** 'यद् भावि तद् भवतु।' वाक्य अपने आप में अर्थदृष्ट्या स्वयंपूर्ण है, तथा उससे 'चाहे शुभ हो, चाहे अशुभ हो' अर्थ प्रयुक्त शब्दों से अपने आप प्राप्त होता है, उसे साक्षात् शब्दों में कहने की आवश्यकता नहीं। लेकिन कभी-कभी बोलनेवाला लिखनेवाला 'शुभं अशुभं वा' शब्दावली को मूल वाक्य के साथ जानबूझ कर जोड़ देता है। यह विस्तार का ही एक आयाम है।

(iv) **अलग अलग वाक्यों द्वारा अर्थप्रकटीकरण :** जैसे, मूल वाक्य है :

गुणदोषौ बुधो गृहणन् इन्दुक्ष्वेडौ इवेश्वरः।
शिरसा श्लाघते पूर्वं परं कण्ठे नियच्छति॥

अब अलग-अलग वाक्यों द्वारा अर्थ का विस्तार : शिव इन्दुं विषं च द्वे अपि स्वीकरोति किन्तु इन्दुं शिरोधारणपूर्वकं प्रशंसति विषं च स्वकण्ठे नियच्छति एवं प्राज्ञो नरः कस्यचित्ररस्य गुणं दोषं उभौ अपि गृह्णाति। किन्तु गुणं ग्रीवान्दोलनपूर्वकं श्लाघते दोषं तु स्वकण्ठे नियम्य तन्नाममात्रमपि विलोपयति। मूलवाक्य है: 'अयं अविसंवादितया अनुभूयमानः सुखदुःखव्यतिकरः नानाकारो विचित्ररूपो भवति।' अब इसका विस्तार अलग अलग वाक्यों में देखिये:

'अयं नानाकारो भवति सुखदुःखव्यतिकरः
सुखं वा दुःखं वा न भवति भवत्येव च ततः।

पुनस्तस्मादूर्ध्वं भवति सुखदुःखं किमपि तत्
पुनस्तस्मादूर्ध्वं भवति न च दुःखं न च सुखम्॥[१३]

(v) **उपमा का प्रयोग :** इस प्रक्रिया के लाखों उदाहरण दिये जा सकते हैं, क्योंकि यह एक अत्यन्त लोकप्रिय प्रक्रिया है। जैसे, वपुषोऽन्नमिव ज्ञानं मनसः परिपुष्टये। लावण्यं गुणशून्यं च निर्गन्धं च सुमं समे। भूयांसः सुशिक्षिताः विद्वांसोऽपि माघमासस्य भयङ्करात् शीतादिव संस्कृताद् भयभीता विलोक्यन्ते। दर्पः सर्पदंशः इव नरं नष्टं करोति। सुकुमारा शब्दावली हारावलीव हृदयहारिणी भवति। प्रीतिः नौका इव मनुष्यं तारयति च मारयति च, इत्यादि। इनमें से उपान्त्य वाक्य को लीजिये। वस्तुतः 'सुकुमारा शब्दावली हृदयहारिणी भवति।' इतना ही कथ्य है, किन्तु उसमें सौन्दर्याधान करने हेतु 'हारावली इव' उपमा का प्रयोग किया है, जिससे मूल वाक्य का विस्तार हो गया है। सभी अलंकार प्रस्तुत चर्चेय विस्तार के ही उदाहरण हैं।

१०. रचनान्तरण Permutation

पश्चिमी शैलीविशेषज्ञ इसके अन्तर्गत समानान्तर शब्दबंधों/वाक्यों का परामर्श करते हैं। समानान्तर (Parallel) शब्दविन्यास साम्यार्थबोधक तथा वैषम्यार्थबोधक द्विविध होते हैं। इनकी क्रमशः चर्चा करेंगे।

(i) **अर्थसाम्य :** नियमिता विहाराः परिमिता आहाराः समीक्षिता विचाराः आनन्दप्रदाः भवन्ति। वने नृत्यन्तः मयूराः रणे नृत्यन्तः शूराः करे नृत्यन्तः केयूराः शोभनीया भवन्ति। विद्या क्षणेन वर्धते धान्यं कणेन वर्धते वित्तं पणेन वर्धते। विनययुक्तं ज्ञानं शोभते, प्रेमयुक्तं दानं शोभते, वेगयुक्तं यानं शोभते। मुग्धानां वदनेषु स्निग्धानां नयनेषु विदग्धानां वचनेषु मधुधारा प्रवहति।

(ii) **अर्थवैषम्य :** पदमवतीर्य कलत्रं वृणीत। पदं समारुह्य मित्रं वृणीत। एकापि कलिका उपवनं भूषयति। एकापि गणिका समाजं दूषयति। यौवने भोगः शोभते, स्थविरे योगः शोभते। योगिनो वनाय स्पृहयन्ति, भोगिनो धनाय स्पृहयन्ति। मनः एव मनुष्यं पातयति, मनः एव मनुष्यं उत्थापयति।

उपर्युक्त वाक्य, चाहे साम्यार्थक हो या वैषम्यार्थक हो, रेल की पटरी के समान समानान्तर होते हैं, यह इनकी उल्लेखनीय विशेषता है।

११. संक्षेप Reduction

पाश्चात्य विचारकों ने शब्दसंख्या को घटाना इस प्रक्रिया का स्वरूप माना है, लेकिन संस्कृत भाषा में इसके अनेक पहलू दृष्टिगोचर होते हैं। जैसे :

---

१३. श्रीमद्वामनाचार्यविरचिता काव्यालङ्कारसूत्रवृत्तिः 'कामधेनु' व्याख्यासहित 'विद्याधरी' हिन्दी व्याख्योपेता, व्याख्याकार केदारनाथ शर्मा, द्वितीय संस्करण, वाराणसी, चौखम्बा अमरभारती प्रकाशन, वि.सं. २०३६, पृ. २२.

(i) **पौनःपुन्यार्थक धातु :** किसी क्रिया (कर्म) को 'बार बार करने' अथवा 'अत्यधिक मात्रा में करने' के अर्थ में इन धातुओं का प्रयोग होता है। उदाहरण के लिए, 'वह बारबार करता है' इतना व्यापक अर्थ 'चर्कर्ति' या 'चेक्रीयते' मात्र शब्द से व्यक्त किया जा सकता है, यही संक्षिप्तीकरण है। इस प्रकार के जङ्गमीति, जाज्वलीति, तातरीति, दन्दहीति, देदीयते, देदीपीति, दर्दशीति, बोबुधीति, बोभूयते, यायजीति, वावदीति, वरीवर्ति, इत्यादि रूप प्रस्तुत प्रक्रिया के उदाहरण हैं।

(ii) **पौनःपुन्यार्थक धातुसाधित विशेषण :** जाज्वल्यमान (अत्यधिक तेजस्वी), जंगम्यमान (बार-बार जानेवाला), यायज्यमान (पुनःपुनः याग करने वाला), देदीयमान (विपुल देनेवाला), पेपीयमान (बहुत पीनेवाला) इत्यादि संक्षिप्त रूप व्यापक तथा सूक्ष्मतया विविध अर्थ व्यक्त करने वाले होते हैं।

(iii) **इच्छादर्शक भाववाचक संज्ञाएँ :** 'ज्ञातुम् इच्छा' द्विपदात्मक अर्थ की अभिव्यक्ति के लिए 'जिज्ञासा' मात्र पद पर्याप्त है। संस्कृत में यह एक अनूठी सुविधा है। इसी प्रकार के अन्य शब्द हैं : चिकीर्षा, जिगमिषा, जिगीषा, तितीर्षा, दित्सा, दिदृक्षा, पिपासा, विवक्षा, बुभुक्षा, मुमुक्षा, मुमूर्षा, युयुत्सा, शुश्रूषा इत्यादि।

(iv) **शब्दसंख्या को घटाना :** 'वह आसनपर बैठकर देखता है' हिन्दी वाक्य का अर्थ संस्कृत में 'स आसनात् प्रेक्षते' संक्षिप्त वाक्य द्वारा व्यक्त हो जाता है। इस प्रकार के कुछ और वाक्य देखिये : स पक्त्वा भुक्त्वा स्वपिति (वह भोजन बनाकर खाता है और तब सोता है...) स प्रासादात् प्रेक्षते (वह महलपर चढ़कर देखता है)। सम्प्रवदन्ते ब्राह्मणाः (ब्राह्मण एकसाथ जोर से बोल रहे हैं)। प्रद्युम्नः कृष्णात् प्रति (प्रद्युम्न कृष्ण का प्रतिनिधि है)। इदं पादोदकं भविष्यति (यह जल पाँव धोने के काम में आएगा)। समयः स्नानभोजनं सेवितुम् (स्नान करके भोजन करने का समय हुआ है)।

(v) **णमुल् अव्ययों का प्रयोग :** संस्कृत में णमुल् अव्यय एक बड़ी ही सुविधा है। इन अव्ययों के माध्यम से संक्षेप में बह्वर्थ व्यक्त किया जा सकता है। जैसे, स कन्यादर्शं वरयति (वह देखी हुई सभी कन्याओं का वरण करता है)। स ब्राह्मणवेदं भोजयति (वह सभी ज्ञात ब्राह्मणों को भोजन कराता है)। स यावद्वेदं भुङ्क्ते (वह जितना पाता है, उतना सब खाता है)। स यावज्जीवं अधीते (वह जब तक जीवित है, तब तक पढ़ता है)। स समूलघातं हन्ति (वह जड़ से उखाड़ने के उद्देश्य से घात करता है)।

(vi) **अव्यय या संबोधन मात्र द्वारा वाक्यार्थाभिव्यक्ति :** धिक् तां च तं च (वह स्त्री एवं वह पुरुष दोनों निन्द्य हैं)। शिवाय नमः (मैं शिवजी को प्रणाम करता हूँ)। अलं प्रयत्नेन (प्रयत्न से कुछ भी साध्य होना नहीं है)।

(vii) संक्षिप्त वाक्यरचना : ऋणमुक्तिः महामुक्तिः, मधुरभाषिणः अमृतवर्षिणः। अनासक्तिः पराभक्तिः। अल्पभोजनं दीर्घजीवनम्। अनुशासनपालनं आत्महितसाधनम्। ये वाक्य गणितशास्त्रान्तर्गत समीकरणों (mathematical equations) के समान हैं। विभिन्न शास्त्रीय ग्रन्थों में प्रयुक्त होने वाले 'रीतिरात्मा काव्यस्य', 'विशिष्टा पदरचना रीतिः', 'द्रव्याणि द्रव्यान्तरमारभन्ते', 'गुणाश्च' इत्यादि अल्पाक्षर सूत्र भी वाक्यार्थ के ही प्रतिपादक होते हैं।

१२. क्रमपरिवर्तन Reordering

संस्कृत में यद्यपि वाक्यगत शब्दों का क्रम व्याकरण की दृष्टि से सामान्यतया महत्व नहीं रखता है, तथापि अर्थ की दृष्टि से महत्व अवश्य रखता है। वाक्य में प्रयुक्त शब्दों के अर्थों में एक प्रकार का तार्किक क्रम (logical sequence) अवश्य रहता है, जिसे बरकरार रखना पड़ता है। इस तार्किक क्रम के ही अन्तर्गत बल या जोर (emphasis) का विचार कर्तव्य होता है। लेखक किसी विशेष अर्थ या अर्थांश की ओर पाठकों का ध्यान आकृष्ट करना चाहता है और अपने उस उद्देश्य की पूर्ति के लिए उन विशिष्टार्थक शब्दों की योजना या तो वाक्यारंभ में या तो वाक्यान्त में सोच समझ कर करता है। इसी प्रतिबद्धता से क्रमपरिवर्तन प्रक्रिया नियंत्रित है। अब उसके उदाहरण देखें :

(i) एव, नूनं आदि अव्ययों की बल सापेक्ष (emphasis) योजना :

अहं त्वां अपराधिनं मन्ये खलु/एव
नूनं त्वां अहं अपराधिनं मन्ये } = मै तुम्हें निःसंशय अपराधी ही मानता हूँ।

इन वाक्यों में खलु, एव तथा नूनं या तो शुरू में या तो अन्त में रखे जाते हैं।

स असत्यं अभाषत एव
खलु स असत्यं अभाषत } = वह निश्चय ही झूठ बोला।

इन वाक्यों में भी एव तथा खलु आरंभ या अन्त में रखना ही अनिवार्य है।

(ii) नाम, सहसा आदि अव्ययों का वाक्यगत स्थान भी बल-सापेक्ष। उदाहरणार्थ :

सहसा विदधीत न क्रियाम् अविवेकः परमापदां पदम्।

विनीतवेषेण प्रवेष्टव्यानि तपोवनानि नाम। (नाम = इसमें कोई सन्देह नहीं।)

(iii) प्रश्नार्थक अव्यय का प्रयोग वाक्यारंभ में :

अपि एतत् तपोवनम् ?; अपि कुशली ते गुरुः ?; कथं शास्त्राणां परिचयः ?

(iv) अन्य शब्दों का बल सापेक्ष वाक्यारंभ में प्रयोग। उदाहरण के लिए, स्थाने खलु सज्जने दृष्टिः। स्थाने प्राणाः कामिनां दूत्यधीनाः। स्थाने खलु ऋषिजनेन सर्वदमन इति

कृतनामधेयोऽसि। **अस्थाने** द्वयोरपि प्रयत्नः। **न** ववर्ष वर्षाणि द्वादश दशशताक्षः। **मन्दौत्सुक्योऽस्मि** नगरगमनं प्रति। **चपलोऽयं** बटुः कदाचिद् अस्मत्प्रार्थनां अन्तःपुरेभ्यः कथयेत्। इन वाक्यों में अधोरेखांकित शब्दों का यदि स्थानान्तरण किया जाए तो वाक्यगत बल (emphasis) नष्ट होकर वाक्य निर्जीव से हो जाएँगे। जैसे, 'अहं नगरगमनं प्रति मन्दौत्सुक्योऽस्मि।' वाक्य सामर्थ्यहीन एवं निष्प्रभाव है, लेकिन 'मन्दौत्सुक्योऽस्मि नगरगमनं प्रति।' वाक्य में प्राण अतएव प्रभाव है।

(v) **कथा-आख्यायिकादि में 'अस्' एवं 'भू' धातुओं के रूप वाक्यारंभ में।** जैसे,

अस्ति गोदावरीतीरे विशालः शाल्मलीतरुः।

अस्ति मगधदेशशेखरीभूता पुष्पपुरी नाम नगरी।

अभूत् अभूतपूर्वो राजा चिन्तामणिर्नाम।

(vi) **प्रश्नात्मक वाक्यों में प्रश्नपरक अव्यय के न रहने पर विधेय का वाक्यारंभ में प्रयोग :**

जात, अस्ति ते माता स्मरसि वा तातम् ?

स्मरसि च तदुपान्तेषु आवयोर्वर्तनानि ?

(vii) **बल के लिए विधेय से वाक्यारंभ।** उदाहरण के लिए–

भवेयुः तावत् प्राणादयः पञ्चजना माध्यंदिनानाम्।

आस्तां तावत्सर्वमेव इदम्। उत्सर्पिणी खलु महतां प्रार्थना।

कृतं त्वया रामसदृशं कर्म। विरलाः हि तेषामुपदेष्टारः।

(viii) **उत्तर वाक्यखण्ड पर बल देने हेतु क्रमपरिवर्तन।** उदाहरणार्थ,

न केवलं तातनियोग एव अस्ति मे **सोदरस्नेहोऽप्येतेषु**।

पुण्यानि नामग्रहणान्यपि महामुनीनां किं **पुनर्दर्शनानि**।

इस प्रकार से वाक्यगत शब्दों का स्थान बलानुसारी होता है और उस परिस्थिति में व्याकरणिक क्रम को स्वाभाविकतया गौण स्थान प्राप्त होता है। अब इसके बाद की प्रक्रिया का विचार करेंगे।

१३. समानार्थक शब्दयोजना Replacement

विदेशी चिन्तकों ने इसके अन्तर्गत समानार्थक शब्दों तथा शब्दसंहतियों का परामर्श किया है।

(i) **समानार्थक शब्द (Synonyms) :** संस्कृत भाषा समानार्थक शब्दों से समृद्ध है। उदाहरण के लिए 'बोलना' अर्थ में 'ब्राह्मी, भारती, भाषा, गीः, वाक्, वाणी, सरस्वती, व्याहार, उक्ति, लपित, भाषित, वचन और वचस्' इतने शब्द उपलब्ध हैं। इनका संग्रह **अमरकोश** में प्राप्य है।

(ii) **सिद्ध किये गये सामासिक शब्द :** सिद्धहस्त लेखक स्वाभिप्राय की अविकृत एवं परिपूर्ण अभिव्यक्ति के लिए भाषा में उपलब्ध दो शब्दों को जोड़कर एक नया शब्द सिद्ध करता है, जो अभिप्रेत अर्थ का वाहक होता है। जैसे– दुर्गम = दुर्ज्ञेय = दुर्बोध। अनुदिवसं = अनुदिनं = दिने दिने। दुर्गत = दुर्दशापन्न = दुःस्थित। मर्मभिद् = मर्मच्छिद् = मर्माणि कृन्तत्। सविस्तरं = सविस्तरेण = सुविस्तरम्। शून्यमनस्कः = शून्यहृदयः = विगतचेतनः। हतदैवं = दग्धदैवं = दैवहतकं। इत्यादि।

(iii) **समानार्थक शब्दबंध :** प्रभुः/शक्तो मल्लो मल्लाय = प्रभवति मल्लो मल्लाय। स्त्रीणां विश्वासो न कर्तव्यः = स्त्रीषु विश्वासो न कर्तव्यः। त्वं कन्यां वहेः = त्वं कन्याया वोढा = त्वया कन्या वोढव्या। भारं त्वं वहेः = भारस्त्वया वोढव्यः। स फलानि आहर्तुं याति = स फलेभ्यो याति। स वनं गन्तुं गां मुमोच = स वनाय गां मुमोच। तव निर्णये स्थास्यामि = तव निर्णयः प्रमाणम्। इति जनप्रवादः = इति किंवदन्ती = इति श्रूयते = इति प्रवादः। कालक्रमेण = गच्छता कालेन = दिनेषु गच्छत्सु = गच्छति काले। कि कर्तुमुद्यतोऽसि ? = किं कार्यव्यग्रोऽसि ? = किमारंभस्त्वम् ? इत्यादि।

(iv) **समानार्थक शब्दसंहति अथवा वाक्यप्रयोग :** स दैवाधीनः कृतः = यद्भावि तद्भवतु इत्युक्त्वा परित्यक्तः। मम वचसा तस्य हृदयं द्रवीभूतम् = मम वचस्तस्य हृदये दृढं पदं लेभे। स गगनकुसुमानि/ खपुष्पाणि चिनोति = स मनोराज्यविजृम्भणं करोति। समाश्वसिहि = धैर्यं निधेहि हृदये। नृपः तस्यां बद्धभावः/कृतानुरागः = नृपः तस्यां प्रीतिं बबन्ध/भावं बबन्ध। इत्यादि। अब अन्तिम प्रक्रिया का स्वरूपावलोकन करेंगे।

१४. अन्ययोजना (Substitution)

पश्चिमी शास्त्रकारों ने इसके अन्तर्गत एक शब्दसंघटना के स्थान पर अन्य शब्दसंघटना की योजना, उत्तरगर्भ प्रश्न, नकारात्मक शब्दबंध, कहावत या मुहावरे का प्रयोग, रूपकात्मक विन्यास, मानुषीकरण, अन्य भाषाप्रयोग तथा अन्यधर्मारोप का परामर्श किया है। इनका सोदाहरण परिचय इस प्रकार है :

(i) **एक के स्थान पर अन्य शब्दसंघटना :** कर्तरि के स्थान पर कर्मणि रचना; स इत्थं उक्तवान् > तेन इत्थं उक्तम्। भोजः दूतं रघवे विससर्ज > भोजेन दूतो रघवे विसृष्टः। रमा पुस्तकं पठति > रमया पुस्तकं पठ्यते। इत्यादि।

(ii) रचनात्मक विविधता : वह मानों मेरा शरीर ही है > अव्यतिरिक्ता इयं अस्मत् शरीरात्। आप हताश न होवें > मा भवान् अङ्गानि मुञ्चतु। मैं हृदय से कहता हूँ > न परिहसामि। वह सत्कार मेरी अपेक्षा से अतीत था > स सत्कारः मम मनोरथानामपि अभूमिः। भगवान् करें > शान्तं पापम्। राजा को पूर्ण रूप से अवमानित कर > इति राज्ञां शिरसि वामपादं आधाय। मैं बस, अभी आऊँगा > अयं अहं आगच्छामि। समझ लीजिये, मैंने इसे कर डाला > ननु करोमि भोः।

(iii) उत्तरगर्भ प्रश्न : सामान्य व्यवहार में भी हम कई बार अनुभव करते हैं कि, कभी कभी सरल विधान की अपेक्षा प्रश्नात्मक शब्दविन्यास अधिक समयोचित, अधिक प्रभावशाली एवं अधिक हृदयावर्जक होता है; किं बहुना वही अनिवार्य होता है। ऐसे प्रश्न में ही उसका उत्तर निहित होता है। उदाहरण के लिए–

सत्सङ्गतिः कथय किं न करोति पुंसाम् ? किं तया क्रियते धेन्वा या न सूते न दुग्धदा ? कायः कस्य न वल्लभः ? स किं सखा साधु न शास्ति योऽधिपम् ? प्रोद्दीप्ते भवने तु कूपखननं प्रत्युद्यमः कीदृशः ? कृतघ्नानां उपकारस्य लाभः कः ? जनन्याः वात्सल्यस्य शिशूनां चापल्यस्य उत्सवानां मांगल्यस्य सीमा कः ? गन्तारं को निवारयति ? स्थातारं को निस्सारयति ? जनिं विना आख्या का ? मूलं विना व्याख्या का ? मौखिकीनां कथानां लौकिकीनां प्रथानां मानसीनां व्यथानां च अन्तः कः ?

(iv) नकारात्मक शब्दबंध : यह अनुभव की बात है कि, कुछ अवसरों पर या कुछ सन्दर्भों में सकारात्मक वाक्यविन्यास की अपेक्षा नकारात्मक वाक्यविन्यास ही अधिक 'बोलता' एवं स्वाभाविक प्रतीत होता है। उदाहरण के लिए, 'वह कमनीय अवश्य था' ('स कमनीयः आसीद् एव/ खलु' अथवा 'नूनं स कमनीयः आसीत्') वाक्य सार्थक अवश्य है, किन्तु कमजोर है। इसके विपरीत 'नासौ न काम्यः' वाक्य उसी अर्थ को, विशेष अन्तःस्थ अभिप्राय के साथ, प्रकट करता है, जिससे वह सापेक्षतया जोरदार बन जाता है। अन्य उदाहरण देखिये : नेयं न वक्ष्यति मनोगतं आधिहेतुम्। न च न परिचितो न चापि अगम्यः। नासौ न काम्यः न च वेद सम्यग् द्रष्टुं न सा भिन्नरुचिर्हि लोकः। नास्ति जीविताद् अन्यद् अभिमततरं इह जगति सर्वजन्तूनाम्। इत्यादि।

(v) विशिष्ट वाक्प्रयोग/मुहावरा/कहावत आदि का प्रयोग : यदा अतितृष्णा नराणां हृदये पदं करोति तदा तेषां नाशो भवति। उद्यमेन नरः विभवं याति; स परं विषादं अगच्छत्, अश्वत्थामा किं न यातः स्मृतिं ते ?; पश्चादुमाख्यां सुमुखी जगाम; नरपतिहितकर्ता द्वेष्यतां याति लोके; न तृप्तिं आययौ आदि वाक्यों में प्रयुक्त गत्यर्थक धातु के रूप प्रो. आप्टे के अनुसार कल्पित गति (conceived motion) को अभिव्यक्त करते हैं।[१४] शुचो वशं मा गमः। प्रथमं गणितं इव (मानो

---

१४. "But this idea of motion is expressed in a variety of idiomatic expressions, where the motion is not actual but merely conceived; as, परं विषादमगच्छन्" GSC, p. 17.

कण्ठ किये हुए) तवोत्तरम्। स सर्वेषां सुखानां प्रायोऽन्तं ययौ। स अध्ययने कालं नयति (अध्ययन में काल बिताने की उसकी आदत है)।

त्वया स्वहस्तेन अङ्गाराः कर्षिताः (तुमने अपना नाश अपने हाथों से किया)। अक्षिगतोऽहं तस्य। स लोकस्य मन आददे (लोगों के मन उसके वश में हैं)। नाहं आत्मविनाशाय वेतालोत्थापनं करिष्यामि (स्वनाश करने में मैं बेताल को नहीं जगाऊँगा)। बधिरान्मन्दकर्णः श्रेयः। वरं अद्य कपोतो न श्वो मयूरः। वरं तत्कालोपनता तित्तिरी न पुनर्दिवसान्तरिता मयूरी। किं मिष्टमन्नं खरसूकराणाम्। जलबिन्दुनिपातेन क्रमशः पूर्यते घटः। संहतिः कार्यसाधिका। बुद्धिर्यस्य बलं तस्य। अणुं पर्वतीकरोति। अश्वमेधसहस्रेभ्यः सत्यमेव विशिष्यते। कर्मणो गहना गतिः।

(vi) रूपक : किसी भी भाषा के उपमा एवं रूपक प्रधान अलंकार हैं; संस्कृत भाषा इस नियम का अपवाद नहीं। उद्यमबीजाद् विभवाङ्कुरः प्ररोहति; लावण्यरूपं कुसुमं सुरम्यं विराजते सद्‌गुणसौरभेण; ज्येष्ठा कन्या दक्षता प्राज्ञतायाः; कर्मसु व्यापृतिः निर्वृतिः; महतां कृपादृष्टिः सुधावृष्टिः; मनोमलानि ज्ञानजलेन शुद्ध्यन्ति; साधवः खलु स्नेहसुधासिन्धवः, जैसे सहस्रों वचन संस्कृत में पाये जाते हैं।

(vii) **मानुषीकरण** अर्थात् अचेतनों को चेतनों का रूप अर्पण कर उनमें चेतनों के व्यवहारों का कल्पनापूर्ण वर्णन करना। जैसे, कुमुदानि निमीलन्ति, कमलानि उन्मिषन्ति, 'पद्मानि अर्कांशुनिष्ठ्यूताः पीत्वा पावकविप्रुषः। भूयो वमन्तीव मुखैरुद्‌गीर्णारुणरेणुभिः॥, 'गुरुगर्भभरक्लान्ताः स्तनन्त्यो मेघपंक्तयः, इत्यादि उदाहरणों की संस्कृत भाषा में कोई कमी नहीं।

(viii) **अन्यभाषाप्रयोग** : संस्कृत नाटकों में दास, दासी, विट, चेट आदि पात्र भिन्न-भिन्न प्राकृत भाषाओं में बोलते हैं, यह बात सर्वविदित है। ऐसे स्थलों में संस्कृत के बदले प्राकृत (Substitution) ही होता है। **रत्नावली नाटिका** के निम्नोद्धृत संवाद को, उदाहरण के लिए, पढ़िये,

"काञ्चनमाला : एदु एदु भट्टिणी (एतु एतु भर्त्री)

वासवदत्ता : अअं सो रत्तासोअपाअबो जहिं अहं पूअं णिब्बत्तइस्सं। ता एहि ! मे पूआणिमित्ताइं उबअरणाइं उबणेहि। (अयं स रक्ताशोकपादपो यत्राहं पूजां निर्वर्त्तयिष्ये। तदेहि। मे पूजानिमित्तान्युपकरणान्युपनय)

सागरिका : (उपसृत्य) भट्टिणि, एदं सव्वं सज्जं। (भर्त्रि, एतत्सर्वं सज्जम्।)[१५]

(ix) **अन्यधर्मारोप** : जब एक इन्द्रिय के कर्म का दूसरी इन्द्रिय पर, मूर्त वस्तु के धर्म का अमूर्त वस्तु पर, अथवा चेतना पर अचेतन का आरोप किया जाता है, तब प्रस्तुत अन्यधर्मारोप

१५. श्रीहर्षदेव, **रत्नावली नाटिका**, संशो. ना. बा. गोडबोले एवं का. पां. परब, द्वितीय संस्करण, मुंबई, निर्णयसागरयन्त्रालय, १८९०, पृ. ११

होता है, जो चमत्कृति– उत्पादक हुआ करता है। उदाहरण के लिए, 'सूचिभेद्यं तमः' में ठोस न होनेवाले 'तमस्' पर ठोस वस्तु के भेदनधर्म का आरोप किया गया है। 'हाहानिनादेन दिशो बधिरयन्तः' में अमूर्त दिशाएँ मूर्त मनुष्यादि प्राणियों के समान बधिर हुईं ऐसा जो वर्णन है, उसके मूल में भी अन्यधर्मारोप ही है। 'ब्रुवते हि फलेन साधवो न तु कण्ठेन निजोपयोगिताम्।' में कण्ठ से बोलने के धर्म का फल अर्थात् कृति पर आरोप करके चमत्कार साधा गया है। 'गमयति रजनीं विषाददीर्घतराम्' में विषाद भाव जो मनुष्यादि सचेतनों एवं मूर्तों में ही संभव है, रजनी जैसे अचेतन एवं अमूर्त वस्तु पर आरोपित किया गया है। ऐसे अनेक उदाहरण 'वक्रोक्तिजीवितम्' में तथा अन्य ग्रंथों में पाये जाएँगे।[१६]

१५. उपसंहार

ऊपर के सोदाहरण विवेचन से यह स्पष्ट होता है कि, पश्चिमी भाषाविमर्शकों द्वारा कल्पित एवं प्रतिपादित सभी परिवर्तनप्रक्रियाएँ संस्कृत भाषा में भी पायी जाती हैं। ऐसा होना स्वाभाविक भी है। एक कारण तो यह है कि पश्चिमी विचारकों ने स्वयं ही कहा है कि, ये प्रक्रियाएँ तथा उनकी उपप्रक्रियाएँ सभी भाषाओं में पायी जाती हैं। संस्कृत इस सर्वभाषागत अनुभूयमान तथ्य का अपवाद कैसे हो सकती है ? दूसरी ध्यातव्य बात यह है कि, संस्कृत भाषा किसी एक कालखण्ड में जनसाधारण के व्यवहार की भाषा भी रह चुकी है; अर्थात् जनसाधारण को अपने विविध मनोगतों के प्रकटीकरण के लिए संस्कृत भाषा के सभी अभिव्यक्ति-उपायों का अवलम्बन करना अनिवार्य था। संस्कृत भाषा श्रीसंपन्न, समृद्ध एवं अक्षर साहित्य की भाषा रही। उन सभी प्रतिभाशाली साहित्यकारों ने रूड्यार्ड किपलिंग के अनुसार (I have six honest serving men/They taught me all I ever knew/ Their names are what and where and when/ and why and how and who//) क्या, कहाँ, कब, क्यों, कैसे और कौन सेवकों से भलीभाँति सेवा लेकर संस्कृत की अभिव्यक्ति-क्षमता अधिक व्यापक, सूक्ष्म, तरल एवं मर्मस्पर्शिणी बनायी। फलस्वरूप संस्कृत में उपरिवर्णित सभी प्रक्रियाओं का सम्यक् दर्शन हमें होता है।

□ □ □

---

१६. प्रस्तुत निबंध में प्रतिपाद्य विषय के स्पष्टीकरणार्थ उद्धृत उदाहरण उपर्युक्त (जी. एस. सी.) में से तथा वासुदेव द्विवेदीशास्त्रीरचित दीपमालिका (द्वितीय संस्करण, वाराणसी, सार्वभौम संस्कृत प्रचार कार्यालयः, १९७७) से लिये गये हैं, जिसके लिए मैं दोनों ग्रंथकारों का ऋणी हूँ।

वाल्मीकीय रामायण में सम्बोधनों से प्रतिबिम्बित सीता

श्रीमती सरोजबाला श्रीवास्तव

इलाहाबाद

The physical beauty of sītā as reflected from words used as personal addresses to her in the *Rāmāyaṇa* of Vālmīki has been described in this article.

सीता मिथिला-नरेश जनक की पुत्री और अयोध्या के राजकुमार श्रीराम की पत्नी थीं। वे भूमिपुत्री थीं, अयोनिजा एवं वीर्यशुल्का। जनक द्वारा यज्ञ के लिये भूमिशोधन करते समय हल के अग्रभाग से जोती गयी भूमि से उत्पन्न होने के कारण उनका नाम 'सीता' रक्खा गया था–

अथ मे कृषतः क्षेत्रं लांगलादुत्थिता ततः।
क्षेत्रं शोधयता लब्धा नाम्ना सीतेति विश्रुता॥[१]

सीता रामाख्यान की प्रमुख कड़ी थीं। मिथिला, अयोध्या और लंका के राजाओं को इस आख्यान में पिरोने वाला सूत्र सीता ही थीं। सीता के अभाव में राम-रावण का कोई अस्तित्व ही नहीं, उनके संघर्ष का कोई औचित्य ही नहीं।

सीता सर्वगुणसम्पन्ना तथा नारियों में सर्वश्रेष्ठ थीं। रावण से सीता के रूप का वर्णन करते हुए शूर्पणखा ने कहा था– सीता सुन्दर केशों वाली (सुकेशी), सुन्दर नासिका और जाँघों वाली (सुनासोरू), तपाए हुए सोने के वर्ण वाली (तप्तकांचनवर्णाभा), क्षीण कटि वाली (तनुमध्यमा) तथा शुभलक्षणों वाली (शुभा) है। उसने यह भी कहा था कि सीता बड़े तथा लाल नखों वाली (रक्ततुंगनखी) सुडौल अंगों वाली (वरारोहा) है, और ऐसे रूपवाली नारी मैंने पृथिवी पर इसके पहले कहीं नहीं देखी है, न देवियों में और न ही गन्धर्वियों, यक्षियों और किन्नरियों में–

नैव देवी न गंधर्वी न यक्षी न च किन्नरी
तथारूपा मया नारी दृष्टपूर्वा महीतले।[२]

---

१. रामायण १/६६/१२-१३

२. रामायण, ३/३४/१८

ऐसी सीता को राम तथा रावण ने जिन-जिन शब्दों से सम्बोधित किया है उनसे सीता का अत्यन्त स्पष्ट स्वरूप चित्रित हो उठता है। केवल सम्बोधनों के आधार पर सीता की सम्पूर्ण रूप-छवि का मनोहारी वर्णन वाल्मीकि की उत्कृष्ट काव्य प्रतिभा का परिणाम है।

राम ने सीता को 'सीते'[३], 'वैदेहि'[४] तथा 'मैथिलि'[५] कहकर पुकारा है। रावण ने भी उन्हें 'मैथिलि'[६] कहा है। ये सम्बोधन सीता के जन्म का, उनकी जाति और जन्मभूमि का परिचय देते हैं। 'सीता' अर्थात् हल से जुती हुई भूमि से उत्पन्न, 'वैदेही' अर्थात् विदेहकन्या तथा 'मैथिलि' अर्थात् मिथिला प्रदेश की रहने वाली। विदेह वह जाति थी जो मिथिला में बसी हुई थी। जनक उसी विदेह जाति के राजा थे। राम ने सीता को देवी[७] तथा देवकन्या (सुरसुतोपमा)[८] कहा है और देवकन्याएँ सदा से ही रूपवती समझी जाती रही हैं।

सीता को राम तथा रावण दोनों ने 'भामिनि'[९] कहा है जिसमें उनके सुन्दरी एवं कामिनी दोनों रूप प्रतिबिम्बित होते हैं। रावण के द्वारा सीता को 'विलासिनि' का जो सम्बोधन दिया गया वह जहाँ रावण की विलास-प्रवृत्ति का परिचायक है वहीं सीता के विलासोचित यौवनावस्था का भी संकेत समुपस्थित करता है–

चारुस्मिते चारुदति चारुनेत्रे विलासिनि।
मनोरमसि मे रामे नदी कलमिवाम्भसा॥[१०]

'अनिन्दिते'[११] अथवा 'अनिंद्यते'[१२] सम्बोधन सीता को दोषरहित तथा 'अनघे'[१३] उनको पापरहित बतलाता है। ये दोनों सम्बोधन सीता के रूप एवं चरित्र दोनों के सुन्दर और शुद्ध होने के परिचायक हैं।

---

३. **रामायण**, २/२८/५
४. **वही**, ६/१२३/४८,५५
५. **वही**, ६/१२३/१८,५२
६. **वही**, ३/५५/२८
७. **वही**, २/३०/२७
८. **वही**, ३/५८/४
९. **वही**, २/२८/१९; ३/४७/३०
१०. **वही**, ३/४६/२१
११. **वही**, २/९४/१५
१२. **वही**, ३/४७/२७
१३. **वही**, ७/४८/२१

'कल्याणि'[१४] 'शुभे'[१५] 'भद्रे'[१६] सीता को माङ्गलिक व्यक्तित्व वाला ठहराते हैं। रावण ने उन्हें 'शुभदर्शने'[१७] कहकर उनके इसी माङ्गलिक स्वरूप की प्रशंसा की है। वह कहता है कि हे शुभदर्शने ! मैं तो ऐसा समझता हूँ कि रूप की रचना करने वाले विधाता तुम्हें बनाकर फिर उस कार्य से विरत हो गये, क्योंकि तुम्हारे रूप की समता करने वाली दूसरी स्त्री नहीं है–

त्वां कृत्वोपरतो मन्ये रूपकर्त्ता स विश्वकृत्।
नहि रूपोपमा ह्यन्या तवास्ति शुभदर्शने ॥[१८]

सीता देखने में अत्यन्त सुन्दर थीं और वे शोभा की खान थीं। यह तथ्य राम एवं रावण दोनों के द्वारा उन्हें 'शोभने'[१९] कहने से प्रकट होता है। सीता का अंग-प्रत्यंग समुचित समानुपातिक तथा सुडौल था तभी राम ने उन्हें 'सर्वांगसुन्दरी'[२०] कहकर पुकारा है। रावण सीता को 'सुभगे'[२१] कहकर सम्बोधित करता है जिससे सीता का सुन्दर, मनोहर, सौभाग्यशाली तथा समृद्धिशाली स्वरूप अभिप्रेत है। नारी का सौभाग्य उसका पति-प्रेम है। सीता को अपने पति राम का प्रेम प्राप्त था तभी वे उनके साथ वन आ पाई थीं। 'वरवर्णिनि'[२२] सम्बोधन से प्रकट होता है कि सीता गौरवर्ण वाली थीं। राम ने स्पष्टतः उन्हें 'हेमाङ्गी'[२३] तथा 'हेमवर्णा'[२४] कहा है जिससे प्रकट होता है कि वे सोने के समान दमकती कान्तिवाली थीं। रावण ने सीता को सोने तथा चाँदी दोनों की चमक से देदीप्यमान बतलाया है– 'रौप्यकांचनवर्णाभे'।[२५]

सम्पूर्ण अंगराशि में मुखछवि का महत्त्व निराला होता है। सीता का मुख सुन्दर तथा शुभ दोनों था तभी उन्हें 'वरानने'[२६] एवं 'शुभानने'[२७] कहा गया। सीता के रूप की भूरि-भूरि

१४. रामायण, २/९५/११; ३/४६/३२
१५. वही, ७/४३/१६
१६. वही, २/९४/३; ३/४८/६
१७. वही, ५/२०/१३, २५
१८. वही, ५/२०/२५
१९. वही, २/९५/१२; ३/४६/२६; ७/४७/६
२०. वही, ३/६४/२९
२१. वही, ५/२०/२५
२२. वही, ३/४८/२; ३/६०/२८; ६/१२३/४५
२३. वही, ३/६४/३१
२४. वही।
२५. वही, ३/४६/१६
२६. वही, ३/४६/३१; ६/१२३/१५
२७. वही, २/३०/२८

प्रशंसा करते हुए रावण उनसे पूछता है कि हे सुमुखि ! तुम श्री, ह्री, कीर्ति, लक्ष्मी, अप्सरा, भूति अथवा स्वेच्छापूर्वक विहार करने वाली कामदेव की पत्नी रति तो नहीं हो ?

ह्रीः श्रीः कीर्तिः शुभा लक्ष्मीरप्सरा वा शुभानने।
भूतिर्वा त्वं वरारोहे रतिर्वा स्वैरचारिणी॥[२८]

मुख की उपमा प्रायः चन्द्रमा से दी जाती है। राम ने भी सीता को 'चन्द्रमुखी'[२९] कहा है। मुख की सुन्दरता में जिन तत्वों का प्रमुख योगदान रहता है उनमें नेत्र तथा दन्त उल्लेखनीय हैं। सीता के बड़े-बड़े, सुन्दर कमल के समान, मदिर तथा चंचल नेत्रों के लिये उन्हें 'विशालाक्षि'[३०] 'चारुनेत्रे',[३१] 'कमलेक्षणे',[३२] पद्माक्षी,[३३] पद्मपत्रविशालाक्षी,[३४] मदिरेक्षणे[३५] तथा शुभापाङ्गे[३६] कहा गया है। नेत्रों की शोभा और सुन्दरता के वर्णन में भौहों का सुन्दर होना भी सम्मिलित है। सीता की भौंहें बड़ी सुन्दर थीं। रावण ने इसीलिये उन्हें 'सुभ्रु'[३७] कहा था। रावण सीता की सुन्दर दंत-पंक्ति से प्रभावित हुआ था। तभी उसने उन्हें 'चारुदति'[३८] कहकर पुकारा था। मुख में यदि मुस्कान न हो तो नारी की सारी सुन्दरता बेकार है। सीता 'सुमुखी' थीं इसीलिये उनके अधरों पर सलज्ज स्मिति रहती थी। रावण ने उन्हें 'चारुस्मिते'[३९] तथा राम ने 'चारुहासिनी'[४०] कहा था। रावण को तो सीता की निश्छल मुस्कान में भी पवित्रता की झलक मिलती थी तभी उसने उन्हें 'शुचिस्मिते'[४१] का सम्बोधन दिया था।

---

२८. रामायण, ४/६/१७
२९. वही, ४/१/१००
३०. वही, ३/४६/१६; ६/१२३/५
३१. वही, ५/२०/२९
३२. वही, ३/६०/२६
३३. वही, ४/१/१८
३४. वही, ४/१/६७
३५. वही, २/३०/४०
३६. वही, २/३०/३४
३७. वही, ५/२०/३३
३८. वही, ५/२०/२९
३९. वही, ५/२०/२९
४०. वही, ३/६०/७९
४१. वही, ३/४६/२७

नारी-मुख की सुन्दरता उसके केश-विन्यास से द्विगुणित हो जाती है। यदि केश काले, चमकदार और मुलायम हों और उन्हें यदि सुरुचिपूर्ण ढंग से सँवारा गया हो तो मुख की सुन्दरता में चार-चाँद लग जाते हैं। सीता का केश-वेश भी सुन्दर था। राम तथा रावण दोनों ने उन्हें 'सुकेशि'[४२] कहा है। रावण ने सीता को 'असितकेशान्ते'[४३] कहकर उनके नवयौवना होने का भाव प्रकट किया है। श्वेत केश तो विगतयौवन के लक्षण हैं।

क्षीण कटि, नितम्ब और गोल जंघाएँ नारी-सौंदर्य की कसौटी कही जाती हैं। सीता को राम 'तनुमध्यमे'[४४] कहते हैं अर्थात् उनकी कटि क्षीण थी। 'सुश्रोणि'[४५] 'शुभश्रोणि'[४६] तथा 'वरारोहे[४७] जैसे सम्बोधन सीता के सुगढ़ नितम्बों का संकेत देते हैं। वे गजगामिनी थीं क्योंकि उनकी जंघाएँ हाथी की सूँड के समान ऊपर मोटी और नीचे पतली थीं ('नागनासोरु'[४८] 'गजनासोरु'[४९])।

□□□

४२. रामायण, ३/४६/२२; ३/६२/२०
४३. वही, ५/२०/३२
४४. वही, ६/१२३/४९
४५. वही, ४/१/४९; ५/२०/२३
४६. वही, २/३०/४२
४७. वही, ३/४६/२८
४८. वही, ५/२०/२
४९. वही, २/३०/३०

पुरातत्त्व के संदर्भ में भारतीय दर्शन का अनुशीलन

स्व० प्रो० कृष्णदत्त वाजपेयी

सागर

Indian Philosophy is related with man, his surroundings and his betterment here and hereafter. Here we find a beautiful combination of beauty, happiness and peace. The author in this paper has maintained that the archaeological findings are very much helpful in understanding the theoretical as well as the practical aspects of Indian philosophy.

दर्शन मानव-संस्कृति की आत्मा है। संस्कृति के बाह्य पक्ष के अंतर्गत मानव की आवास-विधा, खान-पान, वस्त्राभरण तथा विविध लौकिक आचार सम्मिलित हैं। विचार संस्कृति का आंतरिक पक्ष है। किसी देश या मनुष्य-समाज की उन्नति का पता इस बात से चलता है कि वहाँ चिंतन या विचार पक्ष की स्थिति क्या है और उस चिंतन को कहाँ तक कार्यरूप में परिणत किया जा सका है। इस प्रकार दर्शन का न केवल सैद्धान्तिक रूप होता है अपितु व्यावहारिक भी।

दर्शन का संबंध मानव से है। अतः दर्शन के विद्यार्थी के लिए यह आवश्यक है कि वह मानव के नृतत्त्वीय तथा सामाजिक विकास से परिचित हो। उसे यह जानना चाहिए कि सभ्यता के प्रारंभिक चरण से लेकर अब तक मानव किन-किन ऐतिहासिक परिस्थितियों से गुजरा है और उस कालक्रम में चिंतन के किन-किन रूपों ने लोक-जीवन को प्रभावित किया है। स्पष्ट है कि दर्शन का घनिष्ट संबंध नृतत्त्व, समाजशास्त्र और इतिहास से है।

भारतीय दर्शन के अध्येता के लिए पुरातत्त्व के तीनों चरणों का ज्ञान अपेक्षित है। प्रथम प्राक् इतिहास, जब मानव के निवास शिलागृह थे और वह वन्य जीवन की स्थिति में था। दूसरा आद्य इतिहास (ईसा पूर्व चौथी सहस्राब्दी से लेकर ई. पूर्व छठी शती तक), जब सभ्यता का विकास व्यवस्थित ढंग से हो गया था और जब उच्चस्तरीय वैदिक साहित्य का सृजन हुआ। तीसरा ऐतिहासिक काल (ईसवी पूर्व छठी शती से लेकर आधुनिक काल तक)।

पुरातत्त्वीय परिप्रेक्ष्य में भारतीय दर्शन का सिंहावलोकन लाभप्रद सिद्ध होगा। प्रथम युग में, आधुनिक अर्थों में, सभ्यता का निर्माण नहीं हो पाया था। वनचर जनों का जीवन मूलतः भौतिक था। पर्वतों की कन्दराओं या तरुतलों में निवास करने वाले और उदर-पोषण

हेतु अहेरी-जीवन बिताने वाले चिंतन के क्षेत्र में क्या कर सकते थे ? उन आदिम गिरिजनों द्वारा निर्मित पत्थरों के विविध अनगढ़ (कभी-कभी सुगढ़) हथियार तथा उनके द्वारा बनाये गये गुहा-चित्र, जो हाल के अन्वेषणों में सहस्त्रों की संख्या में, विशेषतः मध्यप्रदेश क्षेत्र में प्राप्त हुए हैं, उन लोगों के भौतिक जीवन पर रोचक प्रकाश डालते हैं।

परन्तु जब हम भारतीय इतिहास के आद्य काल में प्रवेश करते हैं तब क्रमशः भौतिक जीवन के साथ चिंतन-क्षेत्र का विकसित रूप उद्घाटित होता है। हड़प्पा संस्कृति के अनेक केन्द्रों का पता अब चल चुका है, जिससे ज्ञात हुआ है कि उत्तर-पश्चिम भारत में एक समृद्ध नगर-संस्कृति का निर्माण ईसवी पूर्व तीसरी सहस्त्राब्दी के आरंभ में हो गया था। इस संस्कृति का विकास लगभग १७०० ई. पूर्व तक जारी रहा। उत्तरी पंजाब से लेकर ताप्ती नदी तट तक तथा बिलोचिस्तान से लेकर उत्तर-प्रदेश के मेरठ जिले तक इस सभ्यता का विस्तार हुआ।

सिंधु घाटी में हड़प्पा, मोहनजोदड़ो आदि स्थलों की खुदाई में आद्यैतिहासिक भौतिक सभ्यता के प्रचुर अवशेष मिले हैं। उत्खनन में बहुसंख्यक अभिलिखित मुहरें भी प्राप्त हुई हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि इन मुहरों के लेख कतिपय वैदिक सूक्तों के मुख्य अंश हैं, जैसा कि हाल में कुछ विद्वानों ने मत व्यक्त किया है।

जहाँ तक दर्शन का संबंध है, यह उल्लेखनीय है, कि विश्व की प्राचीन सभ्यताओं में भारत को यह गौरव प्राप्त है कि आद्यैतिहासिक युग में यहाँ उच्च साहित्य का सृजन हुआ। ऋग्वेद, अथर्ववेद, ऐतरेय एवं शतपथ आदि ब्राह्मण-ग्रंथ तथा मुख्य उपनिषदों एवं अनेक सूत्र-ग्रंथों का निर्माण इस युग में हुआ। इस साहित्य में न केवल काव्योत्कर्ष दर्शनीय है, अपितु सामाजिक, धार्मिक एवं दार्शनिक अध्ययन की दृष्टि से अनेक ग्रन्थों का प्रभूत महत्व है। वस्तुतः भारतीय दर्शन का प्रारंभ ऋग्वेद-काल से ही मानना युक्ति-संगत होगा।

वैदिक साहित्य में दर्शन को उसके संश्लिष्ट रूप में देखा गया। इस साहित्य में मानव की महत्ता तथा उसके लौकिक अभ्युदय एवं पारलौकिक निश्रेयस् हेतु जो सूत्र निर्मित हुए उन्होंने एक व्यापक जीवन दर्शन का निर्माण किया। इस दर्शन में सत्य, ऋजुता, त्याग, और परोपकार को महत्त्व प्रदान किया गया। स्वतंत्र चिंतन और "वसुधैव कुटुम्बकम्" की भावनाओं को बल दिया गया और ऐहिक समृद्धि तथा आध्यात्मिक चिंतन में मधुर समन्वय स्थापित किया गया।

वैदिक विचारधाराओं का विकास भारतीय इतिहास में निरंतर जारी रहा। देशकाल के अनुरूप उनमें परिवर्तन भी होते रहे और उनकी व्याख्याएँ भी की जाती रहीं। मानव की

श्रेष्ठता, उसका व्यवस्थित जीवन, जिसमें आनंद और शांति का समावेश हो, और आध्यात्मिक चिंतन वैदिक दर्शन के मूल मंत्र हैं। न केवल परवर्ती भारतीय साहित्य में अपितु, बहुविध पुरातत्त्वीय कृतियों में इन मूल मंत्रों को निरूपित किया गया। अथर्ववेद में भूमि को 'माता' तथा मानव को उसका 'पुत्र' कहा गया "माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः"। सिंधु घाटी में तथा भारत के ताम्राश्मयुगीन अन्य स्थलों से पकी मिट्टी की बहुसंख्यक "मातृदेवी" प्रतिमाएँ मिली हैं जिनकी पूजा प्रचलित थी। ये प्रतिमाएँ अथर्ववेद के उक्त सूक्त को अभिव्यक्त करती हैं।

प्राकृतिक शक्तियों और उनकी प्रतिनिधि रूप में देवों की कल्पना का विकास भारतीय संस्कृति की एक महत्वपूर्ण देन है। वह कल्पना इस देश में विविध रूपों में प्रतिफलित हुई। वैदिक-पौराणिक धर्म में ही नहीं, जैन तथा बौद्ध धर्मों में भी, प्रतिमा को वैशिष्ट्य प्राप्त हुआ। देव-पूजा का व्यापक रूप इन धर्मों के माध्यम से विकसित हुआ, जिसने न केवल इस देश में, अपितु देश के बाहर लंका, बर्मा, थाइलैण्ड, कंबोडिया, जावा, सुमात्रा, तिब्बत, मध्य एशिया, चीन, जापान आदि देशों को भी प्रभावित किया।

साहित्य के अतिरिक्त मूर्तिकला, स्थापत्य, चित्रकला, संगीत और नाट्यकला तथा बहुसंख्यक शिलालेखों, ताम्रपत्रों और मुद्राओं का अध्ययन भारतीय दर्शन के व्यापक ज्ञान के लिए अत्यंत आवश्यक है। इहलोक तथा परलोक के प्रति जिन वैचारिक सिद्धांतों का प्रणयन भारतीय दार्शनिकों ने किया, उनका मूर्त रूप देश और देश के बाहर आज भी उपलब्ध है।

पुरातत्त्वीय सामग्री के सम्यक् परिदर्शन से कई बातें स्पष्ट हो जाती हैं, जिनका उल्लेख यहाँ आवश्यक है। पहली बात यह है कि भारतीयों ने प्राचीन काल में ऐहिक जीवन की उपेक्षा नहीं की। इस जीवन में उन्होंने सौन्दर्य, आनंद तथा शांति को समन्वित किया। भगवान् बुद्ध, तीर्थंकर महावीर या भगवान् विष्णु की प्रतिमा में न केवल अंग-प्रत्यंगों का सुचारु गठन द्रष्टव्य है अपितु, चक्रवर्ती और योगी की भावनाओं की सराहनीय अभिव्यक्ति भी है। अजन्ता और बाघ की चित्रित गुफाएँ, साँची, एलोरा, मामल्लपुरम्, तंजौर आदि के स्तूप और मंदिर तथा बहुसंख्यक कला-कृतियाँ भारतीय दर्शन के इस तत्त्व का उद्घोष करती हैं।

दूसरी बात यह है कि अनेक सभ्य देशों के साथ भारत के सांस्कृतिक संबंध ईसवी पूर्व तीसरी सहस्राब्दी से लेकर पूर्व मध्यकाल तक बने रहे। "एन्शिएंट इंडिया लिव्ड इन स्प्लेंडिड आइसोलेशन" (प्राचीन भारतीय कूपमंडूकवत् रहे) आदि पाश्चात्य विचारों को अब निरस्त किया जा चुका है। भारतीय जन रास्ते की कठिनाइयों की परवाह न कर स्थल या

जल मार्ग से विदेशों में जाते थे। बहुसंख्यक लोग वहीं बस जाते और वहां के स्थानीय लोगों में घुल-मिल जाते थे। भारतीय संस्कृति का प्रचार, जिसमें दार्शनिक सिद्धांत भी सम्मिलित थे, जिस आत्मीयता के साथ विदेशों में संपन्न हुआ उसका उदाहरण विश्व के इतिहास में अन्यत्र न मिलेगा। मनु का कथन यहाँ उल्लेखनीय है–

एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः ।
स्वं स्वं चरितं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवाः ॥

इस कथन में व्याप्त संदेश, निज-धर्म या चरित्र-पालन, को भारतीय मनीषियों ने विदेशों में बड़ी तत्परता के साथ स्नेहपूर्ण ढंग से फैलाया। इसके साक्षी श्रीलंका, हिन्दचीन, हिन्देशिया, तिब्बत, मध्य एशिया आदि देशों में आज तक विद्यमान बहुसंख्यक स्मारक और शिलालेख हैं।

तीसरा तथ्य यह है कि ईरान, यूनान, रोम आदि की विकसित सभ्यता के लोग भी भारतीय दर्शन से प्रभावित हुए। भारत पर सिंकदर के आक्रमण के पश्चात् यूनानियों के साथ हमारे संपर्क बढ़ने लगे। मौर्य साम्राज्य का अन्त होने के बाद उत्तर-पश्चिम भारत पर यूनानियों तथा शक-पह्लवों का अधिकार हुआ। उनके बाद कुषाणों ने अपनी सत्ता उत्तर भारत तक स्थापित कर ली। शकों की एक शाखा ने पश्चिमी भारत पर अपना आधिपत्य लगभग तीन शताब्दियों तक बनाये रखा। यह एक अत्यंत रोचक तथ्य है कि इन विदेशी शासकों पर भारतीय संस्कृति का प्रभूत प्रभाव पड़ा। ईसवी पूर्व दूसरी शती के यूनानी शासक अगाथोक्लोज ने अपने एक मुद्रा-प्रकार पर श्रीकृष्ण और बलराम की मूर्तियाँ प्रदर्शित कीं। यूनानियों, शकों, पह्लवों और कुषाणों के बहुसंख्यक सिक्कों पर नगर देवता, लक्ष्मी, शिव, उमा, स्कंद, गणेश, विशाख, महासेन, इन्द्र आदि भारतीय देवों की मूर्तियाँ अंकित हैं। उत्तर पश्चिम भारत पर शासन करने वाले अनेक विदेशी शासकों ने भारतीय लिपि–खरोष्ठी और ब्राह्मी तथा भारतीय भाषा प्राकृत को अपने सिक्कों पर स्थान दिया। इतना ही नहीं भारतीय प्रतीक चक्र, वेदिका, वृक्ष, वृषभ, गज आदि का अंकन भी उनकी मुद्राओं पर मिला है। अनेक विदेशियों ने अपने नाम भारतीय रखे यथा इन्द्रमित्र, वासुदेव, केदार आदि।

ईसवी पूर्व तीसरी शती के अंत में विदिशा (मध्य प्रदेश) के शुंग-शासक भागभद्र के समय में तक्षशिला के यूनानी शासक अंतलिकित का राजदूत हेलियोदोर विदिशा आया। यहाँ पर स्थित प्रसिद्ध विष्णु-मंदिर के सामने उसने पत्थर के एक विशाल गरुडध्वज की स्थापना की। इस स्तंभ पर अंकित लेख में हेलियोदोर ने अपने को "भागवत" (विष्णु का भक्त) लिखा है। स्तंभ पर भारतीय दर्शन के सार-रूप में एक श्लोक भी उत्कीर्ण है जिसका भावार्थ है—

'दम, त्याग और अप्रमाद–ये तीन अमृत-पद हैं जिनका सम्यक् विधि से अनुष्ठान करने पर मोक्ष की प्राप्ति होती है।' *(इंडियन एन्टीक्वेरी, 61, पृ. 203-05)*

भारत, नेपाल, तिब्बत, हिन्दचीन तथा हिन्देशिया में प्राप्त अनेक अभिलेखों में बुद्ध को ज्ञान, अनुकम्पा, और कारुण्य का प्रतीक कहा गया है। जैन तीर्थंकरों एवं विष्णु, शिव, लक्ष्मी आदि देवों की अभ्यर्थना भी अनेक अभिलेखों में द्रष्टव्य है।

विवेच्य विषय की दृष्टि से मौर्य सम्राट् अशोक के शिलालेख विशेष महत्व के हैं। इस शासक ने भारतीय दर्शन के नीतिमूलक सिद्धांतों पर बल दिया। अन्य विजयों की अपेक्षा उसने "धर्मविजय" को उत्कृष्ट बताया। अपने तेरहवें शिलालेख में उसने लिखा है–

तं च यो विजयो मंञतु यो धमविजयो। सो हिदलोकिको परलोकिको॥

धर्म विजय को अशोक ने इहलोक तथा परलोक दोनों के लिए महत्त्वपूर्ण बताया है। अशोक के सातवें शिलालेख में दया, दान, सत्य, पवित्रता, मार्दव, तथा साधुता पर विशेष जोर दिया गया है।

अशोक, खारवेल, चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य, हर्षवर्धन आदि बहुसंख्यक राजाओं के उदाहरण हमारे सामने हैं, जिन्होंने धर्म के मामले में अत्यधिक उदार तथा सहिष्णु नीति को अपनाया।

खारवेल के प्रसिद्ध हाथीगुम्फा अभिलेख में उसे सभी मुख्य दार्शनिकों का पूजक तथा सभी धर्मों के देवायतनों का संस्कार कराने वाला कहा गया है–

सबपाखडपूजको सबदेवायतन-सकारकारको

विभिन्न धर्मों तथा दर्शनों के प्रति सहिष्णुता व्यंजित करने वाले प्राचीन शिलालेखा- और ताम्रपत्रों की संख्या बहुत बड़ी है। इसी प्रकार दार्शनिकों, धर्माचार्यों, माता-पिता आदि के प्रति सम्मान व्यक्त करने वाले अभिलेख भी प्रचुर संख्या में मिले हैं। उत्तर तथा दक्षिण भारत में प्राप्त बीसियों जैन तथा बौद्ध अभिलेखों में दान-दाताओं ने उक्त महज्जनों का स्मरण बड़ी श्रद्धा से किया और अपने दान के पुण्य का भागी उन्हें भी बनाया। प्राचीन शक संवत् १३६ के एक लेख में, जो शकवंशीय शासक ऐजेज द्वितीय के राज्यकाल में तक्षशिला के धर्मराजिक स्तूप में लगा था, वाह्लीक निवासी दानदाता द्वारा सर्वबुद्धों, प्रत्येक बुद्धों, अर्हतों, सर्वसत्त्वों (सभी प्राणियों) के साथ माता-पिता, मित्र, सचिव तथा जाति बंधुओं के आरोग्य की कामना की गयी है।

ऐसे शिलालेखों तथा मुद्राओं की संख्या बहुत बड़ी है जिनमें सभी प्राणियों के हितसुख की कामना की गयी है। पल्लववंशी शासक शांतिवर्मा के तालगुंड अभिलेख में "स्वस्ति प्रजाभ्यः" शब्द आया है।

धातु तथा मिट्टी की प्राचीन मुद्राओं पर "पुण्यलाभ" "धर्म कर्तव्य कल्याणञ्च" आदि भारतीय दर्शन के प्रतीक मंत्र लिखे मिले हैं। ये मुहरें मंदिरों में प्रसाद-रूप से बांटी जाती थीं। बौद्धों ने अपने देवालयों में इस प्रकार की विशेष व्यवस्था की थी। बौद्ध मंत्र जो इन मुहरों पर उत्कीर्ण मिला है, इस प्रकार है-

"ये धर्मा हेतुप्रभवा हेतुं तेषां तथागतो ह्यवदत्।
तेषां च यो निरोधो एवं वादी महाश्रमणः॥"

इस मंत्र का तात्पर्य यह है कि कारण से उत्पन्न धर्मों के हेतु को और उनके निरोध के उपाय को महा श्रमण बुद्ध ने बताया है।

प्राचीन काल में मंदिर, विहार, प्रतिमा, पुण्यशाला आदि का निर्माण बड़ी संख्या में हुआ। ये निर्माण अधिकतर धार्मिक महिलाओं द्वारा कराये गये। इस निर्माण कार्य में उनकी स्वार्थ भावना न थी, बल्कि धर्म कर्तव्य समझ कर उनका निर्माण कराया जाता था।

भूमि दान संबंधी शिलालेखों तथा ताम्रपत्रों की संख्या बहुत बड़ी है। दान-पत्र के अंत में व्यासगीत श्लोक रहते थे, जो बृहस्पति स्मृति या पुराणों से उद्धृत किये जाते थे। जीवन की क्षणभंगुरता को देखते हुए पुण्य कार्यों के प्रति विशेष रुचि थी। मंदसौर से औलिकरवंशी शासक नरवर्मा का एक शिलालेख विक्रम सं. ४६१ (४०४ ई.) का मिला है। उसमें श्री कृष्ण के भक्त, राजा नरवर्मा का उल्लेख इस प्रकार किया गया है।

मृगतृष्णाजलस्वप्नविद्युद्दीपशिखाचलम् ।
जीवलोकमिमं ज्ञात्वा शरण्यं शरणं गतः ॥

यहाँ जीवन की उपमा मृग-मरीचिका तथा क्षणभंगुर विद्युत्-शिखा से दी गयी है। भारतीय जीवन-दर्शन में ऐहिक एवं पारलौकिक संकल्पों का समन्वय जावा (यवद्वीप) के कलस्सन नामक स्थान में प्राप्त निम्नलिखित पाषाण-लेख में दर्शनीय है :-

अनेन पुण्येन विहारजेन प्रतीत्यजातार्थविभागविज्ञाः ।
भवन्तु सर्वे विभवोपपन्ना जना जिनानामनुशासनज्ञाः ॥

उक्त विवरणों से यह बात स्पष्ट है कि भारतीय दर्शन के सैद्धांतिक तथा व्यावहारिक रूपों की जानकारी हेतु पुरातत्त्व की सामग्री कितनी अधिक सहायक है। दार्शनिकों के अतिरिक्त, रससिद्ध साहित्यकारों एवं शिल्पियों का योगदान इस दिशा में उल्लेखनीय है। साहित्य एवं शिल्प के माध्यम से इन मनीषियों ने दर्शन के गूढ़सिद्धांतों को सर्वसुलभ बनाने में निःसंदेह सराहनीय भूमिका निभायी।

भारतीय पुरातत्त्व के विवेचन से ज्ञात होगा कि आद्यैतिहासिक युग से ही भारतीय चिंतकों का समाज के साथ गहरा लगाव रहा है। समाज के प्रति वे अपना विशेष उत्तरदायित्व मानते थे। प्राचीन काल में ऋषि, मुनि ही दार्शनिक रहे हों, ऐसा नहीं था। लौकिक एवं आध्यात्मिक तत्त्वों के सम्यक् ज्ञाता तथा समाज हित में उनका सही प्रयोग करने वाले अन्य चिंतक भी दार्शनिक थे। देश-काल की बदलती परिस्थितियों के अनुरूप उन्होंने तत्त्वज्ञान को व्यावहारिक बनाने में और समाज के दिशा-प्रदर्शन में महत्त्वपूर्ण भूमिकाएँ निभायीं।

दार्शनिक के लिये अपने विषय के साथ इतिहास, साहित्य, मनोविज्ञान आदि का ज्ञान अपेक्षित है, तभी वह समाज के प्रति अपने दायित्व का उचित निर्वाह कर सकता है। श्री कृष्ण, गौतमबुद्ध, तीर्थंकर महावीर, व्यास, कौटिल्य, मनु, शंकर, तुलसीदास आदि पूर्वकालीन मनीषी इसके उदाहरण हैं।

समाज एक चैतन्य तत्त्व है। उसमें परंपराओं के प्रति गहरी आस्था होती है। किसी नये दार्शनिक सिद्धांत या विचारधारा को समाज में जल्दी प्रतिष्ठित करना आसान नहीं है। मौर्य सम्राट् अशोक ने जब तक दर्शन के शाश्वत सिद्धान्तों और नैतिक तत्त्वों के प्रचार की बात की, वह बहुत सफल रहा, परन्तु जब उसने देश के सारे समाज को बौद्ध धर्मावलम्बी बनाने की बात सोची तब वह उसमें कृतकार्य नहीं हुआ। बहुमुखी परंपराओं से अनुप्राणित समाज को एकमुखी बनाना आसान नहीं। इतिहास इसका साक्षी है।

□□□

अदवा घाटी में बृहत्पाषाणिक समाधियाँ

डॉ. शीतला प्रसाद सिंह

रीवाँ (म. प्र.)

The author in this paper has thrown light on the huge stone graves at several places in the Adavā valley situated in the northern region of Kaimūr Hills. The archaeological finds show their similarity with Kakoriyā and Koldihawā culture, dating upto 1500 B.C.

अदवा जिसके प्रवाह बेसिन का अक्षांशीय विस्तार २४°३३'४५" उत्तरी अक्षांश से ८१°५३' ५५" पूर्वी देशान्तर तक है, सोन नदी के उत्तरवर्ती दो पहाड़ियों की उपत्यका में एक संकरी घाटी में बहती है, जिसे अदवा घाटी के नाम से अभिहित करते हैं। यह कैमूर पहाड़ियों की उपत्यका दुधवरिया (बहेराडबर) से निकलकर रीवाँ से होती हुई मिर्जापुर जिले में नौगवां ग्राम के पास टोहन डॉड़ी (टोकवा ग्राम) नामक स्थान में बेलन नदी में समाहित हो जाती है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग द्वारा १९८०-८१ में अदवा घाटी में किये गए सर्वेक्षण एवं मुनहाई (२४°३७' ३०" उत्तरी अक्षांश से ८२°१३' १५" पूर्वी देशान्तर), अमहटा (२४° ३७' १५" उत्तरी अक्षांश से ८२°१३' ४५" पूर्वी देशान्तर) एवं मघा (२४° ३७' ०" उत्तरी अक्षांश से ८२° १८' ४५" पूर्वी देशान्तर) बृहत्पाषाणिक पुरास्थलों के उत्खनन के फलस्वरूप संगोरा समाधि (केयर्न सर्किल), सिस्ट समाधि एवं संगोरा समाधि के मध्य में सिस्ट बृहत्पाषाणिक समाधियाँ एवं वहाँ से प्राप्त पुरावशेषों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई (**इण्डियन आर्क्यालॉजीः ए रिव्यू** १९८०-८१ पृ. ७३)।

बृहत्पाषाणिक समाधियों का भारत में ही नहीं अपितु विश्व के पुरातत्त्व में भी महत्वपूर्ण स्थान है। पुरानी दुनिया के यूरोप, एशिया और अफ्रीका इन तीनों महाद्वीपों के विभिन्न देशों में बृहत्पाषाणिक समाधियाँ मिली हैं।

भारत में बृहत्पाषाणिक समाधियों का अत्यन्त विस्तृत क्षेत्र में प्रसार था। दक्षिणी भारत में कर्नाटक, आन्ध्रप्रदेश, केरल एवं तमिलनाडु से बृहत्पाषाणिक समाधियों के पुरास्थल प्रकाश में आ चुके हैं।

विन्ध्य क्षेत्र के मिर्जापुर जिले के दक्षिणांचल से इस तरह की समाधियों के अस्तित्व की सूचना उन्नीसवीं शताब्दी में ए. कार्लायल ने सर्वप्रथम दी थी। उत्खनन के अभाव में इन समाधियों के सांस्कृतिक स्वरूप के विषय में निश्चित रूप से कुछ कहना सम्भव न था, किन्तु १९६२-६३ ई. में दक्षिणी उत्तर प्रदेश के विन्ध्य क्षेत्र में पहाड़ी इलाके में वाराणसी, मिर्जापुर, इलाहाबाद, बांदा, एवं मध्य प्रदेश के सीधी, रीवा तथा सतना जिलों का व्यापक सर्वेक्षण किया गया (इण्डियन आर्क्यालॉजीः ए रिव्यू १९६२-६३ पृ. ३२)। जिन नदियों की घाटी का सर्वेक्षण किया गया, उनमें कर्मनाशा, चन्द्रप्रभा, गडई, जर्गो (चुनार के पास) छतर की नदी, जोगियादरी, क्यांवनाला, सिमरिया नाला, सेवती, बेलन, अदवा, टोंस, ओहन, पयस्वनी, मन्दाकिनी, आदि उल्लेखनीय है। महत्वपूर्ण स्थलों में उत्तरी-विन्ध्य क्षेत्र के वाराणसी जिले के चकिया, वाराणसी जिले के चन्द्रप्रभा नदी के दाहिने किनारे पर हथिनिया पहाड़ी, चन्द्रप्रभा नदी पर ककोरिया, एवं बेलन नदी पर कोटिया आदि विशेष उल्लेखनीय है।

अदवा क्षेत्र में बृहत्पाषाणिक समाधियों के विस्तार को आँकने के लिए यहाँ का व्यापक सर्वेक्षण किया गया, जिसके फलस्वरूप बृहत्पाषाणिक समाधियों के स्थल जिन अवस्थाओं से मिले हैं वे निम्न हैं :-

१. नदी के दक्षिणवर्ती पहाड़ के ढाल के नीचे मैदान में।

२. नदी के उत्तरी किनारे पर।

३. नदी के दक्षिणी किनारे अथवा उससे थोड़ी दूर हटकर समतल मैदान में।

इस क्षेत्र के विस्तृत सर्वेक्षण करने के परिणामस्वरूप देखने में आया है कि किसी-किसी स्थल पर बृहत्पाषाणिक समाधियों की अवशिष्ट संख्या मात्र 2 अथवा एक है। वास्तव में ऐसे स्थलों पर इनको व्यापक रूप से नष्ट किया गया है, या तो इस स्थल पर खेत बना लिए गए हैं अथवा खजाने की खोज में लोगों ने इन्हें नष्ट किया है। इधर विगत दो वर्षों से हमारे देखते देखते कई पुरास्थलों पर स्थानीय लोगों द्वारा अनेक समाधियों को नष्ट कर दिया गया है और कुछ को इतना छिन्न-भिन्न कर दिया गया है, जिन्हें पहचान पाना ही सम्भव नहीं है।

अदवा घाटी में किए गए सर्वेक्षण के फलस्वरूप बृहत्पाषाणिक समाधियों के कुल 37 पुरास्थल मिले हैं, जो निम्न हैं :-

पिपराही : (२४° ३५" उत्तरी अक्षांश से ८२° ६" पूर्वी देशान्तर)

यह स्थल अदवा नदी के दक्षिण निकटवर्ती ग्राम हरदी से ३ कि.मी. पूर्व म. प्र. में रीवा जिले के उपविभाग मऊगंज में स्थित है। यहाँ से प्राप्त संगोरा समाधि की संख्या २ है। इनमें एक धरातल से ४५ से.मी. ऊँची है जिसका व्यास ८ मीटर तथा दूसरी धरातल से १.१० मीटर ऊँची है जिसका व्यास १० मीटर है।

जोगीबीर : (२४° ३५" उत्तरी अक्षांश से ८२° ७" पूर्वी देशान्तर)

यह स्थल अदवा नदी के दक्षिण एवं पिपराही ग्राम से १ कि.मी. पूर्व म. प्र. के रीवा जिले में स्थित है। इस स्थल से प्राप्त संगोरा समाधियों की संख्या १३ है, जो धरातल से ६० से. मी. से १.१५ मीटर ऊंची है, जिनका व्यास ६ मीटर से १४ मीटर है।

बीरादेई : (२४° ३७" उत्तरी अक्षांश से ८२° ८" पूर्वी देशान्तर)

बीरादेई पुरास्थल अदवा नदी के दक्षिण एवं पिपराही ग्राम से लगभग ५ कि. मी. पूर्व मऊगंज में स्थित है। यहां से संगोरा समाधि एवं संगोरा समाधि के मध्य में सिस्ट समाधियों को मिलाकर कुल ४८ बृहत्पाषाणिक समाधियाँ मिली हैं। इनमें संगोरा समाधियाँ धरातल से ४० से. मी. से १.९२ मीटर ऊंची मिली हैं, जिनका व्यास ४ मीटर से १५.२० मीटर तक है।

नकवार : (२४° ३६" उत्तरी अक्षांश से ८२° १०" पूर्वी देशान्तर)

यह स्थल अदवा नदी के दक्षिण, पिपराही ग्राम से लगभग ७ कि.मी. पूर्व एवं निकटवर्ती ग्राम तेलदह से पश्चिम मऊगंज में स्थित है। यहाँ पर प्राप्त सम्पूर्ण संगोरा समाधियों की संख्या ५९ है।

बरदिहवा : (२४° ३५" उत्तरी अक्षांश से ८२° २" पूर्वी देशान्तर)

यह पुरास्थल अदवा नदी के दक्षिण एवं पिपराही ग्राम से लगभग ७ कि.मी. पूर्व मऊगंज में स्थित है। इस स्थल से १८ संगोरा समाधियों को मिलाकर कुल १९ बृहत्पाषाणिक समाधियाँ मिली हैं।

तेलदह : (२४° ३६" उत्तरी अक्षांश से ८२° १२" पूर्वी देशान्तर)

यह बृहत्पाषाणिक स्थल अदवा नदी के दक्षिण एवं पिपराही से लगभग ९ कि. मी. पूर्व मऊगंज में स्थित है। इस स्थल से १२ संगोरा समाधि एवं १ सिस्ट समाधि को मिलाकर कुल १३ बृहत्पाषाणिक समाधियाँ मिली हैं।

टेंड्हरिया डॉड़ी (अमहटा) : (२४° ३६" उत्तरी अक्षांश से ८२° १६" पूर्वी देशान्तर)

यह स्थल अदवा नदी के दक्षिण एवं पिपराही से लगभग १५ कि. मी. पूर्व तथा निकटवर्ती ग्राम धनुहीनार से ३ कि. मी. पश्चिम मऊगंज में स्थित है। यहां से संगोरा समाधि एवं संगोरा समाधि के मध्य में सिस्ट प्रकार की समाधियों को मिलाकर कुल ९९ बृहत्पाषाणिक समाधियाँ मिली हैं।

विजयी वाली डाँड़ी (अमहटा) : २४° ३६" उत्तरी अक्षांश से ८२° १६" पूर्वी देशान्तर)

विजयी वाली डाँड़ी (अमहटा) बृहत्पाषाणिक स्थल अदवा नदी के दक्षिण एवं पिपराही से १५ कि. मी. में स्थित है। इस स्थल से ४ संगोरा समाधि एवं २ संगोरा समाधि के मध्य में सिस्ट प्रकार की समाधियों को मिलाकर कुल ६ समाधियाँ मिली हैं।

जिगनहवा डाँड़ी (अमहटा) : (२४° ३६" उत्तरी अक्षांश से ८२° १३" पूर्वी देशान्तर)

यह बृहत्पाषाणिक पुरास्थल अदवा नदी के दक्षिण एवं पिपराही ग्राम से लगभग १४ कि. मी. पूर्व मऊगंज में स्थित है। इस स्थल से १३ संगोरा समाधियाँ एवं २ संगोरा समाधि के मध्य से सिस्ट प्रकार की समाधियों को मिलाकर १५ बृहत्पाषाणिक समाधियाँ मिली हैं।

भडकहवा डॉड़ी (अमहटा) : (२४° ३६" उत्तरी अक्षांश से ८२° १६" पूर्वी देशान्तर)

यह पुरास्थल अदवा नदी के दक्षिण एवं पिपराही ग्राम से लगभग १६ कि. मी. पूर्व मऊगंज में स्थित है। इस स्थल से संगोरा समाधि के मध्य में सिस्ट प्रकार की समाधि संख्या २ है।

अमरहिया डॉड़ी (अमहटा) : (२४° ३६" उत्तरी अक्षांश से ८२° १५" पूर्वी देशान्तर)

अमरहिया डॉड़ी (अमहटा) बृहत्पाषाणिक स्थल अदवा नदी के दक्षिण एवं पिपराही से लगभग १५ कि. मी. पूर्व में स्थित है। यहाँ से ५८ संगोरा समाधि एवं ३ संगोरा समाधि से मध्य में सिस्ट प्रकार की समाधियाँ मिली हैं।

निगोड़ी डॉड़ी (अमहटा) : (२४° ३६" उत्तरी अक्षांश से ८२° १४" पूर्वी देशान्तर)

यह स्थल अदवा नदी के दक्षिण एवं पिपराही से लगभग १४ कि.मी. पूर्व मऊगंज में है, इस स्थल से प्राप्त संगोरा समाधियों की संख्या १३ है।

हरदिहवा डॉड़ी (ठेंगराही) : (२४° ३७" उत्तरी अक्षांश से ८२° ९" पूर्वी देशान्तर)

हरदिहवा डॉड़ी (ठेंगराही) बृहत्पाषाणिक स्थल पिपराही से १२ कि. मी. पूर्व एवं निकटवर्ती ग्राम अमहटा से २ कि. मी. पश्चिम में स्थित है। यहाँ से प्राप्त संगोरा समाधि की संख्या २ है।

चौरा डॉड़ी (मुनहाई) : (२४° ३७" उत्तरी अक्षांश से ८२° १६" पूर्वी देशान्तर)

यह स्थल पिपराही से १७ कि.मी. पूर्व एवं निकटवर्ती ग्राम अमहटा से ३ कि. मी. उत्तर-पूर्व मऊगंज में स्थित है। इस स्थल से प्राप्त संगोरा समाधि की संख्या २ है।

पटपरिया डॉड़ी (मुनहाई) : (२४° ३६" उत्तरी अक्षांश से ८२° १६" पूर्वी देशान्तर)

यह बृहत्पाषाणिक पुरास्थल अदवा नदी के उत्तर पिपराही से १८ कि.मी. उत्तर-पूर्व निकटवर्ती ग्राम अमहटा से ३ कि.मी. उत्तर मऊगंज में स्थित है। यहाँ से संगोरा समाधि एवं २ संगोरा समाधि के मध्य में सिस्ट समाधियाँ मिली हैं।

दानीसोन (मुनहाई-II) : (२४° ३७" उत्तरी अक्षांश से ८२° १५" पूर्वी देशान्तर)

यह स्थान पिपराही ग्राम से लगभग १७ कि.मी. उत्तर पूर्व एवं निकटवर्ती ग्राम अमहटा से २ कि.मी. उत्तर मऊगंज में स्थित है। इस स्थल से प्राप्त संगोरा समाधि की कुल संख्या २० है।

बहरहिया डॉड़ी (महदेवा) : (२४° ३७" उत्तरी अक्षांश से ८२° ८" पूर्वी देशान्तर)

यह पुरास्थल अदवा नदी के दक्षिण एवं पिपराही ग्राम से लगभग १४ कि. मी. पूर्व रीवाँ जिले में स्थित है। इस स्थल से ७२ संगोरा समाधियाँ एवं ६ संगोरा समाधि के मध्य में सिस्ट समाधियाँ मिली हैं।

कोलानडीह (महदेवा) : (२४° ३७" उत्तरी अक्षांश से ८२° १४" पूर्वी देशान्तर)

अदवा नदी के दक्षिण एवं पिपराही ग्राम से १३ कि.मी. पूर्व मऊगंज में स्थित है। इस स्थल से संगोरा समाधि एवं संगोरा समाधि के मध्य सिस्ट प्रकार की समाधियों की कुल संख्या १८ है।

तेंदुआही डांड़ी (महदेवा) : (२४° ३६" उत्तरी अक्षांश से ८२° १२" पूर्वी देशान्तर)

अदवा नदी के दक्षिण एवं पिपराही से १३ कि.मी. उत्तर पूर्व मऊगंज में स्थित है। यहाँ से प्राप्त संगोरा समाधियों की संख्या २ है।

महदेवा ग्राम : (२४° ३६" उत्तरी अक्षांश से ८२° १२" पूर्वी देशान्तर)

महदेवा ग्राम बृहत्पाषाणिक पुरास्थल अदवा नदी के दक्षिण एवं पिपराही ग्राम से १४ कि.मी. पूर्व में स्थित है। इस स्थल से ३२ संगोरा समाधि एवं २ संगोरा समाधि के मध्य में सिस्ट समाधियाँ मिली हैं।

पकरहिया डॉड़ी (नेबूहा) : (२४° ३६" उत्तरी अक्षांश से ८२° १४" पूर्वी देशान्तर)

अदवा नदी के दक्षिण एवं पिपराही से १६ कि.मी. पूर्व एवं अमहटा से २ कि. मी. पूर्व मऊगंज में स्थित है। इस स्थल से प्राप्त संगोरा समाधि की संख्या ६४ एवं संगोरा समाधि के मध्य में सिस्ट समाधियों की संख्या ७ है।

ढेंकुहा : (२४° ३६" उत्तरी अक्षांश से ८२° १७" पूर्वी देशान्तर)

अदवा नदी के उत्तर पिपराही ग्राम से १५ कि.मी. पूर्व मऊगंज में स्थित है। यहाँ से प्राप्त संगोरा समाधि की संख्या २ है।

धनुहीनार : (२४° ३७" उत्तरी अक्षांश से ८२° १६" पूर्वी देशान्तर)

यह स्थल अदवा नदी के दक्षिण एवं पिपराही ग्राम से लगभग १८ कि.मी. पूर्व मऊगंज में स्थित है। इस स्थल से प्राप्त संगोरा समाधि की संख्या २ है।

चकरघटा डॉड़ी (बघेली टोला) : (२४° ३७" उत्तरी अक्षांश से ८२° १६" पूर्वी देशान्तर)

अदवा नदी के दक्षिण एवं पिपराही से लगभग १७ कि.मी. पूर्व मऊगंज में स्थित है। यहाँ से प्राप्त संगोरा समाधि की संख्या २ है।

बरहवा डॉड़ी (नेबूहा) : (२४° ३७" उत्तरी अक्षांश से ८२° १६" पूर्वी देशान्तर)

बरहवा डॉड़ी (नेबूहा) स्थल अदवा नदी के दक्षिण एवं पिपराही से १७ कि.मी. पूर्व एवं अमहटा से ३ कि.मी. पूर्व मऊगंज में स्थित है। इस स्थल से १ संगोरा समाधि एवं १ संगोरा समाधि के मध्य में सिस्ट समाधि मिली है।

जड़कुड़ : (२४° ३७" उत्तरी अक्षांश से ८२° १६" पूर्वी देशान्तर)

यह स्थल अदवा नदी के दक्षिण एवं पिपराही से लगभग २१ कि.मी. पूर्व, निकटवर्ती ग्राम जरबैला से १ कि.मी. दक्षिण मऊगंज में स्थित है। इस स्थल से प्राप्त संगोरा समाधियों की संख्या १६ है।

चौरासी डॉड़ी (जरबैला) : (२४° ३८" उत्तरी अक्षांश से ८२° १६" पूर्वी देशान्तर)

अदवा नदी के दक्षिण एवं पिपराही से २१ कि.मी. पूर्व रीवा जिले में स्थित है। इस स्थल से ५ संगोरा समाधि एवं २ संगोरा समाधि के मध्य में सिस्ट समाधियाँ मिली हैं।

भोडतियान टोला : (२४° ३७" उत्तरी अक्षांश से ८२° १७" पूर्वी देशान्तर)

यह स्थल अदवा नदी के दक्षिण एवं पिपराही ग्राम से २१ कि.मी. पूर्व स्थित है। यहाँ से संगोरा समाधि की संख्या ३७ एवं संगोरा समाधि के मध्य में सिस्ट की संख्या १ है।

पथरहिया : (२४° ३७" उत्तरी अक्षांश से ८२° १७" पूर्वी देशान्तर)

अदवा नदी के दक्षिण पिपराही ग्राम से २० कि.मी. पूर्व एवं निकटवर्ती ग्राम धनुहीनार से २ कि.मी. पूर्व मऊगंज में स्थित है। यहाँ से संगोरा समाधि की संख्या १८ एवं संगोरा समाधि के मध्य में सिस्ट समाधियों की संख्या ४ है।

बहेरहा डॉड़ी (मघा) : (२४° ३७" उत्तरी अक्षांश से ८२° १९" पूर्वी देशान्तर)

यह स्थल अदवा नदी के दक्षिण-पूर्व एवं पिपराही से लगभग २५ कि.मी. पूर्व मिर्जापुर जिले में स्थित है। इस स्थल से ९० संगोरा समाधि एवं ९ संगोरा समाधि के मध्य में सिस्ट समाधियाँ मिली हैं।

मुदुलिया डॉड़ी (कौलझर) : (२४° ४३" उत्तरी अक्षांश से ८२° १९" पूर्वी देशान्तर)

यह स्थल अदवा नदी के पूर्व अधेसर पहाड़ से ८ कि.मी. उत्तर एवं निकटवर्ती ग्राम ोखरा से ४ कि.मी. उत्तर मिर्जापुर जिले में स्थित है। यहाँ से प्राप्त संगोरा समाधि की संख्या ्७ एवं संगोरा समाधि के मध्य में सिस्ट समाधियों की संख्या १० है।

करौंदहा ग्राम : (२४° ४१" उत्तरी अक्षांश से ८२° २०" पूर्वी देशान्तर)

यह स्थल अदवा नदी के पूर्व एवं मनिगड़ा ग्राम से ५ कि.मी. उत्तर-पश्चिम मिर्जापुर जिले में स्थित है। यहाँ से संगोरा समाधि की संख्या ३६ एवं संगोरा समाधि के मध्य में सिस्ट की संख्या ९ है।

पथरहिया डॉड़ी (बैध) : (२४° ४६" उत्तरी अक्षांश से ८२° १९" पूर्वी देशान्तर)

पथरहिया डॉड़ी (बैधा) स्थल अदवा नदी के पश्चिम एवं निकटवर्ती ग्राम कौलझर से ४ कि.मी. पूर्व मिर्जापुर जिले में स्थित है। यहाँ से प्राप्त संगोरा समाधि की संख्या २९ एवं संगोरा समाधि के मध्य में सिस्ट समाधियों की संख्या ३ है।

चेरूलहवा डॉड़ी (बैधा) : (२४° ४४" उत्तरी अक्षांश से ८२° १९" पूर्वी देशान्तर)

यह अदवा नदी के पश्चिम एवं कौलझर ग्राम से ३ कि.मी. पश्चिम मिर्जापुर जिले में स्थित है। इस स्थल से प्राप्त संगोरा समाधि की संख्या ३१ एवं संगोरा समाधि के मध्य में सिस्ट की संख्या १२ है।

कोठीखुर्द : (२४° ४४" उत्तरी अक्षांश से ८२° १९" पूर्वी देशान्तर)

कोठी खुर्द स्थल अदवा नदी के पूर्व एवं निकटवर्ती ग्राम बैधा से २ कि.मी. उत्तर मिर्जापुर जिले में स्थित है। इस स्थल से संगोरा एवं संगोरा समाधि के मध्य में सिस्ट समाधियों की संख्या ३ है।

टिकुरी डॉड़ी (अहुगी कला) : (२४° ४६" उत्तरी अक्षांश से ८२° १८" पूर्वी देशान्तर)

यह बृहत्पाषाणिक पुरास्थल अदवा नदी के पश्चिम, बैधा ग्राम से ८ कि.मी. उत्तर एवं निकटवर्ती ग्राम कोठी खुर्द से ५ कि.मी. उत्तर मिर्जापुर जिले में स्थित है। इस स्थल से संगोरा समाधि की संख्या २७ एवं संगोरा समाधि के मध्य में सिस्ट समाधियों की संख्या १३ है।

बसुली डॉड़ी (गोर्गी) : (२४° ४५" उत्तरी अक्षांश से ८२° १८" पूर्वी देशान्तर)

यह बृहत्पाषाणिक स्थल अदवा नदी के पूर्व एवं बैधा ग्राम से लगभग ६ कि.मी. उत्तर पूर्व मिर्जापुर जिले में स्थित है। इस स्थल से प्राप्त संगोरा समाधियों की संख्या ४ है।

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि इन पुरास्थलों से संगोरा समाधि, सिस्ट समाधि, एवं संगोरा समाधि के मध्य में सिस्ट समाधियाँ मिली हैं, जिसका विवरण निम्न है:–

1. संगोरा समाधियाँ (केयर्न सर्किल) :


संगोरा समाधि के निर्माण के लिए जमीन में ३० सेमी. से लेकर १ मीटर तक गहरा गड्ढ़ा खोदा जाता था। गड्ढे के फर्श पर मनुष्य के अस्थि अवशेष, जानवरों की हड्डियाँ, मिट्टी के बर्तन, तांबे एवं लोहे के उपकरण और मनके आदि रखकर गड्ढे को मिट्टी से भर दिया जाता था। समाधि को भर देने के बाद उनके ऊपर और अगल-बगल पत्थर के टुकड़ों का एक ढेर लगा दिया जाता था। अदवा घाटी में संगोरा समाधियों का व्यास ४.२५ मीटर से १५.४५ मीटर है, जबकि ऊँचाई ४० सेमी. से १.३५ मीटर तक मिलती है।

2. सिस्ट समाधियाँ :

सिस्ट की चारों दीवारों का निर्माण चार शिलाओं से किया गया है। इनका निर्माण जमीन की सतह से ऊपर ही किया जाता था। सिस्ट समाधि की दिक् स्थापना अधिकांशतः पूर्व-पश्चिम की ओर मिलता है। पूर्वी अर्थोस्टेट में एक अर्द्धवृत्ताकार, वृत्ताकार अथवा चतुर्भुजाकार छेद होता है, जिसे प्रवेश छिद्र या गवाक्ष (पोर्ट होल) कहा जाता है। इस छिद्र का निर्माण प्रयोजन सम्भवतः मृतात्मा को समय समय पर भेंट पूजा चढ़ाने या अस्थियाँ डालने के लिए किया जाता था। सिस्ट को ऊपर से ढकने के लिए एक या एक से अधिक शिलाओं का उपयोग किया जाता था, जिसे ढक्कन (कैपिंग स्टोन) कहा जाता है। अदवा की घाटी में जो सिस्ट समाधियाँ मिली हैं, उनकी लम्बाई १०५ मीटर और उनकी चौड़ाई ६० सेमी. से १.४५ मीटर मिलती है। अदवा की सिस्ट समाधियों की शीर्ष शिलाएं (ढक्कन) अपने मूल स्थान से थोड़ा हटाई हुई मिली हैं।

3. संगोरा समाधि के मध्य में सिस्ट :

संगोरा समाधि के मध्य में सिस्ट समाधि के निर्माण के लिए जमीन में लगभग 1.37 मीटर तक गहरा आयताकार गड्ढा खोदा जाता था। अन्त्येष्टि सामग्री के रूप में कृष्ण लोहित मृद्भाण्ड, लघुपाषाण उपकरण, जानवरों की हड्डियाँ आदि रखने के बाद कब्र को गड्ढा खोदते समय निकाली हुई मिट्टी से भर दिया जाता था। समाधि को भर देने के बाद उसके ऊपर और आस-पास चारों तरफ पत्थर के टुकड़ों का एक ढेर लगा दिया जाता था। अदवा घाटी में संगोरा समाधि के मध्य में सिस्ट समाधियाँ ३० सेमी. से २.४० मीटर ऊँची मिली हैं, और इनका व्यास ४ मीटर से २४ मीटर तक है। इन समाधियों से काले एवं लाल मृद्भाण्ड, जानवरों की हड्डियाँ, जंली-मिट्टी, मनके, चूड़ियाँ एवं लघुपाषाण उपकरण मिले हैं।



सिस्ट समाधि-अदवा घाटी



संगोरा समाधियाँ-अदवा घाटी

अदवाघाटी में स्थित बृहत्पाषाणिक समाधियों के प्राप्त पुरावशेषों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि ये बृहत्पाषाणिक समाधि स्थल वाराणसी में चन्द्रप्रभा नदी पर ककोरिया एवं इलाहाबाद में बेलन नदी पर कोलडिहबा के समान है। अदवां के ही समान मृद्भाण्ड उत्तर प्रदेश के गंगा घाटी में, एटा जिले में अतरंजीख़ेड़ा द्वितीय गया जिले में चिरांड द्वितीय एवं बिहार के सरान जिले से भी प्राप्त हुए हैं। ककोरिया मृद्भाण्डों के समान डेक्कन एवं दक्षिणी भारत तथा उत्तर प्रदेश में वाराणसी जिले के बृहत्पाषाणिक संस्कृतियों से भी मिले हैं। क़कोरिया और कोलडिहवा की पात्र-परम्परा के तुलनात्मक अध्ययन के आधार पर यह कहा जा सकता है कि ककोरिया की मृद्भाण्ड परम्परा प्राचीनतर है। इस आधार पर इसके प्रचलन का समय लगभग १५०० ई.पू. माना जा सकता है। यही तिथि लगभग अदवा घाटी के बृहत्पाषाणिक समाधियों के लिए भी निश्चित की जा सकती है, क्योंकि इस क्षेत्र की बृहत्पाषाणिक समाधियों के उत्खनन से लोहे के उपकरण नहीं मिले हैं, इसलिए इन्हें ताम्रपाषाणिक काल से सम्बन्धित माना जा सकता है।

सन्दर्भ ग्रन्थ

१. "इण्डियन आर्क्यालॉजी : ए रिव्यू" १९६२-६३ पृष्ठ– ३२-३८, १९६३-६४ पृष्ठ ५७-५८, १९६७-७० पृष्ठ ३८, १९८०-८१ पृष्ठ ७२-७३

२. के.एन. दीक्षित १९६९ : "दि ओरिजिन डिस्ट्रीब्यूशन ऑफ मेगालिथ्स इन इण्डिया" बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी, वाराणसी

३. जे. एन. पाल १९८६ : "आर्क्यालॉजी ऑफ सदर्न उत्तर प्रदेश सेरामिक इण्डस्ट्रीज ऑफ नार्दर्न विन्ध्यन", इलाहाबाद।

४. जे. एन. पाण्डेय १९८३ : "पुरातत्व विमर्श" इलाहाबाद।

५. वी. डी. मिश्र ऐण्ड बी. बी. मिश्र १९७७ : "मेगालिथिक कल्चर्स आफ साउथ ईस्टर्न उत्तर प्रदेश" इन एल. गोपाल, डी. डी. कौशाम्बी कोमेमोरेशन वाल्यूम, पृष्ठ ३०९-२०, वाराणसी।

६. आर. के. वर्मा १९७७ : "भारतीय प्रागैतिहासिक संस्कृतियाँ" इलाहाबाद।

□□□



संगोरा समाधियाँ-अदवा घाटी

अदवाघाटी में स्थित बृहत्पाषाणिक समाधियों के प्राप्त पुरावशेषों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि ये बृहत्पाषाणिक समाधि स्थल वाराणसी में चन्द्रप्रभा नदी पर ककोरिया एवं इलाहाबाद में बेलन नदी पर कोलडिहबा के समान है। अदवां के ही समान मृद्भाण्ड उत्तर प्रदेश के गंगा घाटी में, एटा जिले में अतरंजीख़ेड़ा द्वितीय गया जिले में चिरांड द्वितीय एवं बिहार के सरान जिले से भी प्राप्त हुए हैं। ककोरिया मृद्भाण्डों के समान डेक्कन एवं दक्षिणी भारत तथा उत्तर प्रदेश में वाराणसी जिले के बृहत्पाषाणिक संस्कृतियों से भी मिले हैं। क़कोरिया और कोलडिहवा की पात्र-परम्परा के तुलनात्मक अध्ययन के आधार पर यह कहा जा सकता है कि ककोरिया की मृद्भाण्ड परम्परा प्राचीनतर है। इस आधार पर इसके प्रचलन का समय लगभग १५०० ई.पू. माना जा सकता है। यही तिथि लगभग अदवा घाटी के बृहत्पाषाणिक समाधियों के लिए भी निश्चित की जा सकती है, क्योंकि इस क्षेत्र की बृहत्पाषाणिक समाधियों के उत्खनन से लोहे के उपकरण नहीं मिले हैं, इसलिए इन्हें ताम्रपाषाणिक काल से सम्बन्धित माना जा सकता है।

सन्दर्भ ग्रन्थ

१. "इण्डियन आर्क्योलॉजी : ए रिव्यू" १९६२-६३ पृष्ठ– ३२-३८, १९६३-६४ पृष्ठ ५७-५८, १९६७-७० पृष्ठ ३८, १९८०-८१ पृष्ठ ७२-७३

२. के.एन. दीक्षित १९६९ : "दि ओरिजिन डिस्ट्रीब्यूशन ऑफ मेगालिथ्स इन इण्डिया" बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी, वाराणसी

३. जे. एन. पाल १९८६ : "आर्क्यालॉजी ऑफ सदर्न उत्तर प्रदेश सेरामिक इण्डस्ट्रीज ऑफ नार्दर्न विन्ध्यन", इलाहाबाद।

४. जे. एन. पाण्डेय १९८३ : "पुरातत्व विमर्श" इलाहाबाद।

५. वी. डी. मिश्र ऐण्ड बी. बी. मिश्र १९७७ : "मेगालिथिक कल्चर्स आफ साउथ ईस्टर्न उत्तर प्रदेश" इन एल. गोपाल, डी. डी. कौशाम्बी कोमेमोरेशन वाल्यूम, पृष्ठ ३०९-२०, वाराणसी।

६. आर. के. वर्मा १९७७ : "भारतीय प्रागैतिहासिक संस्कृतियाँ" इलाहाबाद।

□□□

महाकवि कालिदास का कर्म-सिद्धान्त

डॉ० उमा रानी शुक्ला

लखनऊ

The doctrine of *Karma*, as depicted in Kālidāsa's literature has been dealt with in this paper.

विश्ववन्द्य वागीश्वर महाकवि कालिदास संस्कृत-साहित्य की दिव्यतम विभूति हैं। उनकी साहित्यं-कृतियाँ श्रेयः प्रधान अभ्युदय का दिव्य साधन हैं। उन्होंने अपनी विलक्षण प्रतिभा द्वारा साहित्य में तत्त्वदर्शन की ऐसी शाश्वत ज्योति प्रकाशित की है, जो सामान्य जनों का भी सहज ग्राह्य प्रेरणा स्रोत है। उनकी रचनायें काव्यात्मक चारुता के साथ-साथ मानव-समाज को जीवन के सार्वभौम-सत्य से सुपरिचित कराती हैं। व्यावहारिक लोक जीवन एवं परमार्थसाधना का सन्तुलित समन्वय, जो भारतीय मनीषियों की तत्त्वान्वेषिणी प्रज्ञा की अद्वितीय मौलिकता है-कालिदास की काव्य-प्रतिभा का स्वाभाविक वर्ण्य- विषय बना है।

कर्म-सिद्धान्त– भारतीय दर्शन के विभिन्न प्रस्थानों में कर्म-सिद्धान्त को किसी न किसी रूप में अवश्य ही स्वीकार किया गया है। सभी भारतीय दर्शनों का इस विषय में ऐकमत्य है कि प्राणी को उसके द्वारा किये गये कर्मों का फलभोग अवश्य ही करना पड़ता है, क्योंकि अभुक्त कर्म शतकल्पपर्यन्त भी क्षीण नहीं हो सकते।[१] यदि यह कहा जाय कि कर्म न किये जाने पर तज्जन्य फल-भोग नहीं होगा, इसलिये कर्म किये ही न जायँ, तो इसका समाधान गीताकार के अनुसार इस प्रकार है कि कोई भी प्राणी कर्म किये बिना नहीं रह सकता, क्योंकि प्रकृतिज गुणों के कारण सभी प्राणी अवश होकर कर्म करते हैं।[२] ऐसी स्थिति में, जब कि कर्म अवश्यमेव कर्त्तव्य है, तो कर्म का फलभोग भी स्वयं आपतित हो जाता है। कर्म फल की यह परम्परा अनादि एवं अनन्त है, जो पुनर्जन्म अथवा पुनरागमन का हेतु है। इस कर्मबन्ध से मुक्ति प्राप्त कर लेना ही स्वरूपोपलब्धि रूप मोक्ष है। मोक्षप्रतिबन्धक कर्म-फल परम्परा की अत्यन्त जटिलता के कारण ही मोक्ष- प्रतिपादक

---

१. नाभुक्तं क्षीयते कर्म कल्पकोटिशतैरपि।
अवश्यमेव हि भोक्तव्यं कृतं कर्म शुभाशुभम्॥
स्मृतिवचनात्।

२. न हि कश्चित्क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत्।
कार्यते ह्यवशः कर्म सर्वः प्रकृतिजैर्गुणैः॥
गीता ३/५

शास्त्रों में कर्म-सिद्धान्त पर गम्भीर एवं विशद विचार किया गया है। कर्मानुरूप गति एवं फलभोग का विधान श्रुति-स्मृतिगम्य होने के कारण आर्ष-मनीषी-जनों द्वारा पूर्व विचारित ज्ञात होता है।[३]

कालिदासाभिमत कर्म-सिद्धान्त का स्वरूप–महाकवि कालिदास ने कर्म एवं तज्जन्य फल के सिद्धान्त को अत्यन्त महत्त्व दिया है। उन्होंने कर्मानुरूप फल-प्राप्ति विषयक धारणा का बड़ा ही सूक्ष्म एवं गम्भीर स्वरूप प्रकट किया है। उनकी रचनाओं में कर्म-सिद्धान्त-विषयक ऐसे विचार प्रचुर रूप में उपलब्ध होते हैं, जो कर्म-विपाक सिद्धान्त का अविकल प्रतिपादन करते हैं। उन्होंने अपनी कृतियों में कर्म-फल मीमांसा को प्रसङ्गानुकूल अनेक स्थलों पर अभिव्यक्ति दी है जिनका सङ्कलन करके विचार करने पर कवि द्वारा स्वीकृत कर्मसिद्धान्त का वास्तविक स्वरूप स्पष्ट हो जाता है।

कर्म एवं तदनुरूप शुभाशुभसंस्कार–कालिदास के अनुसार कर्म दो प्रकार के होते हैं–शुभकर्म तथा अशुभकर्म। इन द्विविध कर्मों को धर्म तथा अधर्म अथवा पुण्य एवं पापकर्म की संज्ञा प्रदान की जाती है।[४] जो कर्म आसक्तिपूर्वक काम, क्रोध, लोभ, मोह की भावना से भावित होकर किये जाते हैं, उनके किये जाने पर मनुष्य की बुद्धि में संस्कार पड़ जाते हैं, ये संस्कार ही 'कर्माशय' अथवा 'कर्मसंस्कार' कहलाते हैं। चूँकि संसार में प्राणियों द्वारा काम, क्रोध, लोभ, मोह की भावना से ही आसक्तिपूर्वक सारे कर्म किये जाते हैं, इसलिए इन कर्मों से शुभाशुभ–उभयविध संस्कार बनते हैं।[५]

पुण्य अथवा शुभकर्मों से पुण्य कर्माशय तथा पाप अथवा अशुभकर्मों से पाप कर्माशय बनते है।[६] शुभ या पुण्य कर्मों से शुभ या पुण्य संस्कार बनते हैं, जो सुखात्मक फलभोग प्रदान

---

३. रमणीयचरणा रमणीयां योनिमापद्यन्ते कपूयचरणाः कपूयां योनिमापद्यन्ते।
इति॥ (छान्दोग्योपनिषद् ५/१०/१)

४. ममैव जन्मान्तरपातकानां विपाकविस्फूर्जथुरप्रसह्यः (पापकर्म)
–रघु. १४/६२
अखण्डं पुण्यानां फलमिव तद्रूपमनघम्।
–अभि. शा. २/१०
तव सुचरितमङ्गुलीयक नूनं प्रतनु ममैव विभाव्यते फलेन।
–अभि. शा. ६/११ (पुण्यकर्म)

५. परलोकजुषां स्वकर्मभिर्गतयो भिन्नपथा हि देहिनाम्।
–रघु. ८/८५
स ते दुहितरं साक्षात्साक्षी विश्वस्य कर्मणाम्।
–कु. ६/७८ (शुभाशुभकर्म)

६. आगमैः सदृशारम्भः आरम्भसदृशोदयः।
–रघु. १/१५
प्रशस्तमारम्भमिवोत्तमार्थाः।
–कु. ७/७१ (कर्मानुरूपफल)

करते हैं। जैसे–सिद्ध, गन्धर्व, विद्याधर आदि देवयोनियों में जन्म प्राप्त करना (देवत्व प्राप्ति) तथा स्वर्गादि श्रेष्ठ लोकों की प्राप्ति।[७] कालिदास ने स्पष्ट शब्दों में स्वीकार किया है कि प्रभूत पुण्य कर्माशय प्रचय वाले प्राणियों की अभिलाषाएँ शीघ्र ही परिपक्व हो जाती हैं।[८] इसके विपरीत पाप या अशुभ कर्मों से अशुभ या पाप कर्माशय बनते हैं, जो दुःखात्मक फलभोग देते हैं। जैसे–नारकयोनि में जन्म लेना, पशुतिर्यक् आदि शरीरों की प्राप्ति तथा प्रबल दुःखभोग प्राप्ति।[९] इन शुभाशुभ कर्मों के फल वर्तमान जीवन (दृष्टजन्म) तथा भविष्यज्जीवनों (अदृष्टजन्म) में भोगे जाने योग्य होते हैं।

कर्मफल अवश्यमेव भोक्तव्य है–कालिदास ने 'मेघदूत' खण्डकाव्य में जीवन में सुख-दुःख–दोनों प्रकार के भोगों का अवश्यम्भावित्व प्रतिपादित करते हुए कर्मविपाक सिद्धान्त की इस धारणा को सुस्पष्ट करने की चेष्टा की है कि सभी प्रकार के कर्म काम, क्रोध, लोभ, मोह की भावना से ही किये जाते हैं। किसी प्राणी के प्रति किया गया उपकार अन्य किसी के प्रति अपकार रूप हो सकता है, इसलिये एक ही कर्म से शुभ तथा अशुभ द्विविध संस्कार बनते हैं। प्रत्येक प्राणी को कर्म जन्य शुभाशुभ संस्कारों के कारण ही सुखदुःख दोनों ही प्रकार के भोग भोगने पड़ते हैं।[१०] मेघदूत में आये इस प्रसङ्ग के आधार पर यह सङ्केत प्राप्त होता है कि सारे कर्म अविद्यादि पञ्चक्लेशपूर्वक किये जाने के कारण ही कर्माशयों को उत्पन्न करते हैं, और उन कर्माशयों का फल जन्म, जीवनावधि (आयु) तथा सुख-दुःख भोग रूप ही होता है।

तत्त्वज्ञान के अनन्तर फलभोग का स्वरूप—'कुमारसम्भव' महाकाव्य के षष्ठ सर्ग में आये एक प्रसङ्ग में कालिदास ने सप्तर्षियों का उल्लेख करते हुए जीवन्मुक्ति की दशा में भी प्रारब्ध कर्मों का फलभोग होना स्वीकार किया है।[११] इस मान्यता के सम्बन्ध में यह शङ्का उठती है कि जीवन्मुक्ति की दशा में तत्त्वज्ञान के अनन्तर अज्ञान की निवृत्ति हो जाने पर अविद्यादि पञ्चक्लेश नष्ट हो जाते हैं; तथा ज्ञान से पूर्वजन्मों में किये गये कर्मों का क्षय हो जाने के कारण प्रारब्ध कर्मों का फलभोग क्यों हुआ करता है ? उनका भी नाश हो जाना आपतित है। इस शङ्का का निराकरण शास्त्रकारों

---

७. पयोधरैः पुण्यजनाङ्गनानां निर्विष्टहेमाम्बुजरेणु यस्याः।–रघु. १३/६०
कौमुद्वतेयः कुमुदावदातैर्द्यामर्जितां कर्मभिरारुरोह।–रघु. १८/३
तस्मिन्गते द्यां सुकृतोपलब्धां तत्सम्भवं शङ्खणमर्णवान्ताः।–रघु. १८/२२
सा तस्य कर्मनिर्वृत्तैर्दूरं पश्चात्कृता फलैः।–रघु. १७/१८
शेषैः पुण्यैर्हृतमिव दिवः कान्तिमत्खण्डमेकम्॥ मेघदूत १/३०

८. सद्य एव सुकृतां हि पच्यते कल्पवृक्षफलधर्मिकाङ्क्षितम्।–रघु. ११/५०

९. राजाऽपि तद्वियोगार्तः स्मृत्वा शापं स्वकर्मजम्। रघु. १२/१०
द्रष्टव्य-विक्रमो. चतुर्थअंक, रघु. १०/३९ एवं १४/६२

१०. कस्यैकान्तं सुखमुपनतं दुःखमेकान्ततो वा॥
नीचैर्गच्छत्युपरि च दशा चक्रनेमिक्रमेण॥ मेघदूत २/४४

११. प्राक्तनानां विशुद्धानां परिपाकमुपेयुषाम्।
तपसामुपभुञ्जानाः फलान्यपि तपस्विनः॥ कु. ६/१०

ने इस प्रकार किया है कि यदि यह स्वीकार किया जाय कि कर्मसंस्कारों का विपाक जीवों में अज्ञान अर्थात् अविद्यादि क्लेशों की विद्यमानता रहने पर हीं हो सकता है, और क्लेशों के उच्छिन्न हो जाने पर नहीं हो सकता; तब तो जीवन्मुक्त प्राणियों के अविद्यादि क्लेशों की समाप्ति हो जाने पर जीवन्मुक्ति की दशा में किसी भी प्रकार के कर्माशयों का भोग नहीं होगा; किन्तु इस अनिष्ट-प्रसङ्ग के निराकरण के लिये शास्त्रों में यह उल्लेख किया गया है कि कर्माशयों के विपाकारम्भी होने के समय तक प्राणी में क्लेशों (अज्ञान) की सत्ता की विद्यमानता अनिवार्य होती है; किन्तु पूरे विपाककाल तक क्लेशों की सत्ता की अनिवार्यता आवश्यक नहीं है।[१२] ऐसा मानने पर जीवन्मुक्ति की दशा में प्रारब्धकर्मों के फलभोग होने की मान्यता में अनर्थ-प्रसक्ति न होगी। तात्पर्य यह है कि जो कर्माशय अविद्या के रहने पर विपाकारम्भी हो जाते हैं, वे ही फलभोग देते हैं; किन्तु क्लेशोच्छेद हो जाने पर कर्माशयों का विपाक नहीं हुआ करता।

अब प्रश्न यह उठता है कि प्रारब्ध कर्माशय किसे कहते हैं ? जिनकी फलप्रदता तत्त्वज्ञान के बाद भी नहीं अवरुद्ध हो पाती। शास्त्रों में कर्मविपाक सिद्धान्त का सही-सही रूप स्पष्ट करते हुए कर्माशयों का त्रैविध्य निरूपित किया गया है। ऐसे कर्मसंस्कार जिनका फलभोग मिलना प्रारम्भ हो चुका होता है, वे **'प्रारब्ध'** कर्माशय कहे जाते हैं। पूर्वजन्मों में किये गये अनारब्धफलक कर्माशयों को **'सञ्चित'** कर्मसंस्कार तथा वर्तमान जीवन में किये गये तथा किये जाने वाले अनारब्धफलक कर्मसंस्कारों को **'क्रियमाण'** कर्माशय की संज्ञा प्रदान की गयी है।[१३] इनमें से प्रारब्ध कर्माशय बड़े प्रबल कहे जाते हैं; क्योंकि इनकी फलप्रदता को ज्ञानाग्नि भी नहीं रोक पाती। प्रारब्धकर्माशय तथा उनकी नियत फलप्रदता का कालिदास ने अपनी रचनाओं में अनेकशः सङ्केत किया है। **'विक्रमोर्वशीय'** त्रोटक के तृतीय अङ्क में आये हुए एक प्रसङ्ग में प्रारब्ध कर्माशयों का प्राबल्य स्पष्ट करते हुए कालिदास ने यह स्वीकार किया है कि प्रारब्धकर्मों के विपाकोन्मुख होने पर बुद्धि तथा इन्द्रियों की स्थिति भी तदनुरूप (अर्थात् प्रारब्धकर्मों के विपाक के अनुरूप) हो जाती है।[१४]

प्रारब्ध कर्माशयों के वर्णनप्रसङ्ग में कालिदास ने भाग्य, विधि, भवितव्यता, दैव आदि पदों का प्रयोग किया है।[१५] पूर्वजन्मों में किये गये जिन सञ्चित एवं क्रियमाण कर्मसंस्कारों का फल

---

१२. क्लेशमूलः कर्माशयो दृष्टादृष्टजन्मवेदनीयः।—पातञ्जलयोगसूत्र २/१२
'सति मूले तद्विपाको जात्यायुर्भोगाः।' वही २/१३

१३. स्नात्वा तव सुलभ्यायां भाग्यैः परिपचेलिमैः॥
चरितार्थं स्वमात्मानं बहु ता मेनिरे मुदा॥ कु. १०/५३ सञ्चितकर्म

१४. भवितव्यतानुविधायीनि बुद्धीन्द्रियाणि। विक्रमो. तृतीय अंक

१५. विधिनियोगेन.—माल. पञ्चम अङ्क
भवितव्यतानां द्वाराणि भवन्ति सर्वत्र.—अभि. शा. १/१५
भवितव्यता खलु बलवती.—अभि. शा. षष्ठ अङ्क
नास्ति विधेरलङ्घनीयम्—विक्रमो. चतुर्थ अङ्क
दैवमस्याः शमयितुं सोमतीर्थं गतः।—अभि. शा. प्रथम अङ्क

मिलना नहीं आरम्भ हुआ रहता, ज्ञानोदय से उनका ही नाश हो जाना निश्चित है। 'रघुवंश' महाकाव्य के अष्टमसर्ग में इस तथ्य की तथ्यता प्रतिपादित करते हुए कालिदास ने स्पष्ट शब्दों में स्वीकार किया है कि ज्ञानाग्नि द्वारा अनारब्धफलक अर्थात् सञ्चित एवं क्रियमाण कर्मसंस्कारों की ही दग्धबीजता होती है; प्रारब्धकर्माशयों की नहीं।[१६] तात्पर्य यह है कि जिन कर्मों के फलोन्मुख होने पर जीव को प्रकृत जन्म प्राप्त हुआ, और उस जन्म में तत्त्व-ज्ञान हुआ, वे कर्म (प्रारब्ध) दग्ध नहीं होते, तद्व्यतिरिक्त अन्य सकल कर्माशय-प्रचय का ब्रह्मज्ञान के अनन्तर विनाश हो जाता है; इसीलिए प्रवृत्तफलक (प्रारब्ध) कर्माशयों को ज्ञान-फल (मोक्ष) का प्रतिबन्धक माना जाता है, तथापि वे ऐकान्तिक रूप से प्रतिबन्धक नहीं होते, क्योंकि प्रारब्ध कर्मों का फलभोग द्वारा क्षय होने पर ज्ञानी को मुक्ति (विदेहकैवल्य) प्राप्त होती है।[१७]

कर्माशय-विपाक– अब प्रश्न यह उठता है कि एक कर्माशय एक 'जन्म' (नामक फलभोग) प्रदान करता है अथवा अनेक? अन्य विकल्प यह है कि अनेक कर्मों से अनेक जन्म मिलते हैं, या एक ? इसका समाधान शास्त्रकारों ने इस प्रकार दिया है कि एक कर्माशय से एक या अनेक जन्म स्वीकार करने पर उनके फलभोग के समय का अभाव होने के कारण लोक में कर्मफल सिद्धान्त के प्रति अनाश्वास प्रसक्त होगा, जो कि सर्वथा अनभीष्ट है, इसी प्रकार द्वितीय विकल्प में प्रथम पक्ष में भी पूर्वदोषानुषङ्ग होने के कारण उसे नहीं स्वीकार किया जा सकता। द्वितीय पक्ष में अनेक कर्माशयों से एक जन्म का सिद्धान्त स्वीकार किया जाता है।

शास्त्रों में कर्मविपाक प्रक्रिया का निरूपण इस प्रकार किया गया है कि एक जन्म और उसके बाद वाली मृत्यु के बीच किये गये कर्मों से बने हुए पुण्यापुण्य संस्कारों का चित्त में गुण-प्रधानभाव से अवस्थित एक गठ्ठर-सा बना रहता है, जिसके शुभाशुभत्व का प्रकाशन उस मृत्यु से हुआ करता है। वह पुञ्जीभूत कर्माशय-प्रचय ही अपने फलों के अनुकूल अगला जन्म देता है, तथा उस अगले जीवन की आयु तथा फलभोग भी निर्धारित करता है। जन्म, आयु तथा भोग–यही तीन मुख्य विपाक अथवा फल कर्मसंस्कारों से प्राप्त होते हैं।

कालिदास ने शास्त्रोक्त विचारधारा को दृढ़ मान्यता प्रदान करते हुए मृत्यु के पश्चात् प्राणियों की गति कर्मानुरूप ही स्वीकृत की है। 'रघुवंश' महाकाव्य के अष्टमसर्ग में आये हुए एक प्रसङ्ग में कालिदास ने मृत्यु के बाद परलोकगमन करने वाले प्राणियों की गति उनके द्वारा किये पुण्यापुण्य कर्मों के आधार पर निर्धारित की है।[१८] उसी सर्ग के एक पाठान्तर श्लोक में

१६. इतरो दहने स्वकर्मणां ववृते ज्ञानमयेन वह्निना।–रघु. ८/२०
कर्मबन्धश्छिदं धर्मं भवस्येव मुमुक्षवः।–कु. २/५१
द्रष्टव्य–ज्ञानाग्निः सर्वकर्माणि भस्मसात्कुरुते अर्जुन।–गीता ४/३७

१७. –कु. ६/१०

१८. रुदता कुत एव सा पुनर्भवता नानुमृताऽपि लभ्यते॥
परलोकजुषां स्वकर्मभिर्गतयो भिन्नपथा हि देहिनः॥ रघु. ८/८५

प्राप्त सङ्केतों के आधार पर मरण के उपरान्त प्राणियों की गति का कर्म के अधीन होना स्पष्ट प्रतीत होता है।[१९] 'रघुवंश' के 'अजविलाप' नामक प्रसङ्ग में आये हुए इस श्लोक का तात्पर्य यह है कि अज की मृत्यु के बाद भी इन्दुमती उन्हें नहीं मिल सकती; क्योंकि उसे उसके किये गये शुभाशुभ कर्मों के अनुसार भिन्न जन्म तथा भोग (जात्यायुर्भोग रूप कर्मविपाक) प्राप्त होगा, तथा अज को उनके द्वारा किये गये शुभाशुभकर्मानुरूप भिन्न फल प्राप्त होगा; क्योंकि प्राणियों की फलप्राप्ति रूप गति कर्म के द्वारा ही निश्चित हुआ करती है। इस प्रसङ्ग में कालिदास प्राणियों के कर्मानुरूप उनके आगामी जात्यायुर्भोगरूप गति का सिद्धान्त स्वीकार करते हैं।

कर्मफल की दृष्टि से कर्माशयों में भेद—ऐसे कर्मसंस्कार जो जन्म, आयु, भोग–तीनों फल प्रदान करते हैं, वे त्रिविपाक कर्माशय कहलाते हैं, ये अदृष्टजन्मवेदनीय भी होते हैं। ये ही 'जन्म' नामक फल दे चुकने के बाद प्रारब्ध कहे जाते हैं। अदृष्टजन्मवेदनीय त्रिविपाक कर्माशय नियत समय में विपाक देने के कारण 'नियतविपाक' तथा 'जन्म' नामक फल देने के कारण 'एकभविक' कहलाते हैं। इसके विपरीत दृष्टजन्मवेदनीय कर्माशयप्रचय 'जन्म' नामक फ़ल नहीं देते। वे केवल 'भोग' या 'आयु' देने के कारण अथवा दोनों देने के कारण 'एकविपाक' तथा 'द्विविपाक' कहे जाते हैं। इनमें से एकभविकत्व वाला नियम अदृष्टजन्मवेदनीय त्रिविपाक नियत विपाक कर्माशयों में ही घटित होता है, दृष्टजन्मवेदनीय कर्माशयों में नहीं। अदृष्टजन्मवेदनीय कर्माशयों से कुछ केवल 'आयु' अथवा 'भोग' देने के कारण अथवा दोनों देने के कारण 'एकविपाक' तथा द्विविपाक भी होते हैं, वे कर्माशय 'अनियतविपाककर्माशय' कहलाते हैं। उनकी गति अत्यन्त विचित्र होती है। उनके फलभोग की तीन स्थितियाँ हो सकती हैं। प्रथम स्थिति में तो ऐसे कर्माशय (अदृष्टजन्मवेदनीय अनियत विपाक कर्माशय प्रचय) बिना फल प्रदान किये ही प्रबल प्रायश्चित आदि के फलस्वरूप अत्यन्त क्षीण होकर नष्ट हो जाते हैं, अथवा दूसरी दशा में ये कर्माशय प्रबल कर्माशयों में अन्तर्भावित होकर उनके साथ-साथ फल प्रदान करते हैं। तृतीय स्थिति में ऐसे कर्माशय प्रचय नियतविपाक प्रधान कर्माशयों के द्वारा अभिभूत होकर बहुत जन्मों तक पड़े रहते हैं, तथा अपने अनुकूल परिस्थिति आने पर फल देते हैं।

शास्त्रों में निर्दिष्ट इस सिद्धान्त को स्वीकार करते हुए कालिदास स्वयं कर्मसिद्धान्त की जटिलता का प्रतिपादन करते हैं। 'रघुवंश' महाकाव्य के चतुर्दशसर्ग में आये हुए 'सीता वनवास' के प्रसङ्ग में कालिदास ने इसी तृतीय गतिक अदृष्ट जन्मवेदनीय अनियत विपाक कर्माशय प्रचय की फलप्रदता का उल्लेख किया है।[२०] उक्त श्लोक का अर्थ यह है कि सीता के पूर्वजन्मकृत किसी प्रबल पापकर्माशय का ही यह दुष्प्रसह्य विपाक है, जो कि राम ने उसका परित्याग कर

१९. रुदितेन न सा निवर्तते नृप तावत्तदनर्थकं तव।
न भवाननुसंस्थितोऽपि तां लभते कर्मवशा हि देहिनः। रघुवंश ८/८५ के स्थान पर पाठान्तरश्लोक द्रष्टव्य–निर्णयसागर प्रेस बम्बई, १९४८ ई. एकादशसंस्करण पृ. सं. २१४

२०. –रघु. १४/६२

दिया। चूंकि सीता धर्मधारिणी पुण्यात्मा थी, अतएव इस असह्य कष्ट-प्रपत्ति का हेतु जन्मान्तरकृत ऐसा कोई पातक कर्म है, जो चिरकाल से चित्त में स्थित था, जिसने स्वविपाकानुकूल अवसर आने पर फल प्रदान किया। इसी प्रकार अन्यत्र भी कवि ने **'अभिज्ञानशाकुन्तल'** के सप्तम अङ्क में तापसकन्या पुण्यात्मा शकुन्तला के प्रति दुष्यन्त की विस्मृति एवं उसके द्वारा शकुन्तला के परित्याग के सम्बन्ध में अदृष्ट जन्म वेदनीय अनियत विपाक कर्माशयों की अनुकूल फलप्रद स्थिति का स्पष्ट सङ्केत किया है।[२१] **'अभिज्ञानशाकुन्तल'** के प्रथम अङ्क में आये एक अन्य प्रसङ्ग में भी कालिदास ने अदृष्टजन्मवेदनीय अनियतविपाक कर्माशय प्रचय का प्रबल प्रायश्चित्तादि कर्मों के द्वारा क्षीण हो जाना प्रतिपादित किया है। महर्षि कण्व शकुन्तला के द्वारा पूर्वजन्म में किये गये किसी पापकर्म की भावी फलोन्मुखता को दिव्य-चक्षुओं द्वारा देखकर उस अनिष्ट के शमन के लिये सोमतीर्थ जाते हैं।[२२] इस प्रसङ्ग में कालिदास ने स्पष्ट रूप से अदृष्टजन्मवेदनीय अनियत विपाक कर्मसंस्कारों का धार्मिक कृत्यों से क्षीण हो जाना स्वीकार किया है।

अदृष्टजन्मवेदनीय अनियत विपाक कर्माशय के फलोन्मुख होने की स्थिति कब और कहाँ किस समय आयेगी, यह निश्चित नहीं रहती। कब इस प्रकार के संस्कार फलोन्मुख होंगे, यह अज्ञात होने के कारण कर्म की गति दुर्विज्ञेय तथा विचित्र कही जाती है। इसी प्रकार के कर्माशयों के लिये कालिदास ने विधि (प्रारब्ध) को अलङ्घनीय बताया है।[२३]

वृत्ति-संस्कार चक्र—महाकवि कालिदास ने अपनी रचनाओं में 'वृत्ति-संस्कार-चक्र' का अनेकशः उल्लेख किया है। इस अनादि वृत्ति-संस्कार चक्र के सम्बन्ध में शास्त्रों में यह स्पष्ट रूप से प्रतिपादित किया गया है कि किसी भी कर्म को करने पर चित्त में दो प्रकार के संस्कार बनते हैं। प्रथम तो शुभाशुभकर्मजन्य संस्कार, जो फलभोग देने के बाद नष्ट हो जाते हैं, और दूसरे वे जो शुभाशुभ कर्माशयों के फलभोग के अनुभव से उत्पन्न होते हैं। इन्हें 'वासना संस्कार' कहते हैं। प्राणियों को चित्त क्लेश एवं कर्मजन्य फलानुभव के कारण उत्पन्न हुए वासना संस्कारों के द्वारा अनादिकाल से उपचित सर्वथा विविध वर्णान्वित-सा बना रहता है। चित्त को चित्रित करने वाली ये वासनायें अनेक जन्मों में सञ्चित होने के कारण 'अनेकभवपूर्विका' होती हैं। ये वासना संस्कार ही अनादिकालिक होने के कारण स्मृत्युत्पादक होते हैं। ये संस्कार कर्माशयों की भाँति जात्यायुर्भोग इत्यादि कोई फल नहीं उत्पन्न करते; किन्तु त्रिविध फलानुभवों की स्मृति भर कराते हैं। वासना संस्कार विपाकजन्य होने के कारण चित्त में अव्यक्त पड़े रहते हैं, तथा जिस प्रकार का कर्मविपाक मिलना होता है उसी के अनुरूप उनकी (वासना संस्कारों की) अभिव्यक्ति होने लगती है। इस

---

२१. नूनं मे सुचरितप्रतिबन्धकं पुराकृतं तेषु दिवसेषु परिणामाभिमुखमासीद्। **अभि. शा.**, सप्तम अङ्क

२२. —**अभि. शा.** प्रथम अङ्क

२३. नास्ति विधेरलङ्घनीयम्। **विक्रमो.** चतुर्थ अङ्क

वासनाभिव्यक्ति में देश काल तथा बीच के जन्मों का अन्तर आ जाने पर कोई भी बाधा नहीं पड़ती; इसीलिये जिस प्रकार का फलभोग होने को होता है तत्तद्रूप वासना संस्कार अव्यवहितरूप से अभिव्यक्त होने लगते हैं।[२४]

शास्त्रोपदिष्ट उपरोक्त सिद्धान्तों को अक्षरशः स्वीकृत करते हुए कालिदास ने 'स्मृति' के प्रसङ्ग में स्मृति के कारणभूत चित्तस्थ वासना संस्कारों का स्पष्ट उल्लेख किया है। **'अभिज्ञान शाकुन्तल'** के पञ्चम अङ्क में आये हुए एक प्रसङ्ग में कालिदास ने दुष्यन्त के द्वारा अज्ञानपूर्वक जन्मान्तर की मित्रता का स्मरण किये जाने पर उस स्मृति का कारण चित्त में पूर्वजन्म के अनुभूत प्रणय जन्य संस्कारों को माना है, अर्थात् पूर्वजन्म में अनुभव किये गये प्रणय-व्यापार से ही दुष्यन्त के चित्त में दृढ वासना संस्कार बने, और वे ही समयानुसार हंसपादिका द्वारा गाये गये विरहगीत रूप आलम्बन के कारण उद्बुद्ध होकर अभिव्यक्त होने लगे।[२५] अन्यत्र भी महाकवि ने **'कुमारसम्भव'** महाकाव्य के प्रथम सर्ग में पार्वती के द्वारा विद्याध्ययन काल में आचार्य के उपदेशों को अनायास ही कण्ठस्थ किये जाने पर उसके कारण के रूप में पूर्वजन्म में गृहीत विद्याओं के कारण तज्जन्य संस्कारों (वृत्ति-संस्कार) का उल्लेख किया है, अर्थात् वे पूर्वजन्मार्जित वासना संस्कार ही पार्वती के द्वारा प्रकृत जन्म में विद्यार्जन करते समय सरल ग्रहणशीलता का प्रमुख कारण हैं।[२६] **'रघुवंश'** महाकाव्य के सप्तम सर्ग में 'इन्दुमती स्वयंवर' के प्रसङ्ग में कवि ने इन्दुमती के द्वारा अज का वरण किये जाने पर जन्मान्तर-साहचर्य से उत्पन्न वासनाओं के कारण तदनुरूप अभिव्यक्ति (वासनाभिव्यक्ति) का सङ्केत किया है। इसी प्रकार **'रघुवंश'** के ही एकादशसर्ग में यह वर्णन प्राप्त होता है कि वामनाश्रम में पहुँचकर राम के द्वारा वामनावतार में प्राप्त अनुभवों से उद्भूत वासनासंस्कारों के कारण ही प्रकृत जन्म (रामावतार) में उन्हें पूर्वजन्म की चेष्टाओं का स्मरण न कर पाने पर भी कुछ उत्कण्ठा अवश्य हो आयी थी।[२७] तात्पर्य यह है कि राम तथा वामन के तत्त्वतः एक होने के कारण ही उन्हें पूर्वजन्मकृत कर्मों की (संस्कारजजन्य) स्मृति हुई थी।

'अभिज्ञानशाकुन्तल' के पञ्चम अङ्क में आये द्वितीय श्लोक के आधार पर यह भी सुस्पष्ट हो जाता है कि जिस प्रकार का फलभोग होने को होता है, तदनुरूप ही वासनायें अभिव्यक्त होती हैं; क्योंकि स्मृति और संस्कारों में एकरूपता होती है। राजा दुष्यन्त के

---

२४. ततस्तद्विपाकानुगुणानामेवाभिव्यक्तिर्वासनानाम्। पात. योगसूत्र ४/८
जातिदेशकालव्यवहितानामप्यानन्तर्यं स्मृतिसंस्कारयोरेकरूपत्वात्॥–यो. सू. ४/९

२५. तच्चेतसा स्मरति नूनमबोधपूर्वम्
भावस्थिराणि जननान्तरसौहृदानि। अभि. शा. ५/२

२६. मनो हि जन्मान्तरसङ्गतिज्ञम्–रघु. ७/१५

२७. वामनाश्रमपदं ततः परं पावनं श्रुतमृषेरुपेयिवान्।
उन्मनाः प्रथमजन्मचेष्टितान्यस्मरन्नपि बभूव राघवः॥–रघु. ११/२२

चित्त में स्थित पूर्वकालिक प्रणय के अनुभव से उत्पन्न वासनायें शकुन्तला के मिलन तथा वियोग की भावी सूचना दे रही हैं, अर्थात् राजा को शकुन्तला के आगामी दीर्घकालिक वियोग की सूचना पूर्वानुभवजन्य वासना संस्कारों के द्वारा पहले ही प्राप्त हो रही है। वस्तुतः वासनाओं की अभिव्यक्ति ही 'स्मृति' पद से, तथा वासनायें ही 'संस्कार' पद से अभिहित की जाती हैं। जैसे अनुभव होते हैं, तदनुरूप ही तज्जन्य संस्कार भी होते हैं, और ये संस्कार (वासनायें) कर्मजन्य संस्कारों के अनुरूप होते हैं।

अनेक जन्मों से चित्त में वासनाओं की संस्थिति होने के कारण चित्त मत्स्य-जाल के समान चित्रीकृत-सा रहता है। कर्म-संस्कार तो फलभोग देने के बाद समाप्त हो जाते हैं। यहाँ यह शङ्का उठती है कि वासनाओं के अनादि होने के कारण उनकी नित्यता भी प्रसक्त होगी। उस दशा में न तो वासनाओं से कभी मुक्ति मिल सकती है, और न ही तत्प्रयुक्त संसार-चक्र के आवागमन से। इस अनर्थ-प्रसक्ति के निराकरणार्थ ही शास्त्रों में प्रतिपादित किया गया है कि जिन निमित्तों द्वारा वासनायें बनती हैं, और एकत्र होती हैं, उन निमित्तों का उच्छेद हो जाने पर वासनाओं का भी उच्छेद हो जाता है; अत एव वासनासंस्कारों की हेतुभूत 'अविद्या' की निवृत्ति हो जाने पर वासना संस्कारों का भी अभाव हो जाता है।

'रघुवंश' महाकाव्य के प्रथम सर्ग में आये हुए एक प्रसङ्ग में कहा गया है कि पूर्वजन्म में किये गये कर्मों से उत्पन्न संस्कारों का अनुमान प्रकृत जन्म में किये जाने वाले कार्यों के आधार पर किया जा सकता है, अर्थात् प्रकृत जन्म में किये जाने वाले शुभाशुभकर्मों में प्रवृत्ति शुभाशुभ संस्कारों की प्रेरणा से ही सम्भव होती है। तात्पर्य यह है कि जैसे संस्कार होंगे, वैसी ही कार्यात्मक प्रवृत्ति होगी, और जैसे कर्म किये जायेंगे, वैसे ही (तज्जन्य) संस्कार बनेंगे।[२८] इस प्रकार वृत्ति-संस्कार-चक्र की अनादि परम्परा चलती रहती है। यहाँ कालिदास ने वृत्तिसंस्कार की जिस परम्परा का सङ्केत किया है, उसका वास्तविक-स्वरूप शास्त्रकारों ने इस प्रकार स्पष्ट किया है कि वस्तुतः चित्त की सात्त्विक, राजस तथा तामस स्थितियाँ ही उसकी वृत्तियाँ हैं। ये वृत्तियाँ, क्लेशमूलक तथा कलेश-रहित होती हैं। क्लेशों से उत्पन्न होने वाली वृत्ति कर्म-संस्कार समूह को उत्पन्न करती है। जिन वृत्तियों से जैसे संस्कार उत्पन्न होते हैं, उन संस्कारों से वैसी ही वृत्तियाँ बनती हैं। वे संस्कार अपने उद्बोधक के द्वारा अभिव्यक्त होते हैं, तथा तदाकाराकारित 'स्मृति' को उत्पन्न करते हैं। इस प्रकार वृत्ति-संस्कार का यह अबाध चक्र अनवरत आवृत्त होता रहता है। अज्ञान अर्थात् अविद्यादि क्लेशों के नष्ट हो जाने पर इस वृत्ति-संस्कार चक्र का भी नाश हो जाता है; किन्तु जिस प्रकार कुलाल चक्र दण्ड हटा लेने पर भी कुछ देर तक घूमता रहता है और घूमते-घूमते

---

२८. "फलानुमेयाः प्रारम्भाः संस्काराः प्राक्तना इव।" रघुवंश,

वेग शान्त होने पर अपने-आप रुक जाता है, उसी तरह वृत्ति-संस्कार-चक्र अज्ञान की निवृत्ति हो जाने पर भी शनै शनैः प्रारब्ध कर्मों के फलभोग के द्वारा क्षय होते हुए समाप्त हो जाता है, तब ज्ञानी की विदेह-मुक्ति हो जाती है।

निष्कर्ष–महाकवि कालिदास की कर्म-फल मीमांसा का सम्यक् विश्लेषण कर लेने पर यह स्पष्ट रूप से प्रकाशित हो जाता है कि वे कर्म तथा तज्जन्य फलभोग की नियत शास्त्रीय अवधारणा को अवश्य ही मानते हैं। उनकी दृष्टि में व्यक्ति को उसके द्वारा किये गये कर्मों का फल अवश्य ही भोगना पड़ता है। कर्म तथा फलभोग की यह परम्परा बड़ी ही विचित्र एवं जटिल है। प्राणी को इससे मुक्ति तत्त्वज्ञान के अनन्तर ही प्राप्त हो सकती है। कालिदास स्वयं भी तत्त्वज्ञान से कर्म-संस्कारों के विनाश का स्पष्ट रूप से उल्लेख करते हैं।[२९]

□□□

२९. इतरो दहने स्वकर्मणां ववृते ज्ञानमयेन वह्निना ॥–रघु. ८/२०

संस्कृत में पञ्चाल-इतिहास के कुछ बिखरे सूत्र

डॉ. कैलाशनाथ द्विवेदी

कोंच (जालौन)

The historical references concerning ancient Pañcāla, found in the post-Vedic Sanskrit Literature, should be studied and verified in the light of archaeological evidences. It would surely help in knowing certain unknown aspects of Pañcāla's glorious history and culture.

संस्कृत वाङ्मय में पुरातन पञ्चाल - इतिहास के अनेक बिखरे सूत्र संलक्षित होते हैं, जिन्हें सँजोकर प्राप्त प्राचीन मुद्राओं, मुहरों, शिलालेखों, ताम्रपत्रों, स्तम्भ-अभिलेखों, पाषाण-मृण्मय मूर्तियों, वैदेशिक यात्रियों के यात्रा-वर्णनों आदि के आलोक में इनकी प्रामाणिकता को सम्पुष्ट किया जा सकता है। वैदिकयुगीन तृत्सुओं (पुरुओं, कौरवों या भरतों) का राजनैतिक वर्चस्व उत्तर वैदिक कालीन सप्तसैन्धव प्रदेश[१] से पूर्व में गंगा-यमुना के मध्यवर्ति ब्रह्मर्षि[२] देश तक बढ़ गया था। दाशराज्ञ युद्ध के विजेता तृत्सुराज पैजवन सुदास 'वीतहव्य' का एकछत्र शासन क्षेत्र 'पंचाल' नाम से परवर्ती वैदिक[३] साहित्य में उल्लिखित है।

पुराण-साहित्य[४] में 'पञ्चाल' के प्रारम्भिक गठन एवं अभिधान का इतिहास वर्णित है। महाराज भद्राश्व (हर्यश्व) के पाँच पुत्रों के द्वारा समवेत विजित, शासित एवं संरक्षित होने के कारण इस राज्य का 'पञ्चाल' नाम प्रचलित हुआ था।

---

१. द्रष्टव्य लेखक का डी. लिट्, शोध ग्रन्थ सप्तसैन्धव प्रदेश (ऋग्वैदिक भूगोल, साहित्य निकेतन, कानपुर १९८४ संस्करण

२. मनुस्मृति २/१९ कुरुक्षेत्रं च मत्स्याश्च पञ्चालाः शूरसेनकाः।
एष ब्रह्मर्षिदेशो वै ब्रह्मावर्तादनन्तरः ॥

३. काठक संहिता—३०/२ वाजसनेयिसंहिता-११/३/३, ऐतरेय ब्राह्मण—८/२३, गोपथ ब्राह्मण—१/२/९, शतपथ ब्रा.–१३/५/४-७, तैत्तिरीय ब्रा. १८/४/१-२, बृहदारण्यक उप. ३/१/१,६/१/१ (तत्र कुरुपञ्चालानां ब्राह्मणा अभिरूपेता बभूवुः) छान्दोग्योपनिषद्–३/५/३१

४. मत्स्य पुराण–५०/४०, विष्णुपुराण–४/१९/५९ "तस्मान्मुद्गल सृञ्जय बृहदिषु यवीनर काम्पिल्यः संज्ञा पञ्चानामेव तेषां विषयाणां रक्षणायालभेते मत्पुत्रा इति पित्राभिहिता पाञ्चालाः।"
वायुपुराण में 'यवीनर' के स्थान पर 'यवीमान', काम्पिल्य' के स्थान पर 'कृमीलाश्व' नाम उल्लिखित हैं।
श्रीमद्भागवत पुराण-९/२/३१ भार्म्याश्वस्तनयस्तस्य पञ्चासन् मुद्गलादयः।
यवीनरो बृहदिषुः काम्पिल्यः संजयः सुताः।
भर्माश्व प्राह पुत्राणां मे पञ्चानां रक्षणाय हि।
विषयाणामलमिमे इति पञ्चालसंज्ञिताः ॥

महाभारत के शान्तिपर्व में 'पञ्चाल' नाम के राजर्षि का वर्णन पाया जाता है[५] जिनकी वंश परम्परा भी परवर्ती काल में '**पाञ्चाल**' नाम से प्रचलित हुई।

महाकाव्यकालीन 'मध्यदेश' अथवा 'आर्यावर्त्त' के सोलह महाजनपदों में 'पंञ्चाल' की स्थिति हृदयवत् थी, जिसका उल्लेख महाभारत में इस प्रकार प्राप्त होता है–

"तत्र मे कुरु पञ्चालाः शाल्वामाद्रेयजाङ्गलाः।
पञ्चाला कोसलाश्चैव मेरुपृष्ठधुरन्धुराः॥
अपरान्ता परान्ताश्च पाञ्चालाश्चर्ममण्डलाः॥" (महाभारत, भीष्मपर्व)

प्रतीत होता है, पुरातन 'पञ्चाल' का विस्तार उत्तर में हिमालय पर्वत से दक्षिण में चम्बल नदी तक था। '**महाभारत**' के उल्लेख से ज्ञात होता है कि कौरव पाण्डवों के पूज्य गुरु द्रोणाचार्य का पूर्व अपमानकारी पञ्चालपाल पार्षत, द्रुपद, यज्ञसेन से बैर था। गुरुदक्षिणा में अर्जुन से पराभव करा कर पञ्चाल-राज्य का विभाजन द्रोणाचार्य ने कराते हुए गंगा नदी को विभाजक रेखा मानकर 'उत्तरी पञ्चाल' को अपने अधीन रखा, जिसकी राजधानी बरेली के पास '**अहिच्छत्र**' हुई तथा गंगा से चम्बल नदी तक विस्तृत 'दक्षिणी पञ्चाल' का राज्य क्षेत्र द्रुपद '**यज्ञसेन**' द्वारा शासित हुआ, जिसकी राजधानी काम्पिल्य तथा माकन्दी थीं। **महाभारत** में इसका उल्लेख इस प्रकार हुआ है–

"राजासि दक्षिणे कूले भागीरथ्यामहमुत्तरे।
सखायं मां विजानीहि पञ्चाल यदि मन्यसे॥
माकन्दीमथ गंगायास्तीरे जनपदायुताम्।
सोऽध्यावसद् दीनमनाः काम्पिल्यं च पुरोत्तमम्॥" (महा. आदिपर्व १३७/७०)
"दक्षिणांश्चापि पञ्चालान् यावच्चर्मण्वती नदी।
पुत्रजन्म...अहिच्छत्रं च विषयं द्रोणः समभिपद्यत॥
एवं राजन्नहिच्छत्रा पुरी जनपदायुता।
युधि निर्जित्य पार्थेन द्रोणाय प्रतिपादिता॥" (महा. आदि. १३७/७४, ७५)

उत्तरी पञ्चाल क्षेत्र में वर्तमान रुहेलखण्ड मण्डल के समस्त जनपद तथा दक्षिणी पंचाल के द्रुपदशासित क्षेत्र में वर्तमान इटांवा, मैनपुरी, फर्रुखाबाद, एटा, कानपुर जिलों का विस्तृत भूभाग शामिल है, जिसकी प्राकृतिक सीमाएँ गहन वनों, नदी आदि नैसर्गिक स्वरूपों से सर्वथा सुरक्षित थीं। पुरातन पञ्चाल के 'अहिच्छत्र', कान्यकुब्ज (कुशस्थल), माकन्दी, काम्पिल्य,

---

५. **महाभारत, शान्तिपर्व–"पाञ्चालेन क्रमः प्राप्तस्तस्माद्भूतात् सनातनात्।"**

संकाश्य, भरेह, कुदरकोट, आदि प्राचीन नगरों के धार्मिक, आर्थिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक इतिहास के अनेक बिखरे सूत्र संस्कृत साहित्य में मिलते हैं, जिनके आधार पर पंचाल के उज्ज्वल गौरवमय अतीत का हमें ज्ञान होता है।

'पञ्चाल' की महत्त्वपूर्ण नगरी 'कुशस्थल' का रामायण कालीन स्वरूप **रामायण** में वर्णित है, जहाँ राजा कुशनाभ की सौ कुब्जा कन्याओं का रोचक आख्यान प्राप्त होता है–

यदेवैता समुद्भूता कन्याः कुब्जाः शतं पुरा। तदादि कान्यकुब्जोऽयं देशो विख्यातिमाप्तवान्।
कन्या कुब्जा अभवन् यत्र कान्यकुब्जस्ततोऽभवत्। देशोऽयं कान्यकुब्जाख्यः सप्त ब्रह्मर्षिसेवितः॥

(रामा. बाल. ३१,३३/२३)

महाभारत (आदि पर्व १७४/३) में भी गाधिनरेश की इस राजनगरी का उल्लेख मिलता है।

कान्यकुब्जे महानासीत् पार्थिवो भरतर्षभ।
गाधीति विश्रुतो लोके कुशिकस्यात्मसम्भवः॥

(महा. आदि १७३/३)

रामायण में पञ्चाल के पुरातन राज्य केन्द्र '**काम्पिल्य** (काम्पिल्या) का भी उल्लेख हुआ है, जहां कभी समस्त वैभव के साथ राजा ब्रह्मदत्त ने देवेन्द्र के समान निवास किया था–

स राजा ब्रह्मदत्तस्तु पुरीमध्यवसत् तदा।
काम्पिल्यां परया लक्ष्म्या देवराजो यथा दिवम्॥

(रामा. बालकाण्ड ३३/१९)

पञ्चाल स्थित '**सांकाश्या**' नगरी का भी **रामायण** में समुल्लेख हुआ है, जो मिथिलानरेश सीरध्वज के अनुज कुशध्वज की कभी राजधानी रही थी। सुधन्वा ने कुशध्वज पर आक्रमण कर सांकाश्या को घेर लिया था, किन्तु सैन्यशास्त्रीय दृष्टि से काली नदी के तट पर सांकश्या की श्रेष्ठ अवस्थिति के कारण कुशध्वज युद्ध में विजयी हुए थे। इस पुरातन नगरी की स्थिति इस प्रकार वर्णित है–

वार्याफलकपर्यन्तां पिबन्निक्षुमतीं नदीम्।
सांकाश्यां पुण्यसंकाशां विमानमिव पुष्पकम्॥

(रामा. ७०/२,३,७)

महाभारत काल से लेकर महाजनपद युग तथा बुद्धकाल तक पञ्चाल का अक्षुण्ण स्वरूप एवं प्रभाव अत्यन्त व्यापक रहा था। इसके एक प्रसिद्ध राजा दुर्मुख ने दूर दूर तक पंचाल की विजय पताका को फहराया था, किन्तु आगे यह मगध राज्य, मध्य प्रदेश तथा कन्नौज राज्य के अन्तर्गत अंग रूप में समाहित हो गया। गुप्त सम्राट कुमारगुप्त प्रथम तथा स्कन्दगुप्त के

समसामयिक दक्षिण पंचाल के शासक महासेन एवं ध्रुवशर्मा का भिटारी से प्राप्त शिलालेख से इसका अस्तित्व सम्पुष्ट होता है–

"विलषढनिवासिना स्वामिमहासेनस्यायतनेऽस्मिन् कार्त्तयुगाचाऽरसद्धर्मवत्-र्मानुयायिना.....ध्रुवशर्मणा कर्म्म महाकृतेदम्।" (भिटारी शिलालेख)

गुप्त शासकों के पश्चात् पाञ्चाल या मध्य देश (कन्नौज साम्राज्य) पर मौखरियों का मूर्धन्य वर्चस्व रहा, जिसकी अभिव्यक्ति अनेक स्थलों पर[६] महाकवि बाण ने प्रस्तुत की है।[७] राज्यश्री के विवाह से पुष्यभूतिवंश और मुखरवंश इस प्रकार मिल गये जैसे सूर्य और चन्द्र।[८] आदित्यसेन (कुमारगुप्त के वंशज) द्वारा मौखरी नरेश श्री ईशानवर्मा की सेना के साथ संघर्ष, लक्ष्मी प्राप्ति के लिए किये जाने का उल्लेख इस प्रकार हुआ है–

"भीमः श्रीशानवर्माक्षितिपतिशशिनः सैन्यदुग्धोदसिन्धुः।
लक्ष्मीसम्प्राप्तिहेतुर्समदि विमथिंतो मन्दरीभूय येन॥"[९]

अनेक मौखरी राजाओं का अवसान आचार एवं मर्यादा विहीन होने पर स्वतः ही हो गया। **ततस्ते लुप्तराजानः भ्रष्टमर्याद सर्वदा॥** (मञ्जुश्रीमूलकल्प, पृ. ६२६)

बाणकृत '**हर्षचरित**', हर्षकृत '**रत्नावली**' '**प्रियदर्शिका**' से ज्ञात होता है, तत्कालीन पंचाल अथवा मध्यदेश में सार्वभौमशक्ति के अभाव में अनेक छोटे छोटे राज्य परस्पर लड़ रहे थे। हर्ष ने दिग्विजय यात्रा कर पूर्व में कामरूप शासक भास्करवर्मन् के साथ सन्धि की (हर्षचरित, उल्लास ७. पृ. ८८), वल्लभी राज्य से युद्ध और सन्धि की (**परमेश्वरश्रीहर्षदेवाभिभूतो वलभीपति त्राणोपजात-...**), सिन्ध विजित किया (अत्र पुरुषोत्तम सिन्धुराज... लक्ष्मीः आत्मीकृता), नेपाल पर आधिपत्य स्थापित किया (अत्र परमेश्वर तुषार शैलभुवो दुर्गाया गृहीतकरः...) गौडाधिप शशांक से संघर्ष, पूर्वी पंजाब पर प्रभुत्व स्थापित कर पुलकेशिन द्वितीय से भी "**सकलोत्तरपथेश्वर**" का विरुद अर्जित किया था। (**द्रष्टव्य हर्षचरित**)। ११वीं शती में सम्राट हर्ष की साहित्यप्रियता और प्रभावी लोकप्रिय व्यक्तित्व का वर्णन सोड्ढल ने इस प्रकार किया है–

श्री हर्ष इत्यवनिवर्तिषु पार्थिवेषु,
नाम्नैव केवलमजायत वस्तुतस्तु।
श्रीहर्ष येन निजसंसदि येन राज्ञा,
सम्पूजितः कनककोटिशतेन बाणः॥ (उदयसुन्दरीकथा)

---

६. **हर्षचरित**–"सकलभुवन नमस्कृतो मौखरीवंशः।" पृ. २०

७. **कादम्बरी**–(पूर्वाद्‌र्ध)-सशेखरैः मौखरिभिः। पृ. ४

८. **हर्षचरित**-पृ. ६

९. **आदित्यसेन** का अभिलेख, पंक्ति ७.

८ वीं शती के सुप्रसिद्ध नाटककार जयदेव ने हर्ष का लोकाह्लाद स्वरूप **"हर्षो हर्षो हृदयवसितः"** कहकर व्यक्त किया है (प्रसन्नराघव-प्रस्तावना)।

पञ्चाल का अभिन्न अंग कान्यकुब्ज साम्राज्य भवभूति सेवित यशोवर्मन् के कारण पाण्डित्य और शास्त्र प्रतिष्ठा का एक आदर्श ही बन गया।[१०] महाराज यशोवर्मन् द्वारा सम्पूर्ण पृथ्वी विजय का अभियान उल्लेखनीय है।[११] भवभूति के अतिरिक्त इनके अन्य सभाकवि वाक्पतिराज ने भी महाराज की महत्वशाली सैन्य शक्ति एवं सैन्य-विन्यास को इस प्रकार रेखांकित किया है, जिससे इनकी दिग्विजय यात्रा की पुष्टि होती है–

इति **वन्दिननन्दितजयं गाधिपुरारूढसैन्यविन्यासः (गौडवाहो ७/३७)**

दुर्भाग्यवश दुर्दान्त यशोवर्मन् कश्मीर नरेश ललितादित्य 'मुक्तापीड' से पराजित हो गये, जिसका संकेत ११वीं शती के सुप्रसिद्ध कश्मीरी कवि कल्हण ने इस प्रकार किया है–

कविर्वाक्पतिराज श्रीभवभूत्यादिसेवितः।
जितो ययौ यशोवर्मा तद्गुणस्तुतिवन्दिताम्॥ (राजतरंगिणी ४/१४४)

भवभूति के नाटकों में यशोवर्मा की सूक्ष्म एवं आदर्श शासन[१२] प्रणाली के प्रचुर संकेत मिलते हैं।

आठवीं शती के अन्तिम चरण में (७७९-८१० ई. के बीच) दुर्भाग्यवश ललितादित्य के पौत्र जयापीड द्वारा अपने पितामह का अनुसरण करते हुए कन्नौज राज्य पर आक्रमण किया गया तथा पूर्व पंचाल को पददलित करते हुए वह वज्रायुध या इन्द्रायुध का राजचिन्ह[१३]–सिंहासन ही उठा लाया। कन्नौजनगर (महोदय) का विशाल वैभव-उत्कर्ष-उस समय वस्तुतः जम्बूद्वीप[१४] में अप्रतिम था, जिससे आकृष्ट होकर नवम शती के प्रारम्भ में राष्ट्रकूट के राजा ध्रुव द्वारा कन्नौज राज्य पर आक्रमण कर गौड–(पाल) राजा तथा प्रतिहार वत्सराज को पराजित कर सिंहासन का श्वेतच्छत्र ही हरण कर लिया गया–

'गंगायमुनयोर्मध्ये राज्ञो गौडस्य नश्यतः।
लक्ष्मीलीलारविन्दानि श्वेतछत्रापि योऽहरत्। (संजन ताम्रपट्टाभिलेख)

बाद में धर्मपाल द्वारा इन्द्रायुध को पराजित करने के पश्चात् कन्नौज राज्य उसके पुत्र चक्रायुध को वापस दे दिया गया–

---

१०. मालतीमाधव (भवभूति). ३/११.
११. सकलधरावलयविजय व्यवसायो (महावीर. भवभूति)
१२. उत्तररामचरित ५/२८, महावीर. १/६, ४/४४, ५/३०, ७/११५.
१३. राजतरंगिणी ४/४७
१४. वाराहपुराण १६/२ महागृहोदयं नाम जम्बूद्वीपस्य भूषणम्।

"जित्वेन्द्रराजप्रभृतीन् अरातिन उपार्जिता येन महोदयश्रीः।
दत्ता पुनः सा वलिना प्रार्थयित्रे चक्रायुधाय आनतिवामनाय॥"[१५]

कन्नौज राज्य में समाहित पंचाल धरा पर नवम शती ई. में गुर्जर प्रतिहार शासक महेन्द्रपाल का प्रभुत्व स्थापित हुआ, जिसे राजशेखर ने 'रघुवंशभूषण (तिलक),[१६] 'रघुकुलनेता'[१७] तथा महिपाल को 'रघुवंशमुक्तामणि[१८] कहा है। विष्णुपुराण (२/१/२८) में भी प्रतापी प्रतिहारवंश का इस प्रकार उल्लेख हुआ है–'परमेष्ठी ततः स तस्मात् प्रतिहारस्तदन्वयः।" इसी प्रकार **वायुपुराण** में कहा गया है–

परमेष्ठी कुतश्चाद्य निधने तस्य शोभनः।
प्रतिहारकुले तस्य नाम्ना जज्ञे तदन्वयात्॥ (वायु. ३३/३५)

बाद में गुर्जर प्रतिहार-वंशधर नागभट्ट ने आन्ध्र, सैन्धव, विदर्भ-कलिंग आदि राज्यों पर मध्यदेश (पंचाल एवं कन्नौज क्षेत्र) की सार्वभौमिकता स्थापित की–

"यत्रान्ध्रसैन्धवविदर्भकलिंगभूपैः कौमारधामानि पतंगसमैरपाति।"[१९] जिसकी सम्पुष्टि संकेतात्मक रूप से **स्कन्दपुराण** (३/२/३६) में भी प्राप्त होती है। नागभट्ट की कीर्ति का उल्लेख इस प्रकार '**प्रबन्धकोश**' में पाया जाता है–

'आद्यः पुमान् पुनरपि स्फुटकीर्तिरस्मात्। जातस्स एव किल नागभट्टस्तदाख्यः[२०]॥

इसी प्रकार कन्नौज राज्य पर राजा मिहिरभोज के प्रभुत्व,[२१] विजयपूर्ण[२२] जीवनवृत्त का सुन्दर चित्रण प्राप्त होता है।[२३] राजशेखर ने आगे महेन्द्रपाल प्रथम (८८५-९१०) को **"यौवराज्याभिषेकार्हो वीरो"** (बालभारत १/४१ में) कहते हुए इस प्रकार वर्णित किया है–

आपन्नार्तिहरः पराक्रमधनः सौजन्यवारांनिधिस्
त्यागी सत्यसुधाप्रवाहशशभृत कान्तः कवीनामतः।

---

१५. बंगनरेश (नारायणपाल) का ताम्रलेख **(Indian Antiquary) XV,** पृ. ३०५
१६. राजशेखरकृत विद्धशालभंजिका पृ. १६
१७. राजशेखर कृत बालभारत (रघुग्रामनी), पृ. ३१
१८. बालभारत पृ. २७
१९. ग्वालियरप्रशस्तिः, श्लोक ८ पंक्ति ३-४
२०. **प्रबन्धकोश,** श्लोक ८ पंक्ति १-२. (ग्वालियर प्रशस्तिः)।
२१. स्कन्दपुराण-७/२/६/१४१-कान्यकुब्जमहादेशे राजा भोजेति विश्रुतः।
२२. राजतरंगिणी (कल्हण)-हतं भोजाधिराजेन साम्राज्यमदापयत्। (भोज का उ. पश्चिम पंजाब प्रान्त पर अधिराजत्व)
२३. स्कन्द पु. ७/२/१९/३४-ततो तथोक्तविधिना सभोजो नृपसत्तमः।
वस्त्रापथक्षेत्रयात्रां परिवारजनैःसह।
कृत्वा कृतार्थतां प्राप्तो जगामन्ते परं पदम्॥

वर्ण्यं वा गुणरत्नरोहणगिरेः किं साक्षादसौ,
देवो यस्य महेन्द्रपालनृपतिः शिष्यो रघुरामणीः ॥
(बालभारत १/११) पृ. ३

इन्होंने महेन्द्रपाल I को **"मध्यदेशनरेन्द्र एव"** अर्थात् मध्यदेश का सम्राट् कहा है। (बालभारत अंक ३) आगे राष्ट्रकूट राजा इन्द्र ने ९३० ई. में कन्नौज राज्य पर आक्रमण कर महिपाल-विनायकपाल-प्रथम-(९१२-९४४) को पराजित करते हुए कन्नौज को ध्वस्त कर दिया–

"तेनेदं हि महोदयारिनगरं निर्मूलमुन्मूलितम्।
नामाद्यापि जनैः कुशस्थलमिति ख्यातिं परां नीयते।"[२४]

राजशेखर ने महिपाल की विजयों का वर्णन इस प्रकार बालभारत में किया है–

नमितमुरलमौलिः पाकलो मेकलानां, रणकलितकलिंगः केलितटकेरलेन्दोः।
अजनिजितकुलूतः कुन्तलानां कुठारो हठहतरमठश्रीः श्रीमहीपालदेवः ॥
(बालभारत अंक २)

अरब यात्री अलमसूदी ने ९४३-४४ ई. में भारत भ्रमण के सन्दर्भ में महिपाल की शक्ति और प्रतिष्ठा की प्रशंसा **'मुरुज उल जहाद'** नामक पुस्तक में कर के इस तथ्य की सम्पुष्टि की है। मध्य देश पर महमूद गजनवी के आक्रमण को रोकने में विमुख राजा राज्यपाल के अशौर्य से असन्तुष्ट पड़ोसी चन्देल राजा गंड के राजकुमार विद्याधर द्वारा उसका निर्ममतापूर्वक वध कर दिया गया–

"श्रीविद्याधरदेवकार्यनिरतः श्रीराज्यपालं हतात्।
कण्ठस्तदछिनदनेकवाणनिवहैर्हत्वा महत्याहवे।"[२५]

मध्यदेश (पंचाल और कन्नौज क्षेत्र) पर राष्ट्रकूट राजाओं के बाद गहरवाल वंशीय शासकों का शासन स्थापित हुआ, जिन्हें प्रकारान्तर से राष्ट्रपाल (राष्ट्रकूट) वंशीय कहा गया है–

राष्ट्रपालान्वये जाता राष्ट्रपाला नृपाःस्मृताः (भविष्य पुराण ४/३/७६)

विजयचन्द्र (विजयपाल) को देवपाल-राष्ट्रपाल वंशीय राष्ट्रकूट राजा कहा गया है–

देवपालाय शुद्धाय राष्ट्रपालान्वयाय च। (भविष्य पुराण ४/५/३)

राष्ट्रकूट देश वाले शासकों ने **'पंचाल'** देश आकर आधिपत्य स्थापित किया, यह तथ्य इस प्रकार उल्लिखित पाया जाता है–

---

२४. एपि. इन्डिका, पृ. ३८-४२. श्लोक. १९.
२५. कच्छपघाट विक्रमसिंह का सन् १०८८ ई. का दुबकुन्द शिलालेख एपि. इन्डिका, पृ. २३३-२३७)

'प्रख्याताखिलराष्ट्रकूटकुलजक्ष्मापालदोः पालिता।
पाञ्चालाभिधदेशभूषणकरीवोदामाप्लुता पुरी।" (बदायूँ शिलालेख)

यशोविग्रह राजा (महीचन्द्र) का उल्लेख इस प्रकार किया गया है–

"बभूव बलवान् धर्मी आर्यदेशपतिः स्वयम्।" (भविष्य पु. ४/३/६१)
आसीत्...साक्षाद् विवस्वानिव भूरिधाम्ना यशोविग्रह इत्युदारः।[२६]

चन्द्रदेव की यमुना तटवर्ती विजय (१०९०–९१ई. में) इस प्रकार वर्णित है–

"यदहसन्नृपाणां कामिनीवास्य वाहे, शिततरमिदमासीद् यामुनं नूनमम्भः

अर्थात् उन अरि राजाओं की पत्नियों की अश्रुधारा से, चन्द्रदेव के अभियान को शत्रु रोक न सके। यमुना का जल और भी काला हो गया। (चन्द्रावती लेख १०९०-९१ ई.)

चन्द्रदेव की महत्त्वपूर्ण विजयों का उल्लेख इस प्रकार हुआ है–

तैलंगकर्नाटकअंगबंगान् कलिंगकारुष्कमालवादीन्।
विजित्य सर्वान्ननु देशमुख्यान् बभूव राजा किल चन्द्रदेवः॥
(चन्द्रावती ताम्रलेख श्लो. पंक्ति ७)

चन्द्रदेवस्य सुतो राज्यं तेन पितुः समम्।
कृतं तस्मात् सुतो जातो मन्दपालो महीपतिः॥
(भविष्य पु. ४/३/६३)

गाहरवालवंशीय गोविन्द्र चन्द्र (१११०-११५६) को "विविधविद्याविचारवाचस्पति" विरुद से भूषित कर उसके योग्य मंत्री (महासान्धिविग्रहक) लक्ष्मीधर ने[२७] अत्यन्त प्रशंसित किया था। नयचन्द्र कृत **'रम्भामञ्जरी**[२८] से ज्ञात होता है, दशार्णविजय के समय उसके पौत्र जयचन्द्र (जैनचन्द्र) का जन्म हुआ था। गोविन्दचन्द्र के कश्मीर नरेश लोहार वंशीय जयसिंह से भी अत्यन्त घनिष्ठ सम्बन्ध थे। उनका राजदूत पं. सुहल जब कश्मीर गया तो जयसिंह के मंत्री अलंकार द्वारा अभिनन्दित हुआ था।[२९] सुयोग्य मंत्री लक्ष्मीधर के प्रभाव से गोविन्दचन्द्र का प्रभुत्व पृथ्वी पर स्थापित हुआ था–

---

२६. चन्द्रदेव का चन्द्रावती ताम्रलेख–(गोविन्द्र चन्द्र का कमौली ताम्रलेख)

२७. कृत्यकल्पतरु प्रथम भाग श्लोक ६–
'स किल सकल दृप्त क्षत्र नक्षत्र लक्ष्मी, हरण किरणमाली कस्य न स्यात् नमस्यः

२८. रम्भामंजरी बम्बई संस्करण १८९९, पृ ४

२९. मंख कृत श्रीकण्ठचरित–
'अन्यः स सुहलस्तेन ततोऽवन्दिते पण्डितः।
दूते गोविन्दचन्द्रस्य कान्यकुब्जस्य भूभुजः॥

"पृथ्वी साधयता समुद्रवसना श्री देवकाशीपते:" (कृत्यकल्पतरु I पृ. २)। मध्यदेश पर इनके पश्चात् कन्नौज नरेश विजयचन्द्र (११५६-११७०) का विजयी, शूरवीर रूप में प्रायः वर्णन भविष्य पुराण, रम्भामंजरी आदि ग्रन्थों में प्राप्त होता है।

अजनि विजयचन्द्रो नाम तस्मान्नरेन्द्रः
सुरपतिरिव भूभृत् पक्षविच्छेददक्षः।
भुवनदलनहेला हर्म्यहम्भीरनारी,
नयनजलदधाराधौतभूलोकतापः॥

(जयचन्द्र का ताम्रलेख, श्लोक ९, ११६८-६९ ई. का)

गाहरवार वंश का अन्तिम प्रतापी नरेश जयचन्द्र या जैनचन्द्र का पंचाल तथा मध्यदेश क्षेत्र में प्रभुत्व अत्यन्त व्यापक रहा। अनेक ग्रन्थों में इसके प्रभावी जीवन चरित का चित्रण हुआ है। इनका जन्म[30] महारानी चन्द्रलेखा के गर्भ से हुआ था– **"चन्द्रलेखायास्तनुजन्मा जैनचन्दो" (रम्भामंजरी, अंक १)।** समस्त अन्तर्वेदी क्षेत्र में इनका आधिपत्य स्थापित था–

अन्तर्वेद्यां कान्यकुब्जो जयचन्द्रो महीपतिः (भविष्यपुराण)

जयचन्द्र द्वारा मध्य देश के पूर्व-उत्तर क्षेत्रों पर विजय-अभियान द्वारा वर्चस्व स्थापित करने का प्रयास किया गया, जिसका संकेतात्मक उल्लेख इस प्रकार हुआ है–

'जयचन्द्रो रत्नभानोर्देशं पूर्वां तथोत्तरम्।
आर्यदेशस्य वै जित्वा वैष्णवो राज्यमाप्तवान्॥

इनके भाई रत्नभानु के पुत्र लक्षण का कुरुक्षेत्र विजय अभियान में निधन हुआ था–

रत्नभानोश्च तनयो लक्षणो नाम विश्रुतः।
कुरुक्षेत्रे रणं प्राप्य त्यक्त्वा प्राणान् दिवंगतः॥

(विजय[31] प्रशस्ति, भविष्य पु.)

जयचन्द्र संस्कृत पण्डितों एवं कवियों के प्रिय आश्रयदाता भी रहे। नैषधकार श्रीहर्ष ने कान्यकुब्जनरेश से सम्मानित होने का सगर्व उल्लेख किया है–

'ताम्बूलद्वयमासनं च लभते यः कान्यकुब्जेश्वरात्' (नैषध.)

---

३०. त्यक्त्वा देहं स शुक्लात्मा चन्द्रकान्त्या सुतोऽभवत्। जयचन्द्र इति ख्यातो बाहुशाली जितेन्द्रियः॥ (विजय प्रशस्ति)

३१. श्री विजयप्रशस्तिरचना तातस्य भव्ये महाकाव्ये चारुणि....(श्री हर्ष, नैषधम्, तुलनीय परमालरासो (आल्हखण्ड)) रत्नभानु के पुत्र लाखन राना का उल्लेख।

किन्तु खेद है, जयचन्द्र के हरिश्चन्द्र जैसे वंशधर नरेश वह राजगौरव अक्षुण्ण न रख पाये और मुहम्मद गोरी के आक्रमण से इटावा के आसई पतन पश्चात्, मध्यदेश में मुस्लिम शासक छा गये। इस प्रकार सहस्रों वर्षों का पंचाल क्षेत्र का राजनैतिक एवं सांस्कृतिक गौरव विलुप्त हो गया।

संस्कृत के इन विविध ऐतिहासिक उल्लेखों को यदि हम पुरातत्त्वशास्त्र के आलोक में राजाओं के शिलालेखों, ताम्रपत्रों, सिक्कों, मुहरों, मनकों, स्तम्भ लेखों द्वारा सम्पुष्ट कर पंचाल के पुरातन इतिहास को प्रमाणित रूप में प्रस्तुत कर सकें तो व्यापक प्राच्यविद्या के शोध क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण उपलब्धि होगी। विश्वास है, अनुसन्धाता इस तुलनात्मक शोध दृष्टि से संस्कृत वाङ्मय और पुरातत्त्व का अध्ययन कर पंचाल क्षेत्र को आलोकित करेंगे।

□ □ □

यथोद्देशपक्ष एवं कार्यकालपक्ष के प्रसङ्ग में नागेश भट्ट का अवदान

डा. वसन्त कुमार भट्ट

अहमदाबाद

In order to form a *Subanta* or *Tinanta* word, one has to draw and use as necessary, the *sanjñā* and the *Paribhāṣā sūtras,* listed in different *pādas* of the different chapters of the *Aṣṭādhyāyī*. In the present paper the author has illustrated the working of these *sūtras* at the time of the formation of a word *(rūpasiddhi)*.

१

पाणिनि-विरचित **अष्टाध्यायी** व्याकरण का परिशीलन करने से ज्ञात होता है कि पाणिनि ने **कारके** (१-४-२३), **प्राक् कडारात्समासः** (२-१-३), **अनभिहिते।** (२-३-१), **प्रत्ययः** (३-१-१), **स्त्रियाम्** (४-१-३), **अङ्गस्य** (६-४-१) इत्यादि सूत्रों के नीचे एक एक प्रकरण से संबन्धित सूत्रों को प्रस्तुत किया है। लेकिन इसमें से किसी भी एक प्रकरण–अधिकार–में आये हुए सूत्रों से एक भी सुबन्त पद या तिङन्त पद की सिद्धि नहीं हो सकती। इसलिए किसी भी एक रूप की सिद्धि करने के लिए अलग अलग अध्यायों के अलग-अलग पादों के अन्तर्गत आये हुए अलग-अलग प्रकरण के सूत्रों को आवश्यकतानुसार प्रवृत्त करना पड़ता है। इससे यह निश्चित होता है कि पाणिनीय **अष्टाध्यायी** में सूत्रों का जो उच्चरित-क्रम है वह रूपसिद्धि की प्रक्रिया के समय उपस्थिति-क्रमानुसार नए रूप से आता है (जिस को सूत्रों का 'प्रक्रिया क्रम' भी कहा जा सकता है)।

२

संज्ञासूत्रों और परिभाषासूत्रों का परार्थत्व

अष्टाध्यायी में आये हुए छः प्रकार[१] के सूत्रों में से जो संज्ञासूत्र और परिभाषासूत्र हैं वे किसी एक पद की सिद्धि में निम्न प्रकार से कार्य करते हैं–

---

१. **संज्ञा च परिभाषा च विधिर्नियम एव च।
अतिदेशोऽधिकारश्च षड्विधं सूत्रमुच्यते॥**

(क) **वृद्धिरादैच्** (१-१-१) संज्ञासूत्र है। इसके अनुसार आ, ऐ और औ इन तीन वर्णों की 'वृद्धि' संज्ञा होती है। लेकिन अमुक संज्ञिन् की अमुक संज्ञा घोषित करने से किसी भी प्रकृतिप्रत्यय को मिलाने से कोई भी प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ती है। इसलिए इस वृद्धि संज्ञा करने का क्या प्रयोजन है ऐसी आकांक्षा लगी रहती है। ऐसी स्थिति में एक विधिसूत्र **वृद्धिरेचि** (६-१-८८) उपस्थित होता है। इस सूत्र के अनुसार अकार के पीछे 'एच्' (ए, ओ, ऐ, औ) प्रत्याहार का कोई भी वर्ण आये तो वृद्धि रूपी एकादेश होता है। अब हम जानते हैं कि वृद्धि अर्थात् कौन ? इससे इस विधिसूत्र के साथ संज्ञा सूत्र को जोड़कर-दोनों की एकवाक्यता करके अर्थघटन करते हैं कि-अकार के बाद 'एच्' प्रत्याहार का कोई भी वर्ण आये तो वृद्धि रूपी एकादेश होता है। वृद्धि अर्थात् कौन ? इससे इस विधिसूत्र के साथ संज्ञा सूत्र को जोड़कर-दोनों की एकवाक्यता करके अर्थघटन करते हैं कि-अकार के बाद 'एच' प्रत्याहार का कोई भी वर्ण आए तो आ, ऐ या औ ऐसे तीन वृद्धि संज्ञक वर्णों में से कोई एक सदृशतम वर्ण आदेश के रूप में प्रयुक्त होता है। इस प्रकार से अकेले संज्ञा सूत्र कोई कार्य नहीं करता है। लेकिन विधिसूत्रों के साथ मिलकर कोई न कोई कार्य का स्पष्ट विधान करता है। अर्थात् संज्ञासूत्र परार्थ है। विधि-सूत्रों के विधेयांश को विशद करने के लिए इनकी (संज्ञासूत्रों की) सहायता लेनी पड़ती है।

(ख) **तस्मिन्निति निर्दिष्टे पूर्वस्य** (१-१-६६) एक परिभाषा सूत्र है। इसके अनुसार अष्टाध्यायी के सूत्रों में जहाँ पर सप्तमी विभक्ति का उपयोग करके, जो कार्य करने के लिए कहा जाये, उस सप्तम्यन्त पद से वाच्य जो निमित्त, उसके अव्यवहित पूर्व में आये हुए वर्ण में ही सप्तमी करना चाहिये। परिभाषासूत्रों का ऐसा अर्थ सुनने से भी किसी पद की सिद्धि में एक कदम भी आगे नहीं बढ़ा जा सकता। लेकिन जब **इको यणचि** (६-१-७७) जैसा विधिसूत्र सामने आये तो वहाँ 'अचि' ऐसे सप्तम्यन्त पद का क्या अर्थघटन करना है, ऐसा प्रश्न उत्पन्न होता है। (क्योंकि व्यावहारिक जगत् में तो सप्तमी का अर्थ 'अधिकरण-कारक' होता है। इस अधिकरण को अभिव्यापक, औपश्लेषिक या वैषयिक इन तीनों में कौन सा लिया जाय ऐसा प्रश्न तो तुरन्त उत्पन्न होता है) अर्थात् **इको यणचि** (६-१-७७) जैसे विधिसूत्रों का क्या अर्थ किया जाय यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उत्पन्न होता है। ऐसी परिस्थिति में उपर्युक्त (१-१-६६) परिभाषासूत्र द्वारा दी गई सूचना की प्रासंगिकता है। पुनः उस परिभाषा (के अर्थ) को विधिसूत्र के साथ जोड़कर, दोनों सूत्रों की एकवाक्यता करके विधिसूत्र का अर्थ किया जाता है कि "अच् प्रत्याहार के किसी भी वर्ण के अव्यवहित पूर्व (उपश्लेष) में आये हुए 'इक्' के स्थान में यणादेश होता है।" अर्थात् इक् के स्थान में यण् आदेश होता है, यदि उस इक् के अव्यवहित उत्तर में 'अच्' आया हो तो। इस प्रकार विधिसूत्र **इको यणचि** (६-१-७७) के साथ मिलकर **तस्मिन्निति निर्दिष्टे पूर्वस्द** (१-१-६६) ऐसा परिभाषा सूत्र विधि वाक्य का सहायक होता है। इस प्रकार से परिभाषा सूत्र भी 'परार्थ' है।

अब जब संज्ञा सूत्र और परिभाषासूत्र दोनों परार्थ हैं (अर्थात् विधिसूत्रों की सहायता के लिए हैं) तो प्रश्न होता है कि–

(१) क्या संज्ञासूत्र अपने (**अष्टाध्यायीस्थ**) उच्चरित प्रदेश से निकल कर विधिसूत्रों के (उच्चरित) प्रदेश में जाते हैं ?

अथवा

(२) क्या विधिसूत्र अपने स्थान (उच्चरित प्रदेश) में से निकल कर संज्ञा सूत्रों के (उच्चरित) प्रदेश में जाते हैं ?

(३) क्या परिभाषासूत्र अपने उच्चरित प्रदेश में से निकल कर विधिसूत्रों के प्रदेश में जाते हैं ?

अथवा

(४) क्या विधिसूत्र अपने प्रदेश में से निकल कर (अपने अमुक पद का अर्थ-संस्कार कराने के लिए) परिभाषासूत्रों के प्रदेश में पहुँच जाते हैं ?

* * * *

इस सन्दर्भ में पाणिनि के सूत्रों की प्रवृत्ति किस प्रकार से होती है इस बात को स्पष्ट करते हुए भाष्यकार ने एक वाक्य कहा है जो यहाँ पर स्मरणीय है–"**लक्षणं हि नाम ध्वनति, भ्रमति, मुहूर्तमपि नावतिष्ठते**।" (१-१-३ इत्यत्र **व्याकरण महाभाष्यम्**, भाग-१, पृ.१२७) "लक्षण (=सूत्र) तो उसका ही नाम है जो (अपना कोई अर्थ) सतत कहता रहता है, (पद सिद्धि में चारों तरफ) परिक्रमण करता रहता है (अवकाश मिलने पर वहाँ प्रवृत्त होता रहता है) और कहीं भी एक क्षण रुकता नहीं है।"[२] इस दृष्टि से देखें तो संज्ञासूत्र विधिसूत्रों के प्रदेश में जाने वाले होते हैं। इसी प्रकार से परिभाषा सूत्र भी विधिसूत्रों के प्रदेश में पहुँचने वाले होते हैं और विधिसूत्र भी अपना संस्कार कराने के लिए परिभाषासूत्रों के प्रदेश में पहुँच जाते हैं।

लेकिन भाष्यकार पतंजलि ने संज्ञासूत्रों और परिभाषासूत्रों की प्रवृत्ति के संबन्ध में अपनी ओर से दो मार्गदर्शक परिभाषावचनों का उच्चारण किया है।

(क) यथोद्देशं संज्ञापरिभाषम्।

(ख) कार्यकालं संज्ञापरिभाषम्। (१-१-११ इत्यत्र **महाभाष्यम्**)

अर्थात् (क) संज्ञासूत्र और परिभाषासूत्र उद्देश्य (अर्थात् उपदेश प्रदेश) को (**अष्टाध्यायी** सूत्रपाठ में जहाँ जिस अध्याय, पाद में जिस क्रम से कथित है उस) को बिना छोड़े रहते हैं।[३] (अर्थात् संज्ञासूत्र और परिभाषासूत्र **अष्टाध्यायी** में जिस स्थान पर कथित हो उस स्थान से चल कर विधिसूत्रों के प्रदेश में नहीं जाते हैं। और–

---

२. '**अष्टाध्यायी**' के सूत्रक्रमांक को प्रक्रियाक्रम की आवश्यकता है–ऐसा इस भाष्योक्ति का आशय प्रतीत होता है।

३. **उद्देशमनतिक्रम्य यथोद्देशम्। उद्देश उपदेशदेशः। (परिभाषेन्दुशेखरः, परि. २/३, पृ. २**

(ख) संज्ञासूत्र और परिभाषासूत्र जहाँ कार्य हो वहाँ अर्थात् विधिसूत्रों के प्रदेश में (अष्टाध्यायी के जिस अध्याय, पाद के जिस स्थान पर विधिसूत्र कहे गए हों वहाँ) उपस्थित होते हैं।[४] दूसरे शब्दों में कहें तो कार्य पड़ने पर अर्थात् विधिसूत्र अपने विशद वाक्यार्थ बोध या संस्कार कराने के लिए आवश्यक संज्ञा या परिभाषासूत्रों को अपने पास खींच लेते हैं।

यहाँ पर 'संज्ञापरिभाषम्' इस समस्त पद में 'संज्ञा च परिभाषा चेति' ऐसा समाहार द्वन्द्व समास हुआ है। इसलिए इन दो परिभाषाओं में वास्तव में तो चार वाक्यों का समावेश हुआ है:–

(क) १. यथोद्देशं संज्ञासूत्रम्;

२. यथोद्देशं परिभाषासूत्रम्।

(ख) ३. कार्यकालं संज्ञासूत्रम्,

४. कार्यकालं परिभाषासूत्रम्।

इस प्रकार से संज्ञासूत्रों एवं परिभाषासूत्रों की प्रवृत्ति के विषय में दो प्रकार की व्यवस्था बताई गई है।

(१) संज्ञासूत्र यथोद्देश पक्ष वाला होता है, कार्यकाल पक्ष वाला भी होता है।

(२) परिभाषासूत्र भी यथोद्देश एवं कार्यकाल इन दोनों पक्षों वाले होते हैं।

यहाँ ध्यान देने की बात यह है कि भाष्यकार ने इन दोनों परिभाषावचनों को तो सामान्य अर्थ में ही प्रयुक्त किया है। लेकिन इन परिभाषाओं के शब्दों में से जो अर्थ निकलता है उसमें आवश्यक संकोच कैसे और कहाँ करना पड़ेगा इसका प्रकट में विश्लेषण नहीं किया है। इस विषय में सर्वप्रथम नागेश भट्ट ने ध्यान आकर्षित किया है।[५] इस का अभ्यास करने से पाणिनीय व्याकरणशास्त्र में नागेश के प्रदान के विषय में कुछ जान सकते हैं। क्योंकि कैयट के मत का सम्मार्जन करने के लिए नागेश को जो करना पड़ा वह यह है कि-१. समस्त भाष्य में पतञ्जलि द्वारा उच्चरित वाक्यों का गर्भितार्थ स्पष्ट करके बताना पड़ा है; और २. विविध रूपसिद्धि के समय विधिसूत्रों का पूर्वापरभाव निश्चित करने में उत्पन्न होनेवाली/संभावित अव्यवस्थाओं की तरफ चेतावनी देनी पड़ी है।

३

कैयट का व्याख्यान

ईद्-ऊद्-एद्-द्विवचनं प्रगृह्यम् (१-१-११) सूत्रभाष्य के ऊपर 'प्रदीप' व्याख्यान में कैयट ने इन दो परिभाषाओं के पीछे स्थित दृष्टिकोण को निम्न प्रकार से स्पष्ट किया है—

४. कार्यकालमित्यस्य च कार्येण काल्यते, स्वसन्निधिं प्राप्यते इत्यर्थः (परिभाषेन्दुशेखरः पृ. ५-६)

५. कैयट एवं नागेश के मध्यवर्ती समय में भी पुरुषोत्तमदेव-सीरदेवादि के परिभाषावृत्ति ग्रन्थों में इन दो परिभाषा-वचनों के ऊपर कोई भी उल्लेखनीय चर्चा नहीं हुई है।

१. यथाश्रुतग्राहिप्रतिपत्ता का पक्ष :-

जिस समय कोई निश्चित प्रयोजनविशेष को ध्यान में लिए बिना, सामान्य प्रयोजन मात्र को ध्यान में रखकर और साथ ही साथ इस सूत्र से भविष्य में कोई प्रयोजन सिद्ध होगा-ऐसी अपेक्षा रखकर जो छात्र संज्ञासूत्रों और परिभाषासूत्रों को समझ ले-कण्ठस्थ कर ले, उसे 'यथाश्रुतग्राही प्रतिपत्ता' कहा गया है।[६] इस प्रतिपत्ता का पक्ष यथोद्देशपक्ष कहलाता है। **'अष्टाध्यायी'** के सूत्रों को क्रमानुसार अध्ययन करते समय जिस स्थान पर संज्ञा या परिभाषा सूत्र प्रस्तुत हों उसका अर्थ वहीं का वहीं समझ ले एवं कण्ठाग्र कर ले ऐसे शिष्य को यथोद्देश पक्ष का शिष्य कहते हैं।

२. उपेक्षाबुद्धिवाले छात्र का पक्ष :

जिस शिष्य को संज्ञा या परिभाषासूत्र जहाँ पढ़ाया जाय वहाँ "मुझे इस 'गुण' या 'वृद्धि' संज्ञा से कोई मतलब (प्रयोजन) नहीं है" अथवा 'सप्तमी से निर्दिष्ट कार्य अव्यवहित पूर्व को करना है' इत्यादि सूचना किसी भी प्रकार से उपयोगी नहीं है" ऐसी उपेक्षाबुद्धि से उसको भूल जाय और बाद में किसी विधिसूत्र में इसकी आवश्यकता होने पर 'गुण अर्थात् क्या ? या वृद्धि अर्थात् क्या ? अथवा 'यह सप्तमी विभक्ति किस अर्थ में प्रयुक्त हुई है ?' ऐसा प्रश्न पूछे और गुरु उसको विधिसूत्र के प्रदेश में पुनः उस संज्ञा या परिभाषासूत्र को पढ़ावे तो ऐसे शिष्य को 'कार्यकालपक्ष' का शिष्य कहते हैं। ऐसे शिष्य को विधिसूत्रों के उच्चरित स्थान (देश) पर ही विधिसूत्रों के साथ संज्ञा या परिभाषा सूत्र की एकवाक्यता सिद्ध होती है अर्थात् इस प्रकार के शिष्य को विधिसूत्र और संज्ञासूत्र के सम्मिलित अर्थज्ञान के साथ एक महावाक्य का अर्थ स्पष्ट होता है।[७]

इस प्रकार से कैयट ने अपेक्षाबुद्धि और उपेक्षा बुद्धि वाले छात्र की कल्पना करके[८] उसके लिए अनुक्रम से यथोद्देश पक्ष और कार्यकाल पक्ष के संज्ञासूत्र और परिभाषासूत्र निर्दिष्ट किये हैं। कैयट के इस व्याख्यान का जो फलितार्थ हुआ उसे इस प्रकार से स्पष्ट कर सकते हैं:-

१.	यथोद्देशं संज्ञासूत्रम्	–	विधिसूत्राणि
२.	यथोद्देशं परिभाषासूत्रम्	–	विधिसूत्राणि
३.	कार्यकालं संज्ञासूत्रम्	–	विधिसूत्राणि
४.	कार्यकालं परिभाषासूत्रम्	–	विधिसूत्राणि

---

६. यदाऽनुद्दिश्य प्रयोजनविशेषं प्रयोजनमात्रमभिसन्धाय भविष्यति किञ्चिदनेन प्रयोजनमिति संज्ञापरिभाषं प्रणीयते, तदा संभवत्येवायं पक्षो यथाश्रुतग्राहिप्रतिपत्त्रपेक्षः ॥। (१-१-११ इत्यत्र प्रदीपः, व्याकरणमहाभाष्यम, भाग-१, पृ. १६५)

७. महावाक्यार्थपर्यालोचनप्रवृत्तप्रतिपत्रपेक्षस्तु कार्यकालः। (तत्रैव, पृ. १६५)

८. पुरुषोत्तमदेव ने इन दोनों छात्रों के लिए कहा है कि–व्युत्पन्नाव्युत्पन्नप्रतिपत्तृभेदाच्चेमौ कार्यकालयथोद्देशपक्षौ। (परिभाषासंग्रहः पृ. १५५)

संक्षेप में

१. यथोद्देश पक्ष में विधिसूत्र संज्ञासूत्र के देश (उच्चरितस्थान) में जाते हैं, लेकिन संज्ञासूत्र अपने स्थान को नहीं छोड़ते है।

२. यथोद्देशपक्ष में विधिसूत्र परिभाषासूत्रों के देश में जाते हैं, परिभाषा सूत्र विधिसूत्रों के देश में जाते हैं जब कि कार्यकाल पक्ष में संज्ञा एवं परिभाषा सूत्र विधिसूत्रों के प्रदेश में उपस्थित होते हैं।

४

संज्ञासूत्रों के सन्दर्भ में यथोद्देशपक्ष और कार्यकाल पक्ष का नागेश के मतानुसार चारितार्थ्य

कैयट के व्याख्यान के जो चार फलितार्थों का वर्णन ऊपर किया गया है उसमें से संज्ञासूत्रों से संबन्धित प्रथम और तृतीय फलितार्थ नागेश को मान्य हैं अर्थात् यथोद्देशपक्ष में विधिसूत्र अपने उच्चरित स्थान से निकलकर संज्ञासूत्रों के प्रदेश में जाते हैं, लेकिन कार्यकालपक्ष में संज्ञासूत्र अपने प्रदेश में से निकलकर विधिसूत्रों के उच्चरित प्रदेश में जाते हैं अर्थात् कार्यकालपक्ष में संज्ञासूत्र जिस विधिसूत्र के साथ अन्वित होता है, उन विधिसूत्रों का जो 'अष्टाध्यायी क्रमांक होता है वही क्रमांक संज्ञासूत्र को भी लागू होता है क्योंकि संज्ञासूत्र तो किसी न किसी विधिसूत्र के लिए ही होते हैं। इसलिए इनको गौण गिना जाता है, और विधिसूत्र अपने आप में मुख्य गिने जाते हैं। इसलिए विधिसूत्रों का क्रमांक संज्ञासूत्र को मिलना उचित प्रतीत होता है।[९]

यद्यपि नागेश ने इस सन्दर्भ में भी सूक्ष्मेक्षिका से कुछ नया सिद्धान्त प्रस्थापित किया है। जैसे कि–"यथोद्देशपक्ष में विधिसूत्र संज्ञासूत्रों के प्रदेश में जाते हैं लेकिन संज्ञासूत्र अपने स्थान को नहीं छोड़ते हैं," ऐसा जो कैयट का कथन है उसको बदलकर ऐसा मानना चाहिए कि "एकसंज्ञा-अधिकार[१०] (१-४-१ से २-२-३८) में आये हुए संज्ञासूत्रों के विषय में यथोद्देशपक्ष ही लागू होता है।"[११] अर्थात् इस विभाग में आये हुए संज्ञासूत्रों के विषय में कार्यकाल पक्ष लेना उचित नहीं है। ऐसी स्पष्टता को ध्यान में रखने पर ही 'राज्ञः' रूप की इष्टसिद्धि संभव है। जैसे कि - राजन् + शस्। (द्वितीय विभक्ति बहुवचन का प्रत्यय) यहाँ प्रत्यय के आधे शकार की इत्संज्ञा होकर, लोप होता है– राजन् + अस्। अब इस स्थिति में **अल्लोपोऽनः** (६-४-१३४) से 'भ' संज्ञक अङ्ग के अन् के अकार का लोप प्राप्त होता है और दूसरी तरफ से **न लोपः प्रातिपदिकान्तस्य** (८-२-७) से प्रातिपदिक संज्ञक पद के अन्त में आए हुए नकार का लोप होने की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

---

९. कार्यार्थत्वाद् गुणानां, कार्यस्य च प्रधानत्वात् प्रधानदेशत्वस्य न्याय्यत्वादित्यर्थः। (१-१-११ इत्यत्र प्रदीपः, व्याकरणमहाभाष्यम्, भाग-१, पृ. १६४)

१०. द्रष्टव्य : परिशिष्ट-१, जिसमें 'एकसंज्ञाधिकार एवं उसमें आई हुई विविध संज्ञाओं का प्रदर्शन किया गया है।

११. आकडाराधिकारस्थ-भ-पद-संज्ञादिविषये तु यथोद्देशपक्ष एवेति तत्रत्यपरत्वेनैव बाध्यबाधकभावः। (परिभाषेन्दुशेखरः; परि. २-३, पृ. ५)

अब "एकसंज्ञा-अधिकार" में आए हुए 'भ', 'पद' इत्यादि संज्ञाओं के विषय में भी यदि कार्यकाल पक्ष लिया जा सकता है–ऐसा कैयट द्वारा निर्दिष्ट सामान्य अर्थघटन करें–तो **अल्लोपोऽनः** (६-४-१३४) विधिसूत्र का पूरा वाक्यार्थ प्राप्त करने के लिए **यचि भम्** (१-४-१८) संज्ञासूत्र को भी (६-४-१३४) के प्रदेश में ले जाना पड़ेगा। इससे (१-४-१८) क्रमांक के सूत्र को (६-४-१३४) के प्रदेश का गिनना पड़ेगा। दूसरी तरफ **न लोपः प्रातिपदिकान्तस्य** (८-२-७) विधिसूत्र का पूर्ण वाक्यार्थ प्राप्त करने के लिए 'पद' संज्ञा करने वाले **स्वादिष्वसर्वनामस्थाने** (१-४-१७) संज्ञासूत्र को (८-२-७) के पास ले जाना पड़ेगा इससे (१-४-१७) को (८-२-७) क्रमांक का गिनना पड़ेगा। इस प्रकार से (१-४-१७) और (१-४-१८) ये दोनों सूत्र 'एकसंज्ञा' अधिकार के बाहर निकल गये। जिसके कारण 'एकसंज्ञा' अधिकार द्वारा कहा गया बाध्य-बाधक भाव इन दो संज्ञासूत्रों को नहीं लगेगा। जिसके फलस्वरूप प्रथम सपादसप्ताध्यायीस्थ **अल्लोपोऽनः** (६-४-१३४) से राजन् + अस्। में से 'भ' संज्ञक अङ्ग के 'अन्' के अकार का लोप होगा– राजन् + अस् और इसके पश्चात् त्रिपादीस्थ **न लोपः प्रातिपदिकान्तस्य** (८-२-७) भी प्रवृत्त होगा। वह कहेगा कि प्रातिपादिक संज्ञक जो पद, उस पद के अन्त में आए हुए नकार का लोप करो– राज्० + अस्। [(कार्यकाल पक्ष लेने से) यहाँ 'एकसंज्ञा' अधिकार की सहायता लेकर एक 'भ' संज्ञा होने के उपरान्त दूसरी 'पद' संज्ञा न हो सके–'भ' संज्ञा से 'पद' संज्ञा का हमेशा हमेशा के लिए निषेध हो जाए–ऐसी व्यवस्था अपने अधीन नहीं होती है।] अतः राज्० + अस् ऐसी स्थिति में से 'राज्ञः' रूप कभी भी निष्पन्न नहीं हो सकेगा।

इस अनिष्टापत्ति को रोकने के लिए नागेश ने कहा है कि 'एकसंज्ञा' अधिकारस्थ 'भ', 'पद' इत्यादि संज्ञाओं के लिए तो यथोद्देश पक्ष ही लगाना अनिवार्य है। अर्थात् इस प्रदेश में कही गई संज्ञायें अपने ही स्थान में रहें और विधिसूत्र उनके पास आकर स्थिर रहे, बाद में उनका (विधिसूत्रों का) पूर्णवाक्यार्थ बोध हो ऐसा ही मानना इष्ट है। अब नागेश के मत को स्वीकार करें तो राजन् + अस्। ऐसी स्थिति में (६-४-१३४) विधिसूत्र 'भ' संज्ञा करने वाले (१-४-१८) संज्ञासूत्र के प्रदेश में; और (८-२-७) विधिसूत्र 'पद' संज्ञा करने वाले (१-४-१७) संज्ञासूत्र के प्रदेश में जायेंगे। वहाँ 'भ' संज्ञा करने वाला (१-४-१८) सूत्र 'पद' संज्ञा करने वाला (१-४-१७) सूत्र की अपेक्षा पर में (=पश्चात्) है। इसलिए वह (१-४-१७) का नित्य बाध करता है। (क्योंकि 'सकृद्गतौ विप्रतिषेधे यद्बाधितं तद्बाधितमेव' इस न्याय से, भविष्य में भी वह (१-४-१७) को प्रवृत्त नहीं होने देगा।) इस प्रकार राजन् + अस् बनेगा, फिर श्चुत्व विधि होगा– राजञ् + अस् = राज्ञः ऐसा इष्ट रूप बनेगा।

यहाँ एक प्रश्न होता है कि कभी ऐसा हो सकता है कि त्रिपादी के किसी सूत्र को अपना पूर्ण वाक्यार्थ कराने के लिए 'एकसंज्ञा' अधिकार में आये हुए किसी सूत्र की आवश्यकता पड़े तो क्या होगा ? [क्योंकि अब 'एकसंज्ञा'-अधिकार की संज्ञाओं के विषय में तो केवल यथोद्देश पक्ष ही ग्राह्य माना गया है] इसके लिए नागेश ने कहा है कि–कुछ वैयाकरणों ने इसका

समाधान करते हुए कहा है कि-'भ', 'पद' इत्यादि संज्ञाओं को तो अष्टाध्यायी में कहा है वहाँ ही (यथोद्देशपक्ष में ही) उनका सांकेतिक अर्थ (संज्ञिन्) समझा जायेगा। और एकबार समझे गए ज्ञान के सहारे त्रिपादी में भी व्यवहार हो सकेगा। ऐसा मानने में जो प्रमाण है वह है कि भाष्यकार ने स्वयं ही पूर्वत्रासिद्धम् (८-२-१) पर मात्र परिभाषाओं के विषय में ही प्रश्न किया है कि सपाद सप्ताध्यायी की परिभाषायें त्रिपादी में किस प्रकार से जा सकेंगी ? वहाँ पर उन्होंने सपाद सप्ताध्यायी में कहे गए संज्ञासूत्र त्रिपादी में किस प्रकार से जा सकेंगे ऐसा प्रश्न किया ही नहीं है। इससे यह ज्ञापित होता है कि सपाद सप्ताध्यायी के संज्ञासूत्रों के ज्ञान की सहायता त्रिपादी के किसी विधिसूत्र का पूर्ण अर्थबोध प्राप्त करने के लिये ली जा सकती है।[१२]

* * *

इस तरह कैयट के व्याख्यान के जो चार फलितार्थ हैं, उनमें से प्रथम फलितार्थ को नागेश ने प्रायः स्वीकार किया है, और सूक्ष्मेक्षिका से उनमें आवश्यक संशोधन भी कर दिखाया है। एवमेव कैयट के तीसरे फलितार्थ में भी नागेश ने आवश्यक संस्कार करके निम्नलिखित रूप से स्पष्ट किया है: (अर्थात् 'एक-संज्ञाधिकार' से अतिरिक्त संज्ञासूत्रों के विषय में कार्यकालपक्ष ही स्वीकार किया जा सकता है) परिणामस्वरूप संज्ञासूत्र अपने प्रदेश में से निकल कर विधिसूत्रों के प्रदेश में जाकर ही[१३] विधिसूत्र के साथ ही एकवाक्यता करके पूर्ण वाक्यार्थ व्यक्त करता है।[१४] इसलिए इन संज्ञा सूत्रों को विधिसूत्र के प्रदेश का ही गिनना चाहिए। ऐसा करने से ही 'अमी' रूप में अणोऽप्रगृह्यस्यानुनासिकः ८-४-५७ से अनुनासिकत्व अप्राप्ति रहती है। इस विषय को प्रक्रियापूर्वक समझें तो–

अदस् + जस्। में सर्वप्रथम जसः शी (७-१-१७) से शी (ई) आदेश होगा। अदस् + ई। उसके पश्चात् त्यदादीनाम् अः (७-३-१०२) से अदस् के अन्त्य स् कार को 'अ' कार होगा। अद अ + ई। अब अतो गुणे। ६-१-९७ सूत्र से पूर्वरूप-एकादेश– अद + ई। फिर आद्‌गुणः (६-१-८७) से गुण होगा तो अदे रूप निष्पन्न होगा। बाद में एत ईद् बहुवचने (८-२-८१) से अदस् के द- कार के पीछे आए हुए एकार को ईत् होता है, और द्‌कार को म् कारादेश होता है–अम् ई = अमी। रूप सिद्ध होता है।

'अमी'–कोई यहाँ शङ्का करे कि "अदसो मात् (१-१-१२) सूत्र से अदस् के मकार के पर में आये हुए ईत् की प्रगृह्य संज्ञा होती है" ऐसा नहीं कह सकते, क्योंकि यहाँ जो मुत्वविधि

---

१२. पदादिसंज्ञानां तत्र जातशक्तिग्रहेणैव त्रिपाद्यामपि व्यवहारः। अत एव पूर्वत्रासिद्धम् (८-२-१) इति सूत्रे परिभाषाणामेव त्रिपाद्यामप्रवृत्तिमाशङ्क्य कार्यकालपक्षाश्रयेण समाहितमित्याहुः। (परिभाषेन्दुशेखरः, पृ. ५)

१३. कार्यार्थत्वादिति। तदेकवाक्यापन्नं संज्ञासूत्रम्, तत्प्रकरणस्थमिति भावः। (१-१-११ इत्यत्र भाष्यप्रदीपोद्योतः, पृ. १६४)

१४. संज्ञाशास्त्रस्य तु कार्यकालपक्षे न पृथग् वाक्यार्थबोधः, किन्तु प्रदेशवाक्येन (विधिसूत्रेण) सहैव॥ (परिभाषेन्दुशेखरः, पृ. ३)

हुआ है वह तो त्रिपादी के सूत्र (८-२-८१) से हुआ है। (अर्थात् १-१-१२ संज्ञासूत्र की दृष्टि से मुत्वविधि करने वाला सूत्र तो असिद्ध है) तो नागेश कहते हैं कि इस शंका को कार्यकालपक्ष का आश्रय लेने पर ही निर्मूल किया जा सकता है। जैसे कि– **अदसो मात्** (१-१-१२) संज्ञासूत्र अपने प्रदेश में कोई वाक्यार्थबोध नहीं कराता है। उसको तो **अणोऽप्रगृह्यस्यानुनासिकः** (८-४-५७) जैसे विधिसूत्र के साथ जोड़कर दोनों की एकवाक्यता करके पूरा वाक्यार्थ बोध प्राप्त होता है।[१५] इस कारण से (१-१-१२) का उपस्थिति क्रमांक बदलने से वह (८-४-५७) के प्रदेश का गिना ज़ायेगा। इसके परिणाम स्वरूप ८-२-८१ सूत्र से किया गया मुत्व कार्य सिद्ध ही रहेगा। (८-२-८१) से मुत्व कार्य हो जाने के पश्चात् प्रगृह्य संज्ञा करने वाला अदसो मात् (१-१-१२) सूत्र से (कि जिसको अब नया क्रमांक ८-४-५७ कहा है) उससे 'अमी' के ई की प्रगृह्य संज्ञा होगी। अब 'अमी' प्रगृह्य संज्ञक होने के कारण **अणोऽप्रगृह्यस्यानुनासिकः** (८-४-५७) से 'अमी' में अनुनासिकत्व नहीं होगा।

संक्षेप में कहें तो 'एकसंज्ञा' अधिकार के बहिर्भूत संज्ञासूत्रों के विषय में तो केवल कार्यकाल पक्ष मानने से ही इष्टसिद्धि होती है तथा संज्ञासूत्र जिस विधिसूत्र के साथ एकवाक्यता को प्राप्त करता हो उस विधिसूत्र का जो क्रमांक हो वही क्रमांक संज्ञासूत्र को मिलता है ऐसा मानकर इस (संज्ञासूत्र को) प्राप्त हुए नये (उपस्थिति) क्रम के आधार पर ही सिद्ध-असिद्ध भाव (अथवा बाध्य-बाधकभाव) को निश्चित किया जाता है।[१६]

इसी प्रकार से संज्ञासूत्रों के नए उपस्थितिक्रम के आधार पर ही (**विप्रतिषेधे परं कार्यम्** १-४-२ सूत्रोक्त) बाध्यबाधकभाव भी निश्चित करना होता है। इसका उदाहरण निम्नलिखित है– गङ्गे + अमू। इस स्थिति में **ईदूदेद्द्विवचनं प्रगृह्यम्** (१-१-११) सूत्रोक्त प्रगृह्यसंज्ञा का निषेध करके **एचोऽयवायावः** (६-१-७८) ऐसे पर में आये हुए विधिसूत्र की सहायता से 'अय्' आदेश प्राप्त होता है। लेकिन 'एकसंज्ञा' अधिकार की संज्ञाओं को छोड़ कर, शेष संज्ञाओं के विषय में तो कार्यकालपक्ष ही मानना अनिवार्य है– ऐसा नागेश द्वारा पुरस्कृत मत हमने स्वीकार किया है। अतः **प्लुतप्रगृह्या अचि नित्यम्** (६-१-१२५) ऐसे विधिसूत्र के प्रदेश में आकर उसके साथ एकवाक्यता को प्राप्त करने वाला **ईदूदेद्द्विवचनं प्रगृह्यम्** (१-१-११) जैसे संज्ञासूत्र का क्रमांक अब बदल आयेगा और वह भी ६.१.१२५ क्रमांक का गिना जायेगा। इससे गङ्गे + अमू में (६-१-७८) से अय् आदेश प्राप्त हो रहा था, उसका अब "६-१-१२५"

---

१५. अवसान में आए हुए अप्रगृह्य संज्ञक अण् को विकल्प से अनुनासिक होता है। जैसे कि-दधिँ, दधि ॥

१६. **संज्ञाशास्त्रस्य तु कार्यकालपक्षे न पृथग्वाक्यार्थबोधः। किन्तु प्रदेशवाक्येन सहैव,, अत एवाणोऽप्रगृह्यस्येत्येतदेकवाक्यतापन्नादसो मादित्येतत्प्रति न मुत्वासिद्धम्, असिद्धत्वस्य कार्यार्थतया कार्यज्ञानोत्तरमेव तत्प्रवृत्तिः, कार्यज्ञानं च प्रदेशदेश एवेति तद्देशस्थस्यासिद्धत्वात् पूर्वग्रहणेनाग्रहणात् ॥ (परिभाषेन्दुशेखरः, पृ. ३, ४).**

ऐसे (नए क्रमांक वाले) प्रगृह्यसंज्ञा विधायक सूत्र से (१-४-२ सूत्रानुसार, अर्थात् परत्व को हेतु बनाकर) निषेध किया जायेगा।[१७] पतञ्जलि को भी यही मान्य है। इसलिए उन्होंने भी **अदसो मात्** (१-१-१२) सूत्र के भाष्य में कहा है कि-**'अयादिभ्यः परैव प्रगृह्यसंज्ञा'**। अय् इत्यादि आदेश की अपेक्षा प्रगृह्यसंज्ञा विधायक सूत्र पर में आये हुए हैं, ऐसा मानना चाहिए।

उपर्युक्त कथनानुसार संज्ञासूत्र अपना प्रदेश छोड़कर विधिसूत्रों के प्रदेश में जाकर वहाँ एकवाक्यता प्राप्त करता है। इसलिए संज्ञासूत्र को (उनका **अष्टाध्यायीस्थ** उच्चरित क्रम बदल कर) नया उपस्थिति-क्रम मिलता है। लेकिन यहाँ प्रश्न उत्पन्न होता है कि संज्ञासूत्रों को मिलने वाला यह नया क्रमांक स्वीकार करना कितना प्रामाणिक है। तो उसका समाधान यह है कि-**वृद्धिरादैच्** (१-१-१) जैसे संज्ञासूत्रों का अर्थ देखें तो अमुक संज्ञिन् की अमुक संज्ञा होती है, उतने से रूपसिद्धि का कोई कार्य नहीं होता है। दूसरे शब्दों में-संज्ञासूत्रों में अमुक संज्ञा होने के पश्चात् दूसरा कोई विधेयांश प्राप्त नहीं होता है। अतः संज्ञासूत्रों का विधिसूत्र के देश में गमन होने के पश्चात् ही, यदि वहाँ चारितार्थ्य होता हो तो उनको विधिसूत्रों के ही प्रदेश का गिनना स्वल्प भी अनुचित नहीं है, बल्कि यही युक्तिसंगत है।[१८]

५

परिभाषासूत्रों के विषय में यथोद्देशपक्ष और कार्यकालपक्ष का नागेश के मतानुसार चारितार्थ्य

कैयट के व्याख्यानानुसार परिभाषासूत्रों के विषय में यथोद्देश पक्ष इस प्रकार से सिद्ध होता है कि परिभाषासूत्रों के प्रदेश में ही **अष्टाध्यायी** के विभिन्न विधिसूत्रों को उपस्थित करके, उन विधिसूत्रों का संस्कार करा लिया जाता है तथा कार्यकाल पक्ष में परिभाषासूत्र अपने स्थान से निकलकर विधिसूत्रों के प्रदेश में जाकर उनका संस्कार करते हैं।

लेकिन दोनों पक्ष में ऐसे सर्वसामान्य व्याख्यान के साथ सम्मत होना संभव नहीं है ऐसा नागेश ने स्पष्ट रूप से कहा है। उनका कहना है कि-यथोद्देशपक्ष में परिभाषासूत्रों के प्रदेश में यदि सभी विधिसूत्रों को लाया जाय तो "वृक्षेभ्यः" जैसा इष्ट रूप ही सिद्ध नहीं होगा। क्योंकि वृक्ष + भ्यस् (चतुर्थी/पञ्चमी बहुवचन इस स्थिति में **सुपि च** (७-३-१०२) और **बहुवचने झल्येत्** (७-३-१०३) ऐसे दो विधिसूत्र अपने अन्दर आये हुए सप्तम्यन्त पदों 'सुपि' और 'झलि' का संस्कार कराने के लिए **'तस्मिन्निति निर्दिष्टे पूर्वस्य** (१-१-६६) जैसे परिभाषासूत्र के प्रदेश में जायेंगे, तो वे दोनों (१-१-६६) के प्रदेश के गिने जायेंगे और परिणामस्वरूप उनके बीच का

---

१७. **एवं तद्बोधोत्तरमेव विरोधप्रतिसन्धानं चेति तत्रत्यपरत्वमेव विप्रतिषेधसूत्रप्रवृत्तौ बीजम्। अत एव कार्यकालपक्षेऽयादिभ्यः परैव प्रगृह्यसंज्ञेत्यदसो मादिति सूत्रे भाष्ये उक्तम्।** (तत्रैव पृ. ४, ५.)

१८. यहाँ ऐसी भी शङ्का हो सकती है कि-संज्ञा सूत्र विधिसूत्रों के देश में जा सकते हैं, तो परिभाषासूत्र क्यों नहीं जा सकते हैं ? इसका समाधान देने के लिए नागेश ने "परिभाषासूत्र" एकदेशस्थ रहकर प्रकाश देनेवाले हैं "ऐसी भाष्योक्ति की ओर अङ्गुलिनिर्देश किया है ॥

पूर्वापर भाव नष्ट हो जायेगा, और बाद में बाध्यबाधक भाव भी उपस्थित नहीं होगा। इसके कारण कैयट का **"कार्यकालं परिभाषासूत्रम्"** का अर्थघटन स्वीकार करना भयावह और अनिष्टापत्तिजनक है।

यदि वृक्ष + भ्यस् में से 'वृक्षेभ्यः" ऐसा इष्ट रूप सिद्ध करना हो तो परिभाषासूत्रों को पतञ्जलि के सूचनानुसार 'एकदेशस्थ' मानकर परिभाषासूत्रों के अर्थ मात्र का स्मरण ही विधिसूत्रों के देश में होता है ऐसा मानना पड़ेगा जिसके कारण (७-३-१०२) के 'सुपि' पद का और (७-३-१०३) के 'झलि' पद का संस्कार भी प्राप्त होगा और उन दोनों सूत्रों का पूर्वापरभाव भी अपरिवर्त्य रहेगा। ऐसा होने से (७-३-१०३) सूत्र परत्व के हेतु से (७-३-१०२) का निषेध कर देगा, तो एत्व विधि होकर 'वृक्षेभ्यः' रूप बन जायेगा।

अब यह देखना होगा कि नागेश- [क] परिभाषासूत्रों के विषय में यथोद्देशपक्ष किस प्रकार सिद्ध करते हैं ? तो शिष्य जब **तस्मिन्निति निर्दिष्टे पूर्वस्य** (१-१-६६) जैसा परिभाषासूत्र सुनेगा तो तुरन्त पूछेगा कि इस परिभाषा का उपयोग = चारितार्थ्य कहाँ होगा ? तो गुरु उदाहरण रूप से **इको यणचि**। (६-१-७७) जैसे कतिपय विधिसूत्रों को उस परिभाषा के प्रदेश में (१-१-६६ में) उद्धृत करके उसका संस्कार कर दिखायेंगे। तब उस समय (उदाहरण रूप) इतने विधिसूत्रों के उपलक्ष्य में परिभाषा सूत्रों का बोध यथोद्देशपक्ष में हुआ, ऐसा कहा जायेगा।[१९]

अब प्रश्न उपस्थित होगा कि गुरु ने जिन विधिसूत्रों का उद्धरण परिभाषा के प्रदेश में नहीं किया है उनके विषय में क्या करना चाहिये ? अर्थात् उदाहरण रूप से जिन विधिसूत्रों को उद्धृत नहीं किया गया है, उन विधिसूत्रों के प्रदेश में जाकर, क्या परिभाषासूत्र उनका अर्थघटन कर दिखाते हैं ? इस सन्दर्भ में नागेश कहते हैं कि विधिसूत्रों के प्रदेश में परिभाषासूत्रों के अर्थ का स्मरण किया जाता है, (साक्षात् परिभाषासूत्रों को प्रकट रूप से विधिसूत्रों के प्रदेश में नहीं ले जाया जाता) और इस प्रकार से विधिसूत्रों का संस्कार कर लिया जाता है। ऐसा मानने के लिए दो प्रमाण हैं:-

१. कार्यकाल पक्ष में परिभाषासूत्रों के अर्थ को विधिसूत्रों के प्रदेश में ले जाया जाय तो भी कोई आपत्ति नहीं है। क्योंकि परिभाषा सूत्रों के अर्थ की बुद्धि विधि प्रदेश में की जाती है। ऐसा बोलने से वे (परिभाषासूत्र) वहाँ के नहीं हो जाते हैं। जैसे यदि कोई

---

१९. **केचित्तु परिभाषाविषये तस्मिन्नित्यादि...... वाक्यार्थबोधे सप्तमीनिर्देशादि क्वेति पर्यालोचनायां सकलतत्तद्विध्युपस्थितौ सकलतत्तत्संस्काराय गुणभेदं परिकल्प्यैकवाक्यतयैव नियमः (परिभाषेन्दुशेखरः पृ. २)**

व्यवसायी कार्यवशात् देशान्तर में जाय तो भी उस देश का नागरिक नहीं हो जाता है। वह तो अभिजनदेशीय (= उसके अपने देश का) ही गिना जाता है।[२०]

२. पतञ्जलि ने परिभाषासूत्रों की प्रवृत्ति के विषय में एक विधान किया है: **"परिभाषा पुनर् एकदेशस्था सती कृत्स्नं शास्त्रमभिज्वलयति प्रदीपवत्। तद्यथा–प्रदीपः सुप्रज्वलितः एकदेशस्थः सर्वं वेश्माभिज्वलयति।** (२-१-१ इत्यत्र महाभाष्यम्) इसमें परिभाषासूत्र तो दीपक की तरह एक ही प्रदेश में रहकर ही विधिसूत्रों का संस्कार करने वाले बने रहते हैं। जैसे दीपक को वस्तुओं के ऊपर प्रकाश फैलाने के लिए वस्तु के पास नहीं जाना पड़ता है बल्कि अपने स्थान में रहकर ही वह प्रत्येक वस्तु को प्रकाशित करता है।

(ख) लेकिन यदि ऐसी भाष्योक्ति को अक्षरशः अङ्गीकृत करके बैठे रहे तो परिभाषा के विषय में कार्यकाल पक्ष कदापि सिद्ध नहीं होगा क्योंकि परिभाषा को दीपक की भाँति एकदेशस्थ कहें तो वह अपना स्थान कभी भी नहीं छोड़ सकती। नागेश ने इस समस्या को निर्मूल करते हुए कहा है कि (यथोद्देश पक्ष में) तस्मिन्निति (१-१-६६) जैसे सपाद सप्ताध्यायीस्थ परिभाषासूत्रों के पास अपना संस्कार कराने के लिए त्रिपादीस्थ विधिसूत्र आ नहीं सकते हैं। उनके लिए इन परिभाषासूत्रों का कार्यकाल पक्ष सिद्ध रहेगा। अर्थात् जो त्रिपादीस्थ विधिसूत्र अपना संस्कार कराने के लिए सपाद सप्ताध्यायीस्थ परिभाषासूत्रों के पास जा नहीं सकते ऐसे विधिसूत्र अदृष्टपिशाचन्याय[२१] से सपाद सप्ताध्यायी के परिभाषासूत्रों (के अर्थों) को अपने पास खींच लाकर अपना संस्कार करा लेगा। इस प्रकार त्रिपादी के विधिसूत्रों के उपलक्ष्य में परिभाषासूत्रों का कार्यकालपक्ष सिद्ध हो जाएगा। ऐसा होने में **पूर्वत्रासिद्धम्** (८-२-१) किसी भी प्रकार से बाधक नहीं बनेगा ऐसा नागेश का कथन है। जैसे कि– त्रिपादीस्थ विधिसूत्र अपना संस्कार कराने के लिए सपाद सप्ताध्यायी के परिभाषासूत्रों के पास नहीं जा सकते, क्योंकि (८-२-१) के सूचनानुसार वह त्रिपादी पूर्वत्र (अर्थात् सपाद सप्ताध्यायी में) असिद्ध है। लेकिन पतञ्जलि का मत है कि वे सपाद सप्ताध्यायी के परिभाषा सूत्र तो यहाँ त्रिपादी में आए हैं अतः कोई परेशानी नहीं है। क्योंकि त्रिपादी सपाद सप्ताध्यायी में असिद्ध है, सपाद सप्ताध्यायी तो त्रिपादी में सिद्ध ही गिनी जाती है। ऐसा होने में कोई बाधक नहीं बन सकता है। इस प्रकार से त्रिपादी में आए कुछ विधिसूत्रों

---

२०. कार्यकाले तु तत्तद्विधिप्रदेशे परिभाषाबुद्ध्यैकवाक्यतेति। अत्रैकदेशस्थ इत्यनेन तत्र तत्र तद्बुद्धावपि तत्तद्देशस्थत्वं वारयति, यथा व्यवहर्तॄणां कार्यार्थम् अनेकदेशगमनेऽपि न तत्तद्देशीयत्वव्यवहारः, किन्त्वभिजनदेशीयत्व-व्यवहार एव, तद्वत्॥ (परिभाषेन्दुशेखरः पृ. ३)

२१. पिशाच जैसे स्वयं दिखाई नहीं पड़ता है, लेकिन अदृश्य रह कर किसी व्यक्ति को अपने पास खींच सकता है।

के लिए जिन परिभाषासूत्रों (के अर्थों) को कार्य में लिया जायेगा–उनके उपलक्ष्य में परिभाषासूत्रों के विषय में कार्यकाल पक्ष सुसंगत हो जायेगा।[२२]

नागेश कहते हैं कि इस प्रकार परिभाषासूत्रों के विषय में सिद्ध किए हुए कार्यकाल पक्ष को देख कर यदि किसी को शङ्का हो कि-**ङमो ह्रस्वादचि ङमुण् नित्यम्** ८-३-३२ जैसे त्रिपादीस्थ विधिसूत्र में प्रयुक्त पञ्चम्यन्त एवं सप्तम्यन्त पद (ह्रस्वाद् और अचि) का संस्कार कराने के लिए यदि सपाद सप्ताध्यायी के **तस्मिन्निति.** (१-१-६६) और **तस्माद् इत्युत्तरस्य** (१-१-६७) इन दो परिभाषा सूत्रों को ८-३-३२ के पास (अदृष्टपिशाच न्याय से) खींच लिया जाये तो वे दोनों परिभाषासूत्र एक ही विधिसूत्र (८-३-३२) के प्रदेश के गिने जाएंगे। परिणाम स्वरूप **"उभयनिर्देशे पञ्चमीनिर्देशो बलीयान्, परत्वात्"** ऐसा जो पतञ्जलि ने (१-१-६६) में कहा है वह असंगत बन जाएगा। क्योंकि अब (१-१-६६) और (१-१-६७) दोनों का क्रमांक (८-३-३२) बन गया होगा जिससे उनके बीच का पूर्वत्व एवं परत्व का भाव भी नष्ट हो जाएगा। इस प्रकार परिभाषा के विषय में कार्यकाल पक्ष केवल त्रिपादी में आए हुए विधिसूत्रों के उपलक्ष्य में ही सिद्ध होता है ऐसा कहने में उपर्युक्त भाष्योक्ति में विसंगति उत्पन्न हो जाने का भय उत्पन्न होता है।

इसका समाधान करते हुए नागेश ने कहा है कि सूत्रों के बीच पूर्वत्व-परत्व का निर्णय करने के लिए और **विप्रतिषेधे परं कार्यम्** (१-४-२) की प्रवृत्ति करने के लिए तो हमेशा **अष्टाध्यायी** में जिस क्रम से सूत्रों का पाठ किया है उस ही क्रम का आश्रय करना है।[२३] क्योंकि कार्यकालपक्ष का आश्रयण करने से किसी परिभाषासूत्र का **अष्टाध्यायी** क्रमांक बदलता नहीं है। बल्कि परिभाषा सूत्र स्वयं अचेतन है अर्थात् वे स्वयं प्रदेश छोड़कर विधिसूत्रों के प्रदेश में नहीं जा सकते हैं। अथवा हमारे (उन सपाद सप्ताध्यायी के) परिभाषासूत्रों के अर्थ का वहीं (विधिसूत्रों के प्रदेश में) स्मरण करने से भी वे अपने स्थान का त्याग करने वाले नहीं हैं। इसलिए ही पतञ्जलि ने उन परिभाषासूत्रों को 'एकदेशस्थ' रहकर सम्पूर्ण शास्त्र के सभी विधिसूत्रों को प्रकाशित करने वाला कहा है।[२४]

---

२२. **अत एव पूर्वत्रासिद्धमिति सूत्रे भाष्ये त्रिपाद्या असिद्धत्वात्तत्र सपादसप्ताध्यायीस्थपरिभाषाणामप्रवृत्तिम् आशङ्क्य यद्यपीदं तत्रासिद्धं तत्त्विह सिद्धम् इति उक्त्वा तावताऽप्यसिद्धिरित्यभिप्रायके कथमिति प्रश्ने कार्यकालं संज्ञापरिभाषं, यत्र कार्यं तत्रोपस्थितं द्रष्टव्यम् इत्युक्तम्। (परिभाषेन्दुशेखरः पृ. ६).**

२३. **न च कार्यकालपक्षे ङमो ह्रस्वाद् इत्यादौ तस्मादित्युत्तरस्य तस्मिन्निति निर्दिष्टे पूर्वस्येति परिभाषाद्वयोपस्थितौ परत्वादुभयनिर्देशे पञ्चमीनिर्देशो बलीयान् इति तस्मिन्निति सूत्रस्थभाष्यासङ्गतिः। उभयोरेकदेशस्थत्वेन परत्वादित्यस्यासङ्गत्यापत्तेः। स्पष्टं चेदमिको गुणेत्यत्र कैयट इति वाच्यम्॥ विप्रतिषेधसूत्रेऽष्टाध्यायीपाठकृतपरत्वस्याश्रयणेनादोषात्। (परिभाषेन्दुशेखरः, पृ.६)**

२४. **न हि कार्यकालपक्ष इत्येतावता तदपैति। पक्षद्वयेऽपि प्रदेशेषु स्वबुद्धिजननेनाविशेषात्। न हि तत्पक्षेऽप्यचेतनस्य शास्त्रस्य स्वदेशं विहाय तद्देशगमनं सम्भवति। नाप्यस्मदादिबुद्धिजननेन स्वदेशत्यागो भवति। अत एव भाष्ये एकदेशस्थस्यैव सर्वशास्त्राभिज्वालकत्वमुक्तम्॥ (परिभाषेन्दुशेखरः पृ. ६)**

निष्कर्ष

(१) यथोद्देशं संज्ञासूत्रम्

'एकसंज्ञा' अधिकार (१-४-१ से २-२-३८) में आई हुई 'भ', 'पद' इत्यादि संज्ञाओं का विधान करने वाले सूत्रों के विषय में ही यथोद्देशपक्ष माना जाता है। उदाहरण रूप से 'राज्ञः'। (ये एकसंज्ञाधिकार की संज्ञाएँ कदापि अपना स्थान छोड़कर विधिसूत्रों के प्रदेश की नहीं बनती हैं।)

(२) कार्यकालं संज्ञासूत्रम्

एकसंज्ञाधिकार से बहिर्भूत सभी संज्ञाओं (जैसे– प्रगृह्यादि संज्ञाओं) के विषय में केवल कार्यकालपक्ष माना जाता है। तदनुसार संज्ञासूत्र विधिसूत्रों के देश के गिने जाते हैं। यथा– गङ्गे + अमू। जहाँ 'अय्' इत्यादि आदेशों की अपेक्षा से प्रगृह्यसंज्ञाओं को 'पर' कहा गया है।

(३) यथोद्देशं परिभाषासूत्रम्

परिभाषासूत्र तो स्वयं 'एकदेशस्थ' रहकर, अपने अर्थों का विधिसूत्रों के प्रदेश पर स्मरण दिला कर, सर्वशास्त्र को अभिज्वलित (प्रकाशित) करते हैं। इस दृष्टि से तो सभी परिभाषासूत्रों को केवल यथोद्देशपक्ष का ही माना जाता है। (दूसरे शब्दों में कहें तो विधिसूत्र कदापि परिभाषासूत्र के प्रदेश में नहीं जाते है। अन्यथा 'वृक्षेभ्यः' जैसे रूप की सिद्धि नहीं हो सकेगी॥

(4) कार्यकालं परिभाषासूत्रम्

